■ वर्ष-23 ■ अंक-154
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)

■ मंगलवार ■ 21 जुलाई 2026

आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

दैनिक

# समय जगत



दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'

Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें

www.dainiksamayjagat.in

# विधानसभाः कांग्रेस विधायकों ने उठाया खेती का मुद्दा

## मंत्री गोविंद राजपूत ने कहा- किसानों को मिल रहा है पर्याप्त खाद- बीज

**समय जगत, भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायक मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुखौटे लगाकर विधानसभा पहुंचे। विधायकों का आरोप है कि राज्य में न तो किसानों की सुनी जा रहा है और न ही बेरोजगार युवाओं की।

मुखौटे लगाए कांग्रेसियों ने गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सीएम मोहन यादव दोनों फाइल-फाइल खेल रहे हैं। किसानों की किसी को चिंता नहीं है। मध्य प्रदेश का किसान परेशान है। समय पर न खाद मिल रही है, न बीज मिल रहा है। महिदपुर



विधायक दिनेश जैन मुख्यमंत्री का मुखौटा पहनकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने कहा- हम वास्तविक मुद्दे उठाना चाहते हैं। आज स्टूडेंट परेशान हैं। किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हैं। रोजगार नहीं मिल रहा है। मध्य प्रदेश में शराब और भू-माफिया का राज है। इस वास्तविकता को हम सदन के अंदर दिखाना चाहते हैं। कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने कहा- आज लोगों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की जरूरत है। सरकार केवल जनता के दिमाग को डायवर्ट करने का काम कर रही है।

जनता के मुद्दे सरकार सुन क्यों नहीं रही है? जोबट विधायक सेना पटेल ने कहा- किसान आज सड़कों पर हैं। उन्हें न तो खाद-बीज मिल रहे हैं, न ही एमएसपी। केन-बेतवा प्रोजेक्ट के प्रभावित परेशान हैं। वे पानी के अंदर अर्थियों पर लेटे हैं। भ्रष्टाचार चरम पर है। बीजेपी सरकार हर मुद्दे पर फेल साबित हो रही है।

### विधायकों में तीखी बहस

महिदपुर विधायक दिनेश जैन मुख्यमंत्री का मुखौटा पहनकर विधानसभा पहुंचे। उन्होंने कहा- हम वास्तविक मुद्दे उठाना चाहते हैं। आज स्टूडेंट परेशान हैं। किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हैं। रोजगार नहीं मिल रहा है। मध्य प्रदेश में शराब और भू-माफिया का राज है। इस वास्तविकता को हम सदन के अंदर दिखाना चाहते हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा- खाद का थोड़ा सा संकट युद्ध के कारण आया है। मैं खुद एक किसान हूं, सबको पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज मिल रहे हैं। विपक्ष चाहे शेर का मुखौटा पहनकर आए या बकरी और गीदड़ का, इससे कुछ होने वाला नहीं है। केन बेतवा लिंक परियोजना को लेकर चल रहे विरोध पर बिजावर विधायक राजेश शुक्ला ने कहा- यह राजनीतिक प्रदर्शन है। वहां की सच्चाई किसने देखी नहीं है? एक ही परिवार बता दो कि जो बिना मुआवजे के विस्थापित हुए हों। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा- बीजेपी किसानों के कल्याण की बात, किसानों के सम्मान की बात करती है, कांग्रेस के नेता केवल नौटंकी करते हैं।

# धैर्य, आत्मविश्वास और परिश्रम से सफलता हासिल कर रहे हैं युवा : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री ने एक्स पर शेयर किया सुभाषित



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर सोमवार को सुभाषित शेयर किया जिसमें लिखा कि आज हमारे युवा साथी धैर्य, आत्मविश्वास और अथक परिश्रम से ऐतिहासिक सफलता हासिल कर रहे हैं। यही विकसित हो रहे भारत की सबसे बड़ी ताकत है। पीएम मोदी ने संस्कृत श्लोक, प्राप्यापदं न व्यथते कदाचिदुद्योगमन्विच्छति चाप्रमत्तः। दुःखं च काले सहते महात्मा धुरन्धरस्तस्य जिताः सपत्नाः॥ भी साझा किया है, जिसका हिंदी में अर्थ है कि जो मनुष्य संकट के समय कभी विचलित नहीं होता, बल्कि धैर्य, कुशलता और सावधानी के साथ उससे बाहर निकलने का प्रयास करता है और समय आने पर दुखों को भी सहजता से सहन करता है, वह अंततः कभी पराजित नहीं होता, बल्कि विपरीत परिस्थितियों पर भी विजय हासिल करता है। इससे पहले पीएम मोदी ने 17 जुलाई को सुभाषित शेयर करते हुए लिखा था- आज भारत को पहली हाइड्रोजन ट्रेन मिलने का सपना साकार होने जा रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत और सतत विकास की दिशा में एक बड़ा दिन है। मैं इससे जुड़े सभी लोगों को बहुत बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने संस्कृत श्लोक, प्रभूतं कार्यमल्पं वा यन्नरः कर्तुमिच्छति। सर्वारम्भेण तत् कार्यं सिंहादेकं प्रचक्षते।। भी साझा किया था। जिसका हिंदी अर्थ है कि चाहे कार्य बहुत बड़ा हो या छोटा- जिसे मनुष्य करना चाहता है, उस पूर्ण समर्थन या नए उत्साह के साथ करना चाहिए, यही एक गुण सिंह से सीखने योग्य है।

### जगन्नाथ महाप्रभु को किया प्रणाम

पीएम मोदी की ओर से 16 जुलाई को जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर सुभाषित साझा किया गया था। उन्होंने लिखा था- महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के पावन अवसर पर मेरी कामना है कि उनका आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। उनकी दिव्य कृपा से सभी देशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार हो। पीएम ने संस्कृत श्लोक, देवदेव जगन्नाथ सुरासुरनमस्कृत। पुण्यश्लोकाव्ययानन्त परमात्मन्नमोऽस्तु ते॥ शेयर किया था, जिसका हिंदी अर्थ है कि देवताओं के भी देव और संपूर्ण जगत के स्वामी भगवान जगन्नाथ की देवताओं से लेकर समस्त प्राणी श्रद्धापूर्वक उपासना करते हैं। उनका यश पवित्र एवं कल्याणकारी है। वे अविनाशी अनंत तथा समस्त प्राणियों के हृदय में विराजमान परमात्मा हैं। ऐसे भगवान जगन्नाथ को बार-बार नमस्कार है।

## मुख्यमंत्री ने ली गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजन की तैयारियों की बैठक

# गुरु पूर्णिमा पर प्रदेश में मनाया जाएगा महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व : मुख्यमंत्री

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुरुजन सदैव पूजनीय है, वंदनीय हैं। गुरु ही हमें गु (अज्ञान के अंधकार) से रु (ज्ञान-विज्ञान की रश्मि/प्रकाश) की ओर ले जाते हैं। गुरु पूर्णिमा अपने गुरुजनों की सेवा, वंदना और उनका शुभाशीष पाने का प्रमुख उत्सव है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के उद्देश्यों को बढ़ावा देते हुए पुरातन भारतीय ज्ञान परम्परा तथा भारतीय गुरु-शिष्य परम्परा के आदर्शों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाली गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशव्यापी महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व का आयोजन किया जाये। इसमें स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा विभाग के साथ-साथ निजी शिक्षण संस्थानों तथा खेल, नाटक, चित्रकला, संगीत एवं अन्य कला संस्थानों की भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवारको मध्यप्रदेश विधानसभा के समिति कक्ष क्रमांक-1 में आगामी गुरु पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभी प्रदेश में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा चल रहा है। प्रदेश में जितने भी सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण होना शेष है, उनका लोकार्पण गुरु पूर्णिमा से पहले करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि सांदीपनि योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के गुरु थे। उन्होंने तत्समय अमीर और गरीब सभी छात्रों को पढ़ाकर राष्ट्र भक्ति का परिचय दिया। वहीं देश में गुरुकुल शिक्षा पद्धति को व्यवस्थित करने में प्रभावी योगदान दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महर्षि सांदीपनि के जीवन चरित्र एवं गुरुकुल शिक्षा पद्धति के प्रसार में उनके वैशिष्ट्य और योगदान पर केंद्रित एक लघु पुस्तिका (10-20 पृष्ठों की) का प्रकाशन करायें और सभी विद्यालयों में वितरित करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस?थाओं में गुरू पूजन आयोजन किया जाये। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष विद्यालयों में मनाये जाने वाले मित्रता दिवस पर श्रीकृष्ण-सुदामा के जीवन चरित्र के बारे में बताया जाये। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरु पूर्णिमा को महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व के रूप में मनाकर व्यापक एवं गरिमामय आयोजन किया जाए, जिससे नई पीढ़ी भारतीय ज्ञान परम्परा और गुरु-शिष्य परम्परा के आदर्शों से प्रेरित हो सके। उन्होंने कहा कि इसे जनभागीदारी का उत्सव बनाया जाए, जिससे विद्यार्थियों और युवाओं में अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति आस्था सुदृढ़ हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के साथ-साथ निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों को भी इस आयोजन से जोड़ने के निर्देश दिए।



### शिवशेखर शुक्ला ने दी जानकारी

अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग श्री शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि गुरु पूर्णिमा (29 जुलाई) के दिन शैक्षणिक संस्थाओं में होने वाले कार्यक्रमों में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना, गुरुजनों का स्वागत-सत्कार-सम्मान, व्याख्यान/उद्बोधन, छात्र-शिक्षक संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस?थान विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के लिए दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा ही किए जायें, ऐसे निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा और महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व के आयोजन से समाज की भी सक्रिय सहभागिता के प्रयास किए जा रहे हैं।

# विकसित देशों में अकेले रहने वाली महिलाओं की लगातार बढ़ रही संख्या



**वॉशिंगटन।** विकसित देशों में बिना शादी और बिना बच्चों के जीवन बिताने वाली महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि आज की कई महिलाएं विवाह को अनिवार्यता नहीं, बल्कि व्यक्तिगत पसंद का विषय मान रही हैं और करियर, आत्मविकास, आर्थिक स्वतंत्रता तथा अपनी पसंद की जीवनशैली को अधिक महत्व दे रही हैं। प्यू रिसर्च सेंटर, अमेरिकी जनगणना ब्यूरो और मॉर्गन स्टेनली की विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार अमेरिका और अन्य विकसित देशों में अकेले रहने वाली महिलाओं के घरों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आंकड़े बताते हैं कि बड़ी संख्या में महिलाएं पहले की तुलना में अधिक उम्र में विवाह कर रही हैं, कम बच्चे पैदा कर रही हैं या फिर मातृत्व का विकल्प ही नहीं चुन रही हैं। इस बदलाव के पीछे उच्च शिक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता, बेहतर रोजगार के अवसर, बढ़ती औसत आयु और बदलती सामाजिक सोच प्रमुख कारण हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली महिलाएं पहले अपने करियर और आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दे रही हैं।

### स्वतंत्र जीवन जीने को उत्साहित हैं महिलाएं

कई महिलाएं स्वयं घर खरीद रही हैं, वाहन चला रही हैं और स्वतंत्र रूप से जीवनयापन कर रही हैं। ऐसे में विवाह अब उनके लिए आवश्यकता के बजाय व्यक्तिगत निर्णय बन गया है। कई महिलाओं का मानना है कि यदि उपयुक्त जीवनसाथी नहीं मिलता या संबंध तनावपूर्ण हो सकते हैं, तो अकेले रहना बेहतर विकल्प है। यह प्रवृत्ति केवल अमेरिका और यूरोप तक सीमित नहीं है। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में भी विवाह और जन्म दर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इन देशों में सिंगल सोसाइटी की अवधारणा पर व्यापक चर्चा हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि कम जन्म दर के कारण भविष्य में वृद्ध आबादी का अनुपात बढ़ सकता है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ने की संभावना है।

# सोना बनाने वाला बैक्टीरिया बना वैज्ञानिकों के लिए आकर्षण केंद्र

**बर्लिन।** जर्मनी के वैज्ञानिकों ने एक ऐसे सूक्ष्मजीव की कार्यप्रणाली का अध्ययन किया है, जो विषैले धातु यौगिकों को शुद्ध सोने के सूक्ष्म कणों में बदलने की क्षमता रखता है। यह बैक्टीरिया वैज्ञानिकों के लिए आकर्षण केंद्र बन गया है। शोधकर्ताओं का मानना है कि यह खोज भविष्य में पर्यावरण-अनुकूल खनन तकनीक विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। हालांकि विशेषज्ञ स्पष्ट करते हैं कि यह बैक्टीरिया सामान्य अर्थों में सोना बनाता नहीं है, बल्कि पहले से मौजूद घुले हुए स्वर्ण यौगिकों को रासायनिक रूप से परिवर्तित कर ठोस सोने के कणों के रूप में जमा करता है। यह अध्ययन जर्मनी की मार्टिन लूथर विश्वविद्यालय और टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ म्यूनिख के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। शोध का केंद्र क्यूप्रियाविडस मेटालिड्यूरान्स नामक बैक्टीरिया है, जो भारी धातुओं से भरपूर और विषैले वातावरण में भी जीवित रह सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह सूक्ष्मजीव तांबा और सोने जैसे धातु यौगिकों की अधिक मात्रा वाले क्षेत्रों में विशेष रूप से सक्रिय रहता है।



# ईरान गये लोगों के लिये जारी की एडवाइजरी

## केन्द्र सरकार ने कहा- तत्काल वापस आएं स्वदेश

**नई दिल्ली।** ईरान और अमेरिका के बीच एक बार फिर भड़की युद्ध की आग ने पूरे पश्चिम एशिया में सुरक्षा हालात को गंभीर बना दिया है। अमेरिका पिछले सप्ताह से लगातार ईरान पर हमलावर है, और जवाब में ईरान खाड़ी देशों को निशाना बना रहा है, जिससे तनाव अपने चरम पर पहुँच गया है।

इस बिगड़ती स्थिति को देखते हुए, भारत सरकार ने एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। भारत ने अपने नागरिकों के लिए एक सख्त एडवाइजरी जारी करते हुए उन्हें ईरान की यात्रा न करने की सलाह दी है। इसके साथ ही, फिलहाल ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों से भी जल्द से जल्द वहां से बाहर निकलने की अपील की गई है, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी इस ट्रैवल एडवाइजरी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों में पूरे ईरान में अस्थिरता और हिंसा की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ऐसे माहौल में किसी भी उद्देश्य से यात्रा करना अत्यंत खतरनाक हो सकता है। भारतीय दूतावास ने किसी भी उद्देश्य से ईरान जाने की योजना बना रहे भारतीय नागरिकों को साफ तौर पर हिदायत दी है कि जब तक सुरक्षा माहौल में उल्लेखनीय सुधार नहीं हो जाता, वे अपनी यात्रा स्थगित कर दें।



### विपरीत परिस्थितियों से बचें

जो भारतीय नागरिक पहले से ही ईरान में मौजूद हैं, उनके लिए दूतावास ने विशेष अपील जारी करते हुए कहा है कि वे उपलब्ध कमर्शियल फ्लाइट्स का इस्तेमाल कर वहां से सुरक्षित बाहर निकलने की कोशिश करें। इसके अलावा, दूतावास ने ऐसे भारतीय नागरिकों के लिए भी विस्तृत एडवाइजरी जारी की है जो अब भी ईरान में ही रुकने की योजना बना रहे हैं, या जिनके लिए मौजूदा परिस्थितियों में ईरान से निकलना संभव नहीं है।

**व्यवस्था** ▶ आवश्यकतानुसार डायवर्ट होगा ट्रैफिक

# मॉनसून सत्र के चलते दिल्ली पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मॉनसून सत्र को देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने लोगों के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक संसद सत्र में रफी मार्ग, मोतीलाल नेहरू मार्ग, मौलाना आज़ाद रोड, के कामराज मार्ग, रायसीना रोड, राजेंद्र प्रसाद रोड, पार्लियामेंट स्ट्रीट, अशोका रोड, तालकटोरा रोड, पंडित पंत मार्ग और रकाबगंज गुरुद्वारा रोड पर ट्रैफिक का दबाव सबसे ज्यादा रहेगा। इन सड़कों पर समय-समय पर सुरक्षा कारणों से ट्रैफिक को रोका जा सकता है या डायवर्ट किया जा सकता है, ऐसे में इन मार्गों का उपयोग केवल बेहद जरूरी होने पर ही करने की सलाह दी है। इसके अलावा कई अहम चौराहों और राउंडअबाउट



पर भी ट्रैफिक प्रभावित रहेगा। इनमें विजय चौक, बोट क्लब, रेल भवन राउंडअबाउट, सुनहरी मस्जिद राउंडअबाउट, पटेल चौक राउंडअबाउट, बूटा सिंह राउंडअबाउट, प्राइम चौक राउंडअबाउट, जीआरजी राउंडअबाउट और जलेबी चौक राउंडअबाउट शामिल हैं. इन इलाकों में सुरक्षा जांच, वीआईपी काफिलों की आवाजाही और ट्रैफिक डायवर्जन के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी रह सकती है। ऐसे में इन रास्तों का इस्तेमाल करने वाले अतिरिक्त समय लेकर निकलें।

ट्रैफिक पुलिस ने लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई वैकल्पिक मार्ग भी सुझाए हैं। यदि संभव हो तो लोग जनपथ, मान सिंह रोड, अकबर रोड, तीन मूर्ति मार्ग, शांति पथ, मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद रोड, कमाल अतातुर्क मार्ग, पंचशील मार्ग, विनय मार्ग, कनॉट प्लेस का आउटर सर्किल, बाबा खड़क सिंह मार्ग, आरएमएल राउंडअबाउट, मदर टेरेसा क्रेसेंट रोड, 11 मूर्ति और सरदार पटेल मार्ग का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड पर

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि मॉनसून सत्र के दौरान सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इसलिए हालात के मुताबिक किसी भी समय ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया जा सकता है। जरूरत पड़ने पर कुछ मार्गों पर अस्थायी रूप से ट्रैफिक रोका जा सकता है या डायवर्ट किया जा सकता है। दिल्ली के जंतर-मंतर से कॉकरोच जनता पार्टी के मार्च के ऐलान के बाद भी दिल्ली पुलिस अलर्ट है। पुलिस ने सलाह दी है कि जो लोग नई दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली या संसद भवन के आसपास के इलाकों में काम करते हैं, वे घर से निकलने से पहले ट्रैफिक की स्थिति जरूर देख लें।

# जिले में हो रही बारिश के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने किया जन मानस से आह्वान, नदी/डैम किनारे ना जाएं

## आपदा को रोका तो नहीं जा सकता लेकिन एप से मिली पूर्व चेतावनी से बचा जरूर जा सकता है : जिलाधिकारी



**समय जगत, झांसी।** देशभर के साथ ही जनपद में हो रही भारी बारिश के बीच गृह मंत्रालय,जल शक्ति मंत्रालय और मौसम विभाग ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को ष्सचेत ऐपष् डाउनलोड किए का निर्देश दिए गए ताकि प्रभावित क्षेत्रों में बिजली गिरने से होने वाली जनहानि और आर्थिक क्षति की संभावना कम किया जा सके।

जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने कलक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान जनपद के समस्त अधिकारियों को बताया कि सचेत ऐप मौसम विभाग की ओर से तैयार किया गया एक मोबाइल ऐप है। इसे प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है, यह बिजली गिरने से लोगों को सावधान करने के लिए भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन भारतीय ऊष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे द्वारा विकसित किया है।

जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने जनपद में लगातार हो रही बारिश के दृष्टिगत नदी के किनारे बसे गांवों को सतर्क रहने की हिदायत दी। उन्होंने ऐसे गांव जो नदी किनारे और पानी के तेज बहाव की स्थिति में प्रभावित होने वाले हैं वहां के ग्राम प्रधान, ग्राम निगरानी समिति, लेखपाल, सचिव सहित अन्य सभी को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी लोग पूर्ण सतर्क रहते हुए नदी के बढ़ते जल स्तर पर सतत् दृष्टि बनाए रखें और लगातार लोगों को जानकारी देते रहे। उन्होंने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर जाकर निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि नदी के किनारे ना जाए उन्होंने ऐसे स्थलों पर जहां पानी की गहराई अधिकतम है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ऐसे स्थानों पर सतत् दृष्टि बनाए रखे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे गांव जहां नदी,नाले एवं पोखरों में जलस्तर बढ़ने से सड़कों पर पानी आ जाने के कारण गांव का सम्पर्कध्आवागमन बाधित होता है तो ऐसे गांव की जानकारी तत्काल मुख्यालय पर उपलब्ध कराएं।

उन्होंने ताकीद करते हुए कहा कि नदी किनारे बसे गांव में गोताखोर तथा नाव की व्यवस्था सुनिश्चित करा लें, उन्होंने कहा कि नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण किसी भी व्यक्ति को कोई परेशानी नहीं होना चाहिए आप लोग निरंतर क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे,कहीं पर कोई समस्या हो तो तत्काल अवगत कराया जाए।

जिलाधिकारी ने भारी बारिश के दौरान वज्रपात की स्थिति लगातार उत्पन्न होती है ऐसे में क्या करें,यह भी बताया। आकाशीय बिजली गिरने पर बचाव कैसे करें, इस बारे में एवं सुरक्षा के उपाय के अलावा प्राथमिक चिकित्सा संबंधी जानकारी भी दी। बिजली गिरने की घटना इंसानों और मवेशियों के लिए घातक होती है, इसे रोका तो नहीं जा सकता, लेकिन इससे बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिजली गिरने की स्थिति के बारे में जागरूकता बहुत जरूरी है,ष्सचेत ऐपष् के माध्यम से इसका पूर्वानुमान लग जाता है और ऐसे में लोगों के पास पर्याप्त समय होता है कि वे सुरक्षित जगह पर चले जाएं, यानी सतर्क होकर जानमाल की क्षति से समय रहते बचा जा सकता है।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि अगर आपके इलाके में बिजली गिरने वाली है तो दामिनी ऐप आपको पहले ही चेतावनी देकर सावधान कर देगा। ऐसे में बिजली से बचने के लिए खुले खेतों, पेड़ों के नीचे, पहाड़ी इलाकों, चट्टानों के आसपास बिल्कुल न रुकें। धातुओं के बर्तन धोने से बचें और नहाने से ?तो बिल्कुल ही बचें। बारिश से बचें और जमीन पर जहां पानी जमा हो, वहां भी खड़े न रहें। छाते का कतई इस्तेमाल न करें। बिजली के हाइटेंशन तारों और टावर से दूर रहें। घर के अंदर चले जाएं। अगर कहीं बाहर हों और घर जाना संभव न हो तो खुली जगह पर ही कान बंद कर घुटनों के बल बैठ जाएं। खतरा टलने पर घर चले जाएं।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा आकाशीय विद्युत गिरने से होने वाली घटनाओं से बचाव हेतु दिशा निर्देश निर्गत किए गए हैं विद्युत चलित के समय निकट की किसी बिल्डिंग में आश्रय ले खुले क्षेत्र में किसी ने की जगह पर जाएं जैसे कि खड्डा या घाटी और यदि आप खुले में हैं और अलग-अलग पेड़ हैं उनकी ऊंचाई से दुगनी दूरी पर जमीन पर लेट जाएं। उन्होंने कहा जब तड़ित की आवाज सुनाई दे तो बाहर कतई ना जाएं।

उन्होंने कहा कि तूफान के दौरान टेलीफोन का प्रयोग ना करें बिजली बाहर के टेलीफोन लाइनों से टकरा सकती है। इसके अतिरिक्त हेयर ड्रायर, इलेक्ट्रिक टूथब्रश, इलेक्ट्रिक रेजर, प्लग इन बिजली के उपकरणों का उपयोग न करें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिया बूथ जीतो, चुनाव जीतो का मूलमंत्र

## 22 तारीख को झांसी विधानसभा का पंडित दीनदयाल सभागार एवं बबीना विधानसभा का खैलार ऊषा मैरिज गार्डन में होगा बूथ सम्मेलन

### - पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित होगा बूथ सम्मेलन



**समय जगत, झांसी।** भारतीय जनता पार्टी झांसी विधानसभा का बूथ सम्मेलन 22 तारीख को बबीना विधानसभा का सम्मेलन ऊषा मैरिज गार्डन खेलार ,झांसी विधानसभा पंडित दीनदयाल सभागार में आयोजित होने जा रहा है। बूथ सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने और प्रत्येक बूथ से शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए भाजपा ने अपनी ताकत झोंक दी है। भाजपा जिला कार्यालय पर दोपहर 1 बजे जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण और वृहद तैयारी बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत हमारे बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। हमें मंडल स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करना है तथा सरकार की पूर्व जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पूरी मजबूती के साथ सुदृढ़ करना है।

शत-प्रतिशत सहभागिता की रणनीति जिलाध्यक्ष ने सभी मंडल अध्यक्षों, सेक्टर प्रवासियों, सेक्टर प्रभारियों और सेक्टर संयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2और बूथ पालकों को एकत्रित कर कार्यक्रम स्थल तक लाने की व्यवस्था सौंपी। साथ ही पूर्व निर्धारित संगठनात्मक रचना को व्यवस्थित रूप से धरातल पर लागू करने का मूलमंत्र दिया।

तैयारी बैठक के दौरान मंच पर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह के साथ ,जिला उपाध्यक्ष रानू देवलिया,जिला मंत्री मीनू राजावत मंचासीन रहे। झांसी विधानसभा का कार्यक्रम पंडित दीन दयाल सभागार मै 3 बजे से आयोजित होगा , बबीना विधानसभा का कार्यक्रम ऊषा मैरिज गार्डन खेलार मै सुबह 11 बज से आयोजित होगा ।कार्यक्रम का सुचारू समापन राष्ट्रगान श्जन गण मनश् के साथ हुआ ।

इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप सेरू

जिला उपाध्यक्ष मनु सिंह,अभिषेक जैन ,कपिल बिरसेनिया , ममता साहू ,विनीत खटीक,संजीव अग्रवाल, अंकित राजा यादव, प्रियांशु डे,ऋषि सैनी ,दिलीप पुरी ,अनिरुद्ध दुबे, मोहित पोरवाल ,शैलेंद्र परमार , मंगल श्रीवास्तव, विजय शिवहरे मोनू ,नूपुर पाठक , वैष्णवी ठाकुर,श्वेता नामदेव, प्रतिमा कुलकर्णी,हेमंत पांचाल ,कमलेश परिहार आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिक परिसंघ की केंद्रीय कार्यकारी समिति की दो दिवसीय बैठक

## वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर की चर्चा एवं विचार विमर्श



**समय जगत, झांसी।** भारतीय मजदूर महासंघ द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के तत्वावधान में श्केंद्रीय कार्यकारी समितिश् की दो दिवसीय बैठक में देश भर के विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की। शनिवार और रविवार को स्थानीय होटल में आयोजित बैठक में देश भर के वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। दिसंबर 2025 में हुबली (कर्नाटक) में हुई पिछली बैठक के बाद से अब तक की प्रगति की समीक्षा के साथ ही हैदराबाद (तेलंगाना) में 3 और 4 अक्टूबर 2026 को होने वाली अगली बैठक के लिए लक्ष्य भी तय किए गए। वक्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए इस संगठन का गठन किया है। भारत में वरिष्ठ नागरिकों की जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है। सर्वेक्षण के अनुसार, दिसंबर 2024 के अंत तक वरिष्ठ नागरिकों की जनसंख्या लगभग 14.90 करोड़ थी। जिसमें महिलाओं की जनसंख्या 52 प्रतिशत है, जबकि पुरुषों की जनसंख्या 48 प्रतिशत है। इसी प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में भी जनसंख्या शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक है।

भारत में वरिष्ठ नागरिकों को जिन मुख्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वे परिवार, समाज, आर्थिक स्थिति, स्वास्थ्य और सबसे महत्वपूर्ण रूप से अकेलेपन से संबंधित हैं। एक एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, वरिष्ठ नागरिकों की कुल आबादी का लगभग 70 प्रतिशत मानसिक तनाव से ग्रस्त है। यह संगठन मुख्य रूप से इसी समस्या से संबंधित है।

वीएनपी ने 19 और 20 मार्च 2025 को जयपुर में आयोजित अपने अखिल भारतीय सम्मेलन में पारित विभिन्न प्रस्तावों में सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेलवे टिकट बुकिंग में छूट बहाल करना,सीनियर सिटिजन पर तेज महंगाई, कीमतों में बढ़ोतरी और ब्याज दरों का असर,सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई), जिसे आयुष्मान भारत के नाम से भी जाना जाता है, पर चर्चा, ईपीएस 95 योजना के अंतर्गत आने वाले सेवानिवृत्तों को दी जाने वाली पेंशन से संबंधित मामले, भारत सरकार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए फोटो पहचान पत्र जारी करने आदि हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया गया कि वह इन मांगों पर ध्यान दें, मानवता के आधार पर यथाशीघ्र विचार किया जाए,क्योंकि ये समस्याएं वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित हैं। वक्ताओं ने कहा कि विभिन्न मांगों पर विचार एवं समस्याओं के समाधान हेतु लम्बे समय से सरकार से लगातार अनुरोध किया जा रहा है और आगे भी प्रयास जारी रहेंगे।हैदराबाद (तेलंगाना) में 3 और 4 अक्टूबर 2026 को होने वाली अगली बैठक के लिए लक्ष्य तय करने के संकल्प के साथ बैठक का समापन किया गया।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि रमन,राष्ट्रीय महामंत्री चन्द्र कांत देशपांडे,बीएमएस सचिव अशोक कुमार, प्रदेश अध्यक्ष राधे कृष्ण तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष विश्वेश्वर राय, संगठन मंत्री ओपीएन तिवारी, प्रदेश महामंत्री संतराम वर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीपी सोनी एड.,केपी पांडेय एवं भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष मैथिलीशरण मुदगिल आदि मौजूद रहे।

# समृद्धि पुरोहित ने नीट यूजी 2026 में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया



**समय जगत, बरुआसागर।** बरुआसागर के सनौरा मोहल्ला निवासी समृद्धि पुरोहित ने नीट यूजी 2026 में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। समृद्धि ने पहले ही प्रयास में नीट क्वालिफाई करते हुए ऑल इंडिया रैंक 4093 हासिल की है। उनकी सफलता से परिवार सहित पूरे बरुआसागर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

समृद्धि ने इसी वर्ष 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के साथ नीट यूजी 2026 की परीक्षा भी पास की है। उन्होंने प्रारंभिक एवं स्कूली शिक्षा सजदेवा इंटर कॉलेज, रायपुर से प्राप्त की। नीट की तैयारी के दौरान उन्होंने पढ़ाई पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित रखा और सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। समृद्धि ने कोचिंग के माध्यम से तैयारी की और नियमित अध्ययन को अपनी सफलता का आधार बनाया।

समृद्धि ने बताया कि नीट की तैयारी के दौरान उनकी मां डॉ. सुषमा पुरोहित ने उन्हें लगातार प्रेरित किया और मनोबल बढ़ाया। परिवार के सहयोग और माता-पिता के मार्गदर्शन से उन्होंने पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखी। उनका कहना है कि सफलता के लिए मेहनत के साथ लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखना जरूरी है।

समृद्धि के पिता डॉ. दीपक पुरोहित और माता डॉ. सुषमा पुरोहित मूल रूप से सनौरा मोहल्ला, बरुआसागर, जिला झांसी के निवासी हैं और वर्तमान में रायपुर, मध्य प्रदेश में चिकित्सकीय सेवा दे रहे हैं। बेटी की सफलता पर परिवार में जश्न का माहौल है। वहीं, समृद्धि की सफलता की खबर मिलते ही डॉ. दीपक पुरोहित के भाई राजीव शर्मा, आलोक शर्मा और अनूप शर्मा सहित पड़ोसी नीरज राय, मनोज राय, कृष्णकांत मिश्रा, फजलुर रहमान, कृष्ण गोपाल, डॉ. सुनील कुशवाहा और सुनीत साहू ने खुशी जताई। सभी ने परिवार को बधाई देते हुए समृद्धि के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समृद्धि की सफलता क्षेत्र के उन विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े लक्ष्य हासिल करने का सपना देखते हैं। महज 18 वर्ष की उम्र में पहली बार में ही छम्म्ज् न्ळ 2026 क्वालिफाई कर 4093वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल करना उनकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचायक है।

# ग्लैमर और प्रतिभा का भव्य संगम आराध्या समूह का आयोजन रहा यादगार



**समय जगत, झांसी।** आराध्या समूह द्वारा 15 जुलाई को आयोजित भव्य फैशन एवं ब्यूटी शो ने शहर में आकर्षण का केंद्र बनकर प्रतिभा, सौंदर्य और आत्मविश्वास का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में फैशन, मेकअप और मॉडलिंग के क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाओं ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में बॉलीवुड एवं टीवी अभिनेत्री पारुल चौहान तथा सुपर मॉडल एवं डांसर खुशी शेख ने अपनी विशेष उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। उनके अनुभव और प्रेरणादायक संदेशों ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को नई पहचान देने का माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा कि ष्हर प्रतिभा को उचित मंच मिलना चाहिए। आराध्या समूह ने जिस प्रकार युवाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर दिया है, वह अत्यंत सराहनीय है। समाज में सकारात्मक परिवर्तन केवल सेवा कार्यों से ही नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने से भी आता है। ऐसे आयोजन बुंदेलखंड की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में सविता गौतम (स्वप्निल मेकओवर, ग्वालियर), एंकर एवं मोट्यूबर मानशी व्यास, हेमंत आर्यन (मेकअप मंत्रा), भोपाल की बहू नीतू मेहना तथा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वैष्णवी (वायरल बाबू) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

इस सफल आयोजन का संचालन स्निग्धा गोपाल प्रोहित एवं मानशी पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्की झस्या (यशी इवेंट्स, झांसी), ज्योति झस्या (यशी सैलून, झांसी), संध्या (एसवी यूनिसेक्स सैलून, मुंबई), सोनू शर्मा (मेकअप आर्टिस्ट, सूरत) तथा अर्चना देशमुख (मेकअप आर्टिस्ट एवं सचिव, आराध्या ग्रुप) का विशेष सहयोग एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# झांसी में हिंदी साहित्य भारती अंतरराष्ट्रीय का सनातन धर्म जागरण एवं सम्मान समारोह सम्पन्न



**समय जगत, झांसी।** रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, किले के पास, झाँसी में हिंदी साहित्य भारती (अंतराष्ट्रीय) का सनातन धर्म जागरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सनातन के अनन्य उपासक एवं सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय एवं हिंदी साधक डॉ. जयंती प्रसाद नौटियाल (देहरादून) को क्रियाशाल, श्रीफल, सम्मान पत्र एवं नगद धनराशि देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र से पधारे पूज्य महामंडलेश्वर डॉ. शाश्वतानंद गिरि जी महाराज, शीर्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय, राष्ट्रीय महामंत्री रामनिवास शुक्ल विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रवींद्र शुक्ल ने की । संचालन संयुक्त महामंत्री निशांत शुक्ल ने एवं आभार प्रदेश अध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम गायन के साथ हुआ। इस गरिमामय समारोह में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी कुमार उपाध्याय दिल्ली,जयंती प्रसाद नौटियाल देहरादून, वरिष्ठ व्यापारी पवन सरावगी एवं समाज सेवी एडवोकेट संजय वर्मा को सम्मानित किया गया। संजय तिवारी राष्ट्रवादी एवं राजेश तिवारी मक्खन एवं नीरज सिंह ने नये सदस्यों को पट्टिका पहनाकर स्वागत किया।इस मौके पर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा एडवोकेट, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रमोद? शिवहरे, आचार्य अविनाश, आचार्य मनोज चतुर्वेदी, वसंत बिष्णु गोलवलकर, छारद्वारी महंत,जयदेव पुरोहित, वीरेश्वरद्व शुक्ला,अशोक आनंदानी, बुंदेलखंड प्रेस वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शीतल तिवारी, सुदर्शन शिवहरे, डा.मनमोहन मनु, श्रीमती उर्मिला पटैरिया, मंजुलता सक्सैना, आर. एन . त्रिपाठी, डा.बी.बी.त्रिपाठी, आलोक शांडिल्य,संजय दुबे सहित सैकडों सदस्य एवं प्रबुद्ध गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन अस्वीकार्य : कुंवर सत्येंद्र पाल सिंह



**समय जगत, झांसी।** बुंदेलखंड क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र पाल सिंह ने आज दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी पार्टी द्वारा नीट परीक्षा प्रकरण को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई एवं आंदोलनकारियों पर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है।

उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में नागरिकों को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने, विरोध दर्ज कराने और सरकार से जवाब मांगने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। यदि सरकार जनआवाज को सुनने के बजाय बल प्रयोग, दमन और लाठीचार्ज का सहारा लेती है, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विपरीत है। कुंवर सत्येंद्र पाल सिंह ने कहा कि असहमति लोकतंत्र की शक्ति होती है, कमजोरी नहीं। सरकार का दायित्व है कि वह आंदोलनकारियों की बात सुने, उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करे और संवाद के माध्यम से समाधान निकाले, न कि पुलिस बल के माध्यम से आंदोलनों को कुचलने का प्रयास करे। उन्होंने मांग की कि जंतर-मंतर पर हुई घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए तथा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए।

**आम सूचना**

मैं, Tusar Chaudhary बेटा नं JC-250861W Ris Daya Ram Jat पता : Village – Goondpur, Po - Khanpur Jat, Alwar, Khanpur Jat, Rajasthan – 301030. मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Tusar Chaudhary से बदलकर नाम Tushar Choudhary कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र 46AA 725763 दिनांक 16-07-2026

**आम सूचना**

मैं, Ravita पत्नी नं 15623421Y Hav Naresh Kumar पता : House No 70, Shimlana, Shimlana Mu, Saharanpur, Uttar Pradesh – 247453 मेरे पति के सर्विस रिकार्ड मे मेरा नाम गलत होने के कारण मैंने अपना नाम Ravita से बदलकर नाम Ravita Devi कर लिया है जो कि मेरे आधार कार्ड के अनुसार सही है, समान्य दर्ज करे, शपथ पत्र व 46AA 725764 दिनांक 20-07-2026

## सार-समाचार

### दिल्ली भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी हुई घोषित



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अनुमति और राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति के बाद दिल्ली भाजपा ने प्रदेश पदाधिकारियों की नई सूची जारी कर दी है। उपाध्यक्ष और महामंत्री समेत कई अहम पदों पर नई नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली प्रदेश संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए नए प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा कर दी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अनुमति और राष्ट्रीय नेतृत्व से विचार-विमर्श के बाद जारी सूची में उपाध्यक्ष, महामंत्री समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

### मुख्यमंत्री ने स्व. गुरनाम सिंह गुर्जर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**समय जगत, चंडीगढ़।** भाजपा जिला अंबाला कार्यकारिणी सदस्य, शहजादपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं ब्लॉक समिति शहजादपुर के पूर्व चेयरमैन गुरनाम सिंह गुर्जर का 17 जुलाई को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी शनिवार को जिला अंबाला के गांव धनाना स्थित स्वर्गीय गुरनाम सिंह गुर्जर के निवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय गुरनाम सिंह गुर्जर की पार्थिव देह पर शॉल ओढ़ाकर तथा भारतीय जनता पार्टी का ध्वज अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वर्गीय गुरनाम सिंह गुर्जर के परिवार के सदस्यों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### टप्पेबाजों की तलाश में दिल्ली और राजस्थान पहुंची पुलिस

**साहिबाबाद।** इंस्टाग्राम पर भ्रामक विज्ञापन प्रसारित कर हरियाणा के चकरपुर निवासी तपश दास से 11 लाख की टप्पेबाजी करने वाले दो आरोपियों की लोकेशन दिल्ली और राजस्थान में मिली है। पुलिस की टीमें गिरफ्तारी का प्रयास कर रही हैं। वहीं गिरोह के तीसरे सदस्य को टीम अब तक ट्रेस नहीं कर पाई है। गैंग के दो आरोपी सुशील कुमार और आदर्श को साहिबाबाद पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। तपश दास ने इंस्टाग्राम पर सस्ते दाम में सोना खरीदने का विज्ञापन देखकर संपर्क किया था। आरोपियों ने 100 ग्राम 24 कैरेट सोना 11 लाख रुपये में देने का सौदा किया। सोना लेने के लिए आरोपियों ने उन्हें साहिबाबाद बुलाया लेकिन आरोपी बिना सोना दिए असली नोट की गड्डियों से नकली नोट बदलकर 11 लाख रुपये की चपत लगाई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार विज्ञापन नितेश नाम के व्यक्ति की इंस्टाग्राम आईडी से प्रसारित किया जा रहा था।

### लोगों द्वारा सुरक्षा मानकों के पालन पर दिया गया जोर

**गाजियाबाद।** सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर रविवार को नेहरू नगर स्थित इम्पीरियल गुलमोहर वसंत के निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने बिल्डर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारे लगाए। इस मौके पर निवासियों ने कहा कि फायर सेफ्टी, इलेक्ट्रिकल एवं स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट, लिफ्ट सुरक्षा प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक सुरक्षा मानक लंबे समय से लंबित हैं।

### कांवड़ यात्रा में यातायात व सुरक्षा व्यवस्था के दिए सुझाव

**इंदिरापुरम।** इंदिरापुरम थाने में कांवड़ यात्रा को सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों के साथ रविवार को बैठक की। थाना प्रभारी अजय चौधरी ने सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने अपने सुझाव दिए। इंदिरापुरम वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक धीरज शर्मा ने यातायात निरीक्षक के सामने प्रमुख स्थानों पर यातायात व सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का सुझाव रखा।

### ओबीसी महासभा के ऐतिहासिक विधानसभा घेराव में उमड़ा जनसैलाब

**समय जगत, भोपाल।** मध्यप्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की पूर्ण बहाली एवं 13ब्र होल्ड समाप्त करने की मांग को लेकर आज ओबीसी महासभा के नेतृत्व में भोपाल के रोशनपुरा चौराहा पर विशाल विधानसभा घेराव आयोजित किया गया। इस आंदोलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में ओबीसी वर्ग के युवा, महिलाएं छात्र, किसान, कर्मचारी, व्यापारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संचालित किया गया। आंदोलनकारी हाथों में तिरंगा और संविधान लेकर अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग कर रहे थे तथा 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने और 13 प्रतिशत होल्ड समाप्त करने की मांग कर रहे थे। जब आंदोलनकारी विधानसभा की ओर शांतिपूर्वक आगे बढ़ रहे थे, तब पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का प्रयोग किया गया तथा लाठीचार्ज भी किया गया। इस कार्रवाई में अनेक आंदोलनकारियों को चोटें आईं, जिससे पूरे ओबीसी वर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है। ओबीसी महासभा ने कहा कि अपने संवैधानिक अधिकारों की मांग करना प्रत्येक नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है। शांतिपूर्ण आंदोलन पर बल प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विपरीत है। सरकार यदि संवाद के स्थान पर दमन का रास्ता अपनाएगी तो इससे ओबीसी वर्ग का संघर्ष और अधिक मजबूत होगा।
महासभा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का मामला न्यायालयों में लंबित है। लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद समाधान की दिशा में अपेक्षित पहल नहीं की जा रही है। ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य लोकेंद्र गुर्जर ने कहा कि आज का विधानसभा घेराव ओबीसी वर्ग के स्वाभिमान, संवैधानिक अधिकार और सामाजिक न्याय की लड़ाई का ऐतिहासिक अध्याय है। हजारों लोगों की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब ओबीसी वर्ग अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह संगठित और निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार है।

# हरियाणा में नशा मुक्ति को दें जन आंदोलन का रूपः मुख्यमंत्री

**समय जगत, चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि समाज, संस्कार और मानवता की रक्षा का अभियान है। उन्होंने कहा कि नशा अनेक परिवारों को बर्बाद कर रहा है और युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर धकेल रहा है। ऐसे में इसे जनभागीदारी के माध्यम से जन आंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री शनिवार को करनाल स्थित हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में आयोजित एक पुलिस, एक संकल्प ड्रग्स मुक्त हरियाणा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। हरियाणा पुलिस के सभी थाना प्रभारियों (एसएचओ) के साथ आयोजित इस संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश को पूर्णतः नशामुक्त बनाने के संकल्प को और सुदृढ़ करना तथा इस दिशा में प्रभावी रणनीति तैयार करना था। मुख्यमंत्री ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सुपर-100 कार्यक्रम के 70 विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इनका मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने कहा कि इनमें अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से कमजोर एवं साधारण परिवारों से हैं। उनकी सफलता सरकार द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के प्रयासों का परिणाम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग की त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन भी किया। पत्रिका में विदेशों से प्रत्यर्पित कर भारत लाए गए अपराधियों सहित विभाग की प्रमुख उपलब्धियों और महत्वपूर्ण अभियानों का उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक थाना केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित न रहे, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का केंद्र बने। थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों, स्वयंसेवी संस्थाओं, धार्मिक संगठनों और युवा मंडलों के साथ नियमित संवाद स्थापित करें तथा युवाओं को नशे और अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज नशे का कारोबार आधुनिक तकनीक, सोशल मीडिया और संगठित अपराध के माध्यम से युवाओं तक पहुंच रहा है। इसलिए पुलिस को भी आधुनिक तकनीक के अनुरूप सजग, सक्रिय और सक्षम बनना होगा। केवल तस्करों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है, बल्कि पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना आवश्यक है। साथ ही पुलिस और जनता के बीच



विश्वास को और मजबूत करना भी उतना ही जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता, संवेदनशीलता और पुनर्वास पर भी समान रूप से ध्यान देना होगा। जब पुलिस, परिवार, शिक्षक, चिकित्सक, सामाजिक संगठन, मातृशक्ति और युवा शक्ति एकजुट होकर कार्य करेंगे, तभी नशा मुक्त हरियाणा का लक्ष्य साकार होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। हरियाणा को खेलों का हब बनाना है, ताकि युवा नशे की गिरफ्त में आने के बजाय मैदान में उतरकर देश के लिए स्वर्ण पदक जीतें। स्वस्थ, अनुशासित और खेल संस्कृति से जुड़े युवा ही विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति बनेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जिला, उपमंडल, ब्लॉक, गांव और वार्ड स्तर तक नशा मुक्ति टास्क फोर्स का गठन करेगी। इसमें जनप्रतिनिधियों, थाना प्रभारियों, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, युवा एवं महिला मंडलों, केमिस्ट एसोसिएशन तथा समाज के प्रबुद्ध नागरिकों को शामिल किया जाएगा, ताकि नशे के खिलाफ व्यापक सामाजिक अभियान चलाया जा सके। उन्होंने थाना प्रभारियों से ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक थाना प्रभारी यह संकल्प ले कि उसके क्षेत्र में नशे का कारोबार नहीं होने देगा, तो नशा माफिया के लिए हरियाणा में कोई स्थान नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की वर्दी सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है तथा उसका सम्मान हर परिस्थिति में सर्वोपरि रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए युवाओं का स्वस्थ, जागरूक, नशामुक्त और खेलों से जुड़ा होना आवश्यक है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों से आह्वान किया कि वे नशा मुक्त हरियाणा अभियान को जन-जन का अभियान बनाकर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पुलिस अधिकारियों के साथ संवाद के दौरान विभाग से जुड़े विभिन्न सुझावों और मांगों पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि तफ्तीश हेड के तहत उपलब्ध राशि बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये की जाएगी, ताकि नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जांच अधिकारियों (आईओ) को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों के विरुद्ध उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए एनडीपीएस मामलों में हरियाणा की अलग पुरस्कार नीति तैयार की जाएगी। इसके लिए अन्य राज्यों की पुरस्कार नीति का अध्ययन कर हरियाणा के अनुरूप नीति बनाई जाएगी।

## गरीब, जरूरतमंद और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए सरकार कर रही है काम : मुख्यमंत्री नायब सिंह



**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अलमस्त बापू लाल बादशाह जी का जीवन प्रेम, भाईचारे, मानवता और सामाजिक एकता का संदेश देता है। उनका संदेश था कि जहां सच्चा प्रेम होता है, वहां भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं होता। मुख्यमंत्री सोमवार को जालंधर के नकोदर में स्थित दरबार बापू लाल बादशाह जी पर मनाये जा रहे 43वें तीन दिवसीय मेले में शिरकत कर रहे थे। इस दौरान बापू लाल बादशाह दरगाह के गद्दीशीन एवं पूर्व सांसद श्री हंसराज हंस भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि अलमस्त बापू लाल बादशाह जी की पावन धरती नकोदर में आकर उन्हें अत्यंत सौभाग्य और गौरव का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल पर शीश नवाने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने आयोजन समिति तथा प्रसिद्ध गायक श्री हंसराज हंस का आमंत्रण एवं आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा दो अलग-अलग राज्य अवश्य हैं, लेकिन दोनों की सांस्कृतिक विरासत, गुरु परंपरा और सामाजिक रिश्ते समान हैं। दोनों प्रदेश एक ही परिवार के दो भाइयों की तरह हैं और सदैव प्रेम, भाईचारे तथा आपसी सद्भाव की भावना के साथ आगे बढ़ते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी कामना है कि जिस प्रकार हरियाणा विकास के पथ पर अग्रसर है, उसी प्रकार पंजाब भी तेज़ी से प्रगति करते हुए देश के अग्रणी राज्यों में अपना स्थान और अधिक सुदृढ़ करे। उन्होंने बापू लाल बादशाह जी के चरणों में दोनों राज्यों की खुशहाली, समृद्धि और देश की उन्नति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार बापू लाल बादशाह जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर गरीब, जरूरतमंद और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है। सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना तथा अंत्योदय के संकल्प को साकार करना है।

## इसे हर व्यक्ति अपने जीवन का हिस्सा बनाएं
## स्वच्छता जनभागीदारी का सबसे बड़ा है माध्यमः पंवार

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने शनिवार को पानीपत में इसराना विधानसभा क्षेत्र के गांव वैसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं स्वच्छता अभियान में भाग लेकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया तथा उपस्थित जनसमूह से अपने गांव, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 171 गरीब एवं पात्र परिवारों को आवंटन पत्र भी वितरित किए। मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामह्यह्यह्याजिक और नैतिक दायित्व है। जब तक समाज का प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत नहीं बनाएगा, तब तक स्वच्छ और स्वस्थ भारत का सपना पूरी तरह साकार नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन ने पूरे देश में स्वच्छता के प्रति नई जागरूकता पैदा की है और हरियाणा सरकार भी इस अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से न केवल बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आता है। गांवों में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होने से पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सुरक्षा और सामाजिक विकास को नई गति मिलती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे खुले में कूड़ा फेंकने की प्रवृत्ति छोड़ें, कूड़े का उचित प्रबंधन करें तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। पंचायतों को अधिक सशक्त बनाया जा रहा है तथा गांवों में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, नालियां, सामुदायिक भवन, खेल सुविधाएं



और अन्य मूलभूत विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य केवल विकास कार्य करवाना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक गांव को आत्मनिर्भर, स्वच्छ और आधुनिक बनाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रत्येक गरीब परिवार का अपना पक्का घर होना सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी पात्र परिवार आवास जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य से आज गांव वैसर में 171 पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटन पत्र सौंपे गए हैं।

उन्होंने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपना घर केवल एक भवन नहीं होता, बल्कि यह परिवार के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का आधार होता है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय की भावना के साथ कार्य कर रही है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयास किए जा रहे हैं। गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा और समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं। मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान को नियमित जनआंदोलन के रूप में संचालित किया जाए तथा पंचायतों के सहयोग से गांवों में साफ-सफाई की व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाए।

## जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में 29 खिलाड़ियों ने जीते पदक

### 180 खिलाड़ियों ने लिया भाग, लेकर अपनी प्रतिभा का किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गुरुग्राम।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में छठी योगासन खेल चैंपियनशिप का आयोजन रविवार को रेलवे स्टेशन स्थित अग्रवाल धर्मशाला में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं योग संस्थानों के करीब 180 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के सचिव एवं आयुष विभाग में योग सहायक अजीत कुमार सोलंकी ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर-10, 10-14, 14-18, 18-28, 28-35, 35-45 एवं 45-55 वर्ष आयु वर्ग में पारंपरिक योगासन, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर तथा रिदमिक पेयर स्पर्धाएं आयोजित की गईं। लड़कियों के पारंपरिक योगासन वर्ग में 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग में इशिता प्रथम, यशवी द्वितीय और अनुष्का तृतीय स्थान पर रहीं। 14 से 18 वर्ष वर्ग में निलाक्षी ने पहला, भूमि ने दूसरा और भूमिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। 18 से 28 वर्ष वर्ग में मुस्कान प्रथम, मुस्कान यादव द्वितीय तथा राखी तृतीय स्थान पर रहीं। 28 से 35 वर्ष वर्ग में वैष्णो देवी ने प्रथम, मुवनेश ने द्वितीय और मोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 35 से 45 वर्ष वर्ग में रेनू वाला प्रथम, अंजू बाला द्वितीय और मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि 45 से 55 वर्ष वर्ग में ललिता ने पहला स्थान हासिल किया। लड़कों के वर्ग में 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग में जलज यादव प्रथम, पीयूष सिंह द्वितीय और यश तृतीय स्थान पर रहे। 14 से 18 वर्ष वर्ग में दक्ष ने प्रथम, राजीव गिरी ने द्वितीय और गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 18 से 28 वर्ष वर्ग में स्वयं प्रथम, जीतन द्वितीय और आशु तृतीय स्थान पर रहे। 28 से 35 वर्ष वर्ग में कमल खटक ने पहला, धीरज ने दूसरा और विशाल ने तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि 35 से 45 वर्ष वर्ग में महेंद्र प्रथम स्थान पर रहे।

## जलभराव की समस्या का होगा निराकरण

### गुरुग्राम-नूंह-पलवल ड्रेन परियोजना की बन रही रूपरेखा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में बरसात के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में गुरुग्राम-नूंह-पलवल ड्रेन परियोजना पर काम शुरू हो गया है। परियोजना के लिए नियुक्त कंसल्टेंट ने सर्वे और तकनीकी अध्ययन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिजिबिलिटी रिपोर्ट (व्यवहार्यता अध्ययन) और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में करीब तीन माह का समय लगने की संभावना है। इसके बाद परियोजना की लागत, ड्रेन का मार्ग और निर्माण का स्वरूप स्पष्ट हो सकेगा। प्रदेश सरकार का उद्देश्य गुरुग्राम के बरसाती पानी की निकासी के लिए नजफगढ़ ड्रेन पर निर्भरता कम करना है। इसके लिए एक वैकल्पिक ड्रेनेज सिस्टम विकसित करने की योजना बनाई गई है। इससे गुरुग्राम का वर्षा जल सोहना, नूंह और पलवल होते हुए आगे यमुना नदी तक पहुंचाया जा सके। इससे मानसून के दौरान जल निकासी व्यवस्था अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है। निप्पॉन कोइ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को फिजिबिलिटी स्टडी और डीपीआर तैयार करने का कार्य सौंपा गया है। एजेंसी प्रस्तावित ड्रेन के संभावित रूट, भू-आकृति, जल प्रवाह, भूमि की उपलब्धता और अन्य तकनीकी पहलुओं का सर्वे कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, अध्ययन के दौरान यह भी आकलन किया जाएगा कि गुरुग्राम से निकलने वाले बरसाती पानी को किस प्रकार सुरक्षित और प्रभावी ढंग से नूंह तथा पलवल के रास्ते यमुना तक पहुंचाया जा सकता है। डीपीआर में परियोजना की तकनीकी डिजाइन, लागत, निर्माण अवधि और पर्यावरणीय पहलुओं को भी शामिल किया जाएगा।

## पुलिस ने ठगी मामले के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** टेलीग्राम पर निवेश के नाम पर 2.71 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार किए है। गिरफ्तार हुए आरोपी की पहचान हापुड़ के मिल्क गांव निवासी सौरभ तोमर और जिला चित्रकूट के गुरेला गांव निवासी विजय कुमार त्रिपाठी के रूप में हुई है। 20 मार्च को पुलिस को पीड़ति ने दी शिकायत में बताया था कि उन्हें फेसबुक के माध्यम से टेलीग्राम चैनल से जोड़ा गया था। ऑनलाइन टास्क पूरे कर कमीशन कमाने का लालच देकर उनसे 2.11 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपियों को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि ठगी गई राशि में से 30 हजार रुपये सौरभ तोमर के बैंक खाते में आए थे। आरोपी सौरभ ने पूछताछ में बताया कि उसने अपना बैंक खाता पांच हजार रुपये में आरोपी विजय कुमार त्रिपाठी को उपलब्ध कराया था। आरोपी विजय कुमार त्रिपाठी ने बैंक खाते को आगे साइबर ठगी करने वाले अन्य व्यक्तियों को 10 हजार रुपये में बेच दिया था।

## जिले ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीते 18 पदक

**फरीदाबाद।** कुरुक्षेत्र में आयोजित तीसरी हरियाणा सब जूनियर और फ्रेशर्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 पदक अपने नाम किए हैं। रविवार को प्रतियोगिता के तीसरे और आखिरी दिन खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसमें जिले के खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्ग में हिस्सा लिया और पोडियम पर जगह बनाई। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रकृति शर्मा ने अपनी श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। वहीं, बच्चों की श्रेणी में कियान ने भी गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वालों में देवांशी खटाना और विवान नेगी शामिल रहे, जिन्होंने फाइनल मुकाबले तक कड़ी टक्कर दी।

## राज्यपाल ने पदाधिकारियों को वारंट ऑफ अपॉइंटमेंट एवं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार किए प्रदान

**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 44वीं वार्षिक सामान्य सभा आज हरियाणा के लोक भवन, चण्डीगढ़ में अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के महामहिम राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, जो हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष एवं मुख्य संरक्षक भी हैं, ने की। इस अवसर पर राज्य परिषद् के पदाधिकारी, जिला मुख्य आयुक्त, जिला संगठन आयुक्त, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. के.के. खण्डेलवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), राज्य मुख्य आयुक्त, हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने महामहिम राज्यपाल को गत एक वर्ष के दौरान संगठन द्वारा किए गए कार्यों, सदस्यता विस्तार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, युवा विकास गतिविधियों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय उपलब्धियों तथा भविष्य की कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने सदस्यता वृद्धि, प्रशिक्षण, सेवा कार्यों तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। इस अवसर पर राज्यपाल ने हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के नवनियुक्त पदाधिकारियों को वारंट ऑफ अपॉइंटमेंट प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्काउट्स, गाइड्स एवं पदाधिकारियों को विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन, जम्बूरियों में उल्लेखनीय उपलब्धियों तथा स्काउटिंग एवं गाइडिंग के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाने वाले सम्मान शामिल थे।




अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महामहिम राज्यपाल ने हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा युवा चरित्र निर्माण, राष्ट्र सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय मूल्यों के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर नरेश कौशल, संपादक, श्रीमती धीरा खण्डेलवाल, आईएएस (सेवानिवृत्त), उपाध्यक्ष, हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स; श्रीमती आशिमा बरार, आईएएस; श्रीमती अमनीत पी. कुमार, आईएएस; प्रो. टंकेश्वर कुमार, कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेन्द्रगढ़; प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र सिंह, कुलपति, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत; श्री आर.के. गुप्ता, प्रो-वाइस चांसलर; श्री साकेत कुमार, आईएएस; श्री मणिराम शर्मा, आईएएस; श्री विजय कुमार सिद्धप्पा भाविकट्टी, आईएएस आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# उत्तराखंड में तेजी से बढ़ रहा है पलायन

देश के महत्वपूर्ण राज्य उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में लोगों को खेती में कम फायदा होने और जमीन की उपजाऊ क्षमता घटने के कारण रोजगार की तालश में लोगों का शहरों की ओर पलायन तेजी से बढ़ रहा है। उत्तराखंड को प्रकृति ने अपार सौंदर्य, घने जंगल, स्वच्छ जलस्रोत और उपजाऊ सीढ़ीदार खेतों का वरदान दिया है। कभी यही खेत पहाड़ की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते थे। मंडुवा, झंगोरा, गहत, चावल, मक्का और अन्य पारंपरिक फसलें न केवल लोगों की आजीविका का आधार थीं, बल्कि पहाड़ी संस्कृति और जीवनशैली की पहचान भी थीं। आज वही खेत तेजी से बंजर होते जा रहे हैं। गांव खाली हो रहे हैं, खेती से लोगों का भरोसा उठ रहा है और रोजगार की तलाश में युवा पहाड़ छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। यह केवल कृषि संकट नहीं है, बल्कि उत्तराखंड के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक भविष्य से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन चुका है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों की सबसे बड़ी चुनौती आजीविका के सीमित साधन हैं। राज्य का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा पर्वतीय है और आधे से अधिक लोग इन्हीं इलाकों में रहते हैं। यहां उद्योगों का विकास सीमित है और सरकारी नौकरियां भी पर्याप्त नहीं हैं। ऐसे में खेती और पशुपालन ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इन क्षेत्रों का योगदान लगातार घटा है। एक समय राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि और पशुपालन का योगदान लगभग 14 प्रतिशत था, जो अब घटकर लगभग 9 प्रतिशत के आसपास रह गया है। अल्मोड़ा और पौड़ी जैसे जिलों में सबसे अधिक खेत खेती से बाहर हो चुके हैं। जिन सीढ़ीदार खेतों में कभी हरियाली लहलहाती थी, वे अब घास और झाड़ियों से भर गए हैं। गांवों के आसपास फैले खेत चारागाह में बदलते जा रहे हैं। यह दृश्य केवल कृषि संकट का नहीं बल्कि पहाड़ की बदलती सामाजिक तस्वीर का भी संकेत है। यहां जंगली जानवरों का बढ़ता आतंक लोगों की परेशानी का कारण बन रहा है। जंगलों से निकलकर बंदर, लंगूर, पूरी फसल नष्ट कर देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि शासन स्तर पर इस इलाके के लिये प्रभावी नीतियां बनाकर उनका परिणामदायक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। ताकि खेती लाभ का व्यवसाय बन सके और जरूरतमंदों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके।

# धैर्य और संयम से हर कार्य में मिलती है सफलता

**कांतिलाल मांडोत**

जीवन का प्रत्येक क्षण मनुष्य की परीक्षा लेता है। कभी परिस्थितियाँ अनुकूल होती हैं तो कभी संकटों के बादल चारों ओर छा जाते हैं। ऐसे समय में मनुष्य की वास्तविक शक्ति उसके धन वैभव या बाहुबल से नहीं बल्कि उसके धैर्य से पहचानी जाती है। धैर्य वह शक्ति है जो व्यक्ति को कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी टूटने नहीं देती और उसे लक्ष्य तक पहुँचने का साहस प्रदान करती है। यही कारण है कि हमारे ऋषि मुनियों ने धैर्य को सफलता का मूल मंत्र बताया है। कहा भी गया है कि धैर्य का फल सदैव मीठा होता है क्योंकि जो व्यक्ति विपत्ति में भी संयम बनाए रखता है अंततः विजय उसी के चरण चूमती है। धैर्य केवल प्रतीक्षा करने का नाम नहीं है बल्कि सही समय तक विवेकपूर्वक अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखने की कला है। अधीर व्यक्ति छोटी-सी बाधा से घबरा जाता है और अपने लक्ष्य से भटक जाता है जबकि धैर्यवान व्यक्ति हर कठिनाई को सीख में बदल देता है। वह जानता है कि संघर्ष जितना बड़ा होगा सफलता भी उतनी ही गौरवपूर्ण होगी। जीवन के हर क्षेत्र में चाहे शिक्षा हो व्यापार हो समाज सेवा हो या आध्यात्मिक साधना धैर्य के बिना कोई भी उपलब्धि स्थायी नहीं हो सकती। आज का युग तेज गति का युग है। हर व्यक्ति कम समय में अधिक पाने की इच्छा रखता है। यही जल्दबाजी अनेक बार असफलता का कारण बन जाती है। बिना सोचे समझे लिया गया निर्णय व्यक्ति को ऐसी कठिनाइयों में डाल देता है जिनसे निकलना आसान नहीं होता। इसके विपरीत धैर्यपूर्वक सोच विचार कर उठाया गया कदम सफलता की मजबूत नींव बनता है। धीरे धीरे आगे बढ़ने वाला व्यक्ति भले ही देर से मंजिल तक पहुंचे लेकिन वह सुरक्षित और स्थायी सफलता प्राप्त करता है। यही कारण है कि अनुभव और इतिहास दोनों धैर्य को जीवन का सबसे बड़ा मित्र मानते हैं। धैर्य आत्मविश्वास की जननी भी है। जब मनुष्य कठिन परिस्थितियों में भी स्वयं पर विश्वास बनाए रखता है तब उसके भीतर नई ऊर्जा का संचार होता है। संकट उसे कमजोर नहीं बल्कि और अधिक मजबूत बनाते हैं। इतिहास में जितने भी महान व्यक्तित्व हुए उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में धैर्य का परिचय देकर ही महानता प्राप्त की। यदि वे कठिन समय में अधीर हो जाते तो शायद दुनिया उन्हें कभी याद नहीं रखती। महाराणा प्रताप इसका सबसे प्रेरक उदाहरण हैं। हल्दीघाटी के युद्ध के बाद परिस्थितियाँ उनके प्रतिकूल थीं। उन्हें जंगलों में रहना पड़ा। परिवार ने अभाव सहे। घास की रोटियाँ तक खानी पड़ीं। अनेक बार ऐसा लगा कि संघर्ष समाप्त हो जाएगा। यदि उस समय महाराणा प्रताप धैर्य खो देते और मुगल सत्ता के सामने आत्मसमर्पण कर देते तो वे इतिहास के अमर योद्धा नहीं बन पाते। उन्होंने धैर्य साहस और आत्मसम्मान को कभी नहीं छोड़ा। वर्षों तक संघर्ष करते रहे और अंततः अपने अनेक क्षेत्रों को पुनः स्वतंत्र कराने में सफल हुए। उनका जीवन सिखाता है कि कठिनाइयाँ स्थायी नहीं होतीं लेकिन धैर्य और संकल्प स्थायी विजय का मार्ग बनाते हैं। आज भी महाराणा प्रताप का नाम वीरता और स्वाभिमान के साथ इसलिए लिया जाता है क्योंकि उन्होंने विपत्ति में धैर्य नहीं छोड़ा। धैर्य का महत्व केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं है बल्कि सामान्य जीवन में भी उतना ही आवश्यक है। विद्यार्थी यदि धैर्यपूर्वक अध्ययन करे तो उसे ज्ञान की गहराई प्राप्त होती है। किसान धैर्य से बीज बोता है और समय आने पर भरपूर फसल काटता है। वैज्ञानिक वर्षों तक प्रयोग करते हैं तब जाकर कोई नई खोज सामने आती है। कलाकार अनगिनत अभ्यास के बाद उत्कृष्ट कृति रचता है। इन सभी सफलताओं के पीछे धैर्य ही सबसे बड़ी शक्ति बनकर खड़ा रहता है। धैर्य का एक अत्यंत प्रेरक उदाहरण विद्वान मनोरंजन के जीवन से मिलता है। उन्होंने अपने वर्षों के साधना अनुभवों को एक पांडुलिपि में संजोया था। संयोगवश वह पांडुलिपि एक मित्र की भूल से कहीं खो गई। यह उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी थी। कोई भी व्यक्ति ऐसी स्थिति में टूट सकता था लेकिन उन्होंने धैर्य नहीं खोया। उन्होंने मित्र को दोष देने के बजाय केवल इतना कहा कि यदि संभव हो तो पांडुलिपि खोजने का प्रयास करें। कुछ समय बाद दीपावली की सफाई के दौरान वह पांडुलिपि सुरक्षित मिल गई और उन्हें वापस मिल गई। यदि उस समय वे क्रोध और अधीरता में अपना मानसिक संतुलन खो देते तो शायद मित्रता भी टूट जाती और मन की शांति भी समाप्त हो जाती। उनके धैर्य ने उन्हें उनकी अमूल्य धरोहर भी लौटाई और समाज में सम्मान भी दिलाया।

आध्यात्मिक जीवन में तो धैर्य का महत्व और भी अधिक है। साधना का मार्ग सरल नहीं होता। मन को नियंत्रित करना संसार की सबसे कठिन साधनाओं में से एक है। अनेक प्रकार के आकर्षण और बाधाएँ साधक को विचलित करती हैं। जो साधक धैर्य बनाए रखते हैं वही आत्मिक उन्नति प्राप्त करते हैं। अधीर होकर साधना छोड़ देने वाला व्यक्ति लक्ष्य से दूर हो जाता है जबकि धैर्यवान साधक धीरे धीरे आत्मशांति और आत्मबोध की ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है। आज के आधुनिक जीवन में भी धैर्य की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। सड़क पर वाहन चलाते समय एक क्षण की जल्दबाजी दुर्घटना का कारण बन सकती है। बिजली गैस और आधुनिक मशीनों के उपयोग में थोड़ी-सी असावधानी बड़ा नुकसान पहुँचा सकती है। परिवार और समाज में भी आवेश में लिया गया निर्णय संबंधों को तोड़ देता है जबकि धैर्य से किया गया संवाद समस्याओं का समाधान बन जाता है। इसलिए धैर्य केवल नैतिक गुण नहीं बल्कि सुरक्षित और सफल जीवन की अनिवार्य शर्त है।

# हरित ऊर्जा क्रांति का ऐतिहासिक शंखनाद

## नजरिया

**भारतीय रेल केवल लोहे की पटरियों पर दौड़ने वाली रेलगाड़ियों का विशाल नेटवर्क नहीं है, बल्कि यह भारत की आर्थिक शक्ति, सामाजिक समरसता,राष्ट्रीय एकता और तकनीकी प्रगति का सबसे सशक्त प्रतीक भी है। लगभग डेढ़ सौ वर्षों से अधिक की अपनी गौरवशाली यात्रा में भारतीय रेल ने अनेक ऐतिहासिक पड़ाव पार किए हैं। स्टीम इंजन से प्रारम्भ हुई यह यात्रा डीजल और फिर विद्युत इंजनों तक पहुँची,और अब भारत हरित ऊर्जा के उस नए स्वर्णिम युग में प्रवेश कर चुका है,जहाँ रेलगाड़ियां जीवाश्म ईंधन नहीं,बल्कि स्वच्छ हाइड्रोजन ऊर्जा के सहारे आगे बढ़ेंगी। हरियाणा के ऐतिहासिक नगर जींद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाया जाना केवल एक नई रेल सेवा का शुभारम्भ नहीं, बल्कि विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और हरित भारत के साझा संकल्प का उद्घोष है।**

**विनोद कुमार सिंह**

यह क्षण भारतीय रेल के इतिहास में उसी प्रकार स्वर्णाक्षरों में अंकित होगा,जैसे कभी पहली रेलगाड़ी के संचालन, राजधानी एक्सप्रेस,शताब्दी,मेट्रो अथवा वंदे भारत ट्रेनों के शुभारम्भ को याद किया जाता है। जींद का चयन भी अत्यंत प्रतीकात्मक है। हरियाणा का यह नगर केवल एक रेलवे जंक्शन नहीं,बल्कि इतिहास, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत केंद्र है। महाभारतकालीन परम्पराओं से जुड़े इस क्षेत्र का उल्लेख अनेक ऐतिहासिक संदर्भों में मिलता है। जनश्रुतियों के अनुसार इसका संबंध देवी जयन्ती की आराधना से भी माना जाता है। आज यही भूमि भारत की आधुनिक वैज्ञानिक चेतना और हरित प्रौद्योगिकी के नए अध्याय की साक्षी बन रही है। अतीत की सांस्कृतिक विरासत और भविष्य की वैज्ञानिक सोच का यह अद्भुत संगम जींद को राष्ट्रीय मानचित्र पर नई पहचान प्रदान करता है। रेलवे की दृष्टि से भी जींद का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उत्तर रेलवे का यह प्रमुख जंक्शन वर्षों से हरियाणा,दिल्ली, पंजाब और राजस्थान को जोड़ने वाला रणनीतिक रेल केंद्र है। बदलते समय के साथ इसका आधुनिकीकरण हुआ और अब यही जंक्शन भारत की हरित रेल क्रांति का प्रारम्भिक केंद्र बन गया है। भारतीय रेल ने पिछले एक दशक में परिवर्तन की ऐसी गति देखी है,जिसकी कल्पना कुछ वर्ष पहले तक कठिन थी। वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार, अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन,समर्पित माल गलियारे ,कवच जैसी स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली,अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास,लगभग सम्पूर्ण ब्रॉडगेज नेटवर्क का विद्युतीकरण, आधुनिक सिग्नलिंग व्यवस्था तथा डिजिटल यात्री सेवाओं ने रेलवे की कार्यसंस्कृति और छवि दोनों को बदल दिया है। अब हाइड्रोजन ट्रेन इस परिवर्तन यात्रा का अगला और सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव बनकर सामने आई है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक भविष्य के स्वच्छ परिवहन की आधारशिला मानी जा रही है। इस तकनीक में डीजल का उपयोग नहीं होता। ईंधन सेल में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रक्रिया से विद्युत ऊर्जा उत्पन्न होती है,जिससे ट्रेन संचालित होती है। इस पूरी प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य प्रदूषक गैसों का उत्सर्जन नहीं होता;केवल जलवाष्प निकलती है। यही कारण है कि इसे




जीरो एमिशन ट्रांसपोर्ट की दिशा में सबसे प्रभावी तकनीकों में शामिल किया जाता है। यूरोप,जापान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देश पहले से इस दिशा में कार्य कर रहे हैं। ऐसे समय में भारत का स्वदेशी तकनीक और अपनी इंजीनियरिंग क्षमता के बल पर इस क्षेत्र में प्रवेश करना केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं,बल्कि वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में भारत की सक्रिय भागीदारी का संकेत भी है। भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का निर्माण भारतीय इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और रेलवे तकनीकी विशेषज्ञों की क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में विकसित इस ट्रेन में अत्याधुनिक हाइड्रोजन फ्यूल सेल प्रणाली स्थापित की गई है। जींद में स्थापित हाइड्रोजन उत्पादन एवं रिफ्यूलिंग अवसंरचना इस बात का प्रमाण है कि भारत केवल नई तकनीकों का उपभोक्ता नहीं,बल्कि उनका विकास,निर्माण और संचालन करने वाला अग्रणी राष्ट्र बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। जींद में स्थापित हरित हाइड्रोजन संयंत्र इस परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। यहाँ स्थापित एक मेगावाट क्षमता का इलेक्ट्रोलाइज़र प्रतिदिन लगभग 420 किलोग्राम हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने में सक्षम है। लगभग 3000 किलोग्राम हाइड्रोजन भंडारण की व्यवस्था तथा आधुनिक रिफ्यूलिंग प्रणाली इस परियोजना को पूर्णतः आत्मनिर्भर बनाती है। यही मॉडल भविष्य में देश के अन्य रेल मार्गों पर भी विकसित किया जा सकता है। यह परियोजना केवल रेलवे तक सीमित नहीं है। इसके माध्यम से भारत हरित हाइड्रोजन मिशन को व्यवहारिक रूप देने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, बढ़ते कार्बन उत्सर्जन और ऊर्जा सुरक्षा जैसी चुनौतियों से जूझ रही है,तब स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन व्यवस्था भारत को वैश्विक नेतृत्व की नई भूमिका प्रदान कर सकती है। हाइड्रोजन ट्रेनों का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इन्हें उन रेलमार्गों पर भी संचालित किया जा सकता है जहां विद्युत लाइन बिछाना आर्थिक या तकनीकी दृष्टि से कठिन है। इससे दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में भी पर्यावरण अनुकूल रेल सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकेंगी। साथ ही डीजल पर निर्भरता कम होने से विदेशी मुद्रा की बचत होगी और ऊर्जा आयात पर निर्भरता भी घटेगी। यह उपलब्धि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता का भी सशक्त उदाहरण है। जिस तकनीक को कभी केवल विकसित देशों की उपलब्धि माना जाता था,आज वही तकनीक भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के हाथों विकसित होकर भारतीय रेल की पटरियों पर दौड़ रही है। इससे यह संदेश भी जाता है कि भारत अब केवल तकनीक खरीदने वाला देश नहीं, बल्कि नई तकनीकों का निर्माण और निर्यात करने की क्षमता भी विकसित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में रेलवे के आधुनिकीकरण को राष्ट्रीय विकास का महत्वपूर्ण आधार बनाया है। रेलवे के लिए रिकॉर्ड पूंजीगत निवेश,नई उत्पादन इकाइयों का विस्तार, स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा,हरित ऊर्जा का उपयोग तथा यात्री सुविधाओं में व्यापक सुधार उसी दूरदर्शी सोच का परिणाम हैं। हाइड्रोजन ट्रेन इसी परिवर्तनकारी दृष्टि का नवीनतम अध्याय है। इस परियोजना का प्रभाव केवल पर्यावरण या परिवहन तक सीमित नहीं रहेगा। हाइड्रोजन उत्पादन,भंडारण, परिवहन,रखरखाव और अनुसंधान से जुड़े नए उद्योग विकसित होंगे। हजारों कुशल तकनीकी रोजगार सृजित होंगे। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों में हाइड्रोजन ऊर्जा पर अनुसंधान को नई गति मिलेगी। भारतीय उद्योगों के लिए भी अत्याधुनिक ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे। हरित ऊर्जा की दिशा में भारत पहले ही सौर, पवन,जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। रेलवे का इस परिवर्तन का नेतृत्व करना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय रेल विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक परिवहन नेटवर्कों में से एक है। यदि इतना विशाल नेटवर्क स्वच्छ ऊर्जा की ओर अग्रसर होता है तो उसका सकारात्मक प्रभाव केवल भारत ही नहीं,बल्कि वैश्विक जलवायु प्रयासों पर भी पड़ेगा। जींद से प्रारम्भ हुई यह यात्रा केवल एक रेलगाड़ी की यात्रा नहीं है। यह उस नए भारत की यात्रा है,जो परम्परा और आधुनिकता,विज्ञान और संस्कृति,विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करते हुए भविष्य की ओर आत्मविश्वास से बढ़ रहा है। स्टीम से डीजल,डीजल से विद्युत और अब हाइड्रोजन तक पहुँची भारतीय रेल की यह विकासगाथा बताती है कि परिवर्तन ही प्रगति का सबसे बड़ा आधार है। निस्संदेह, जींद से दौड़ी भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन आने वाले वर्षों में केवल एक तकनीकी उपलब्धि के रूप में नहीं,बल्कि उस ऐतिहासिक क्षण के रूप में याद की जाएगी जब भारतीय रेल ने हरित ऊर्जा क्रांति का शंखनाद किया और विकसित भारत की दिशा में एक नया स्वर्णिम अध्याय लिख दिया। यह केवल रेलवे की सफलता नहीं,बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक आकांक्षाओं, वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का साकार रूप है। आने वाले समय में जब देश के विभिन्न रेलखंडों पर हाइड्रोजन ट्रेनें नियमित रूप से दौड़ेंगी, तब इतिहास यह अवश्य दर्ज करेगा कि हरित भारत की इस नई यात्रा का प्रथम उद्घोष हरियाणा की पावन धरती जींद से हुआ था।

# अटलांटिक के ठंडे पानी से मॉनसून में बदलाव

**मुकुल व्यास**

एक नई रिसर्च से पता चलता है कि उत्तरी अटलांटिक महासागर में पानी के एक ठंडे हिस्से ने जेट स्ट्रीम हवाओं के जरिए भारतीय गर्मियों के मॉनसून में बदलाव शुरू कर दिए हैं। इससे करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी को खतरा पैदा हो गया है। मॉनसून हमारी जीवन रेखा है। भारत और दक्षिण एशिया के दूसरे हिस्सों में 1 अरब से अधिक लोग खाद्य सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए मॉनसून पर निर्भर हैं। हर साल हम एक अच्छे मॉनसून की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन वैज्ञानिकों ने पाया है कि पिछले कुछ वर्षों से भारतीय मॉनसून के पैटर्न में परिवर्तन हो रहा है। वैज्ञानिक इस बदलाव के कारणों को जानने की कोशिश कर रहे हैं। अब एक नई रिसर्च से पता चलता है कि उत्तरी अटलांटिक महासागर में पानी के एक ठंडे हिस्से ने जेट स्ट्रीम हवाओं के जरिए भारतीय गर्मियों के मॉनसून में बदलाव शुरू कर दिए हैं। इससे करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी को खतरा पैदा हो गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन दोनों प्रणालियों के बीच का संबंध एक ऐसे पहले से अज्ञात संबंध को दिखाता है जो दक्षिण एशिया में मौसम के अनुमानों को जानकारी दे सकता है और दूसरी जगहों पर मौसम की घटनाओं पर रोशनी डाल सकता है। ध्यान रहे कि जेट स्ट्रीम हवाएं पृथ्वी के वायुमंडल में 9 से 16 किलोमीटर की ऊंचाई पर बहने वाली तेज गति वाली, संकरी वायुधाराएं हैं। तापमान के अंतर और पृथ्वी के घूर्णन से संचालित ये हवाएं वायुमंडलीय सीमाओं के रूप में कार्य करती हैं जो वैश्विक मौसम के पैटर्न को आकार देती हैं और वाणिज्यिक विमानन मार्गों को प्रभावित करती हैं। भारतीय गर्मियों का मॉनसून वर्षा का एक पैटर्न है जो जून से सितंबर तक रहता है और यह गर्म उत्तरी हिंद महासागर और भूमध्य रेखा के नीचे ठंडे समुद्री पानी के बीच तापमान के अंतर से चलता है। शुरू में, मॉनसून ने भारत के पश्चिमी तट और उत्तरी भारत के एक बड़े इलाके (गंगा के मैदान) में भारी बारिश शुरू की थी। लेकिन 1999 से यह पैटर्न बहुत बदल गया है। शोधकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में पाया कि उत्तर-पश्चिम भारत में अब मॉनसून सीजन में 1999 से पहले के मुकाबले लगभग 25 प्रतिशत ज्यादा बारिश होती है, जबकि गंगा के मैदानी इलाकों में लगभग 4 प्रतिशत कम बारिश होती है। इस अध्ययन के पहले लेखक और भारतीय विज्ञान संस्थान के जलवायु वैज्ञानिक महेंद्र निम्माकांति ने कहा कि यह परिवर्तन किसानों के लिए खास तौर पर बहुत बुरा है, क्योंकि उनके खेतों की मिट्टी और फसलें बारिश के पुराने पैटर्न के हिसाब से ढल गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत काफी हद तक खेती पर निर्भर है। उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से अधिक बारिश होने पर अचानक बाढ़ आ जाती है और फसलों का नुकसान होता है, क्योंकि इस इलाके



की खेती सूखे हालात के हिसाब से ढल गई है। इस बीच, गंगा के मैदानी इलाकों में सूखे के दौर भी आए हैं, जिससे फसलों में भी कमी आई है और किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ा है।

पिछले अध्ययनों ने भारतीय मॉनसून में परिवर्तन को अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (एएमओसी) में बदलाव से जोड़ा था। एएमओसी अटलांटिक में समुद्री धाराओं का एक बड़ा जाल है जो वैश्विक जलवायु को नियमित करता है और उत्तरी गोलार्द्ध में गर्मी पहुंचाता है। आंकड़े बताते है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से एएमओसी धीमा हो रहा है और उत्तरी अटलांटिक महासागर में पहले के मुकाबले कम गर्मी छोड़ रहा है। निम्माकांति ने कहा कि इन अध्ययनों में यह नहीं बताया गया कि भारतीय मॉनसून कैसे बदल सकता है। इसके पीछे के तंत्र को भी विस्तार से नहीं समझाया गया। उन्होंने कहा, ये अध्ययन आम तौर पर यह समझाते हैं कि अगर एएमओसी कमजोर होता है, तो यह भारतीय मॉनसून को भी कमजोर करता है। एक बड़ी समस्या यह है कि मौजूदा जलवायु मॉडल भारतीय मॉनसून में हुए बदलावों को नहीं दिखाते हैं, क्योंकि वे उत्तरी अटलांटिक महासागर की सतह के तापमान में बदलाव को भी पूरी तरह से ग्रहण नहीं करते हैं। इन मॉडलों ने ग्रीनलैंड के दक्षिण-पूर्व में एक अत्यंत ठंडे क्षेत्र पर गौर नहीं किया जिसे 'कोल्ड ब्लॉब' के नाम से जाना जाता है, जहां 1901 और 2021 के बीच पानी 1800 के दशक के आखिर की तुलना में ज्यादा ठंडा था। कोल्ड ब्लॉब बताता है कि एएमओसी कमजोर हो रहा है क्योंकि यह उत्तरी अटलांटिक तक पहुंचने वाली गर्मी की मात्रा में कमी की ओर इशारा करता है। यह पता लगाने के लिए कि भारतीय मानसून कैसे और क्यों बदला है, शोधकर्ताओं ने दर्जनों जलवायु मॉडलों में बारिश का डेटा, समुद्र की सतह के तापमान के रिकॉर्ड और असल जिंदगी के दूसरे अवलोकन डाले। इसने पिछले 27 सालों में देखे गए बदलावों को फिर से दिखाया। इन नतीजों से उत्तरी अटलांटिक में हुए बदलावों और मानसून में बदलावों के बीच संबंध का पता चला। यह जानने के लिए क्या उत्तरी अटलांटिक समुद्र की सतह के तापमान की वजह से भारतीय मानसून अजीब तरह से बर्ताव कर रहा है, टीम ने एक सिमुलेशन (कंप्यूटर पर परिस्थितियों की नक़ल) में कोल्ड ब्लॉब को जोड़ा और हटाया। नतीजों से पता चला कि ठंडे ब्लॉब ने उतरी अटलांटिक पर एक मजबूत टेम्परेचर ग्रेडिएंट (तापमान में परिवर्तन की दर और दिशा का पैमाना) बनाकर भारतीय मानसून को शिफ्ट कर दिया है, जो बदले में यूरेशिया के ऊपर वायुमंडल में जेट स्ट्रीम हवाओं और प्रेशर सिस्टम पर असर डालता है। खासकर, उत्तरी अटलांटिक के ऊपर जेट स्ट्रीम तेज हो गई है, और पश्चिमी रूस में यूराल पहाड़ों के ऊपर एक 'ब्लॉकिंग' सिस्टम मजबूत हो गया है। इसके परिणामस्वरूप भारत में मौसम सिस्टम बदल गए हैं, जो नमी वाली हवा को देश के उत्तर-पश्चिम की ओर ले जा रहे हैं और उसे दूसरे इलाकों से दूर खींच रहे हैं। एजीयू एडवांसेज जर्नल में छपे नए नतीजों से मौसम का अनुमान लगाने वालों को भारत और पड़ोसी देशों में मॉनसून के दौरान बहुत ज्यादा बारिश और सूखे जैसी घटनाओं का अनुमान लगाने में मदद मिल सकती है। कुछ शोधकर्ताओं का मानना ??है कि भारतीय मॉनसून वैश्विक जलवायु में एक निर्णायक बिंदु (टिपिंग प्वाइंट) है, और इन निष्कर्षों से पता चलता है कि यह सिस्टम 1999 में एक अहम सीमा पार कर गया था। तब से कोल्ड ब्लॉब की वजह से जेट स्ट्रीम में लगातार बदलाव हुआ है, जिससे मॉनसून में अचानक बदलाव आए हैं। अभी यह साफ नहीं है कि तेजी से बदलती जलवायु में भारतीय मॉनसून कैसे बदलेगा, क्योंकि जलवायु मॉडल उत्तर अटलांटिक के बारे में अलग-अलग अनुमान लगाते हैं, और दुनिया के बदलने के साथ-साथ दूसरे कारण भी असर डाल सकते हैं।

# सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त आजीवन देश के लिये रहे समर्पित

**रमेश शर्मा**

भारतीय इतिहास में कुछ ऐसे प्रसंग हैं जिन्हे पढ़कर आंखे झुकती हैं। जिन लोंगो ने हमें स्वतंत्र बनाने के लिये अपना जीवन न्योछावर किया, अंग्रेजों की अमानवीय यातनाएं सहीं उनके साथ स्वतंत्रता के बाद भी कैसा व्यवहार हुआ । इनमें से एक हैं सुप्रसिद्ध क्रान्ति कारी बटुकेश्वर दत्त । जिन्होंने स्वतंत्रता के बाद भी आजीविका के लिये भीषण संघर्ष करना पड़ा । परिवार चलाने के लिये कभी गाइड बने तो कभी सिगरेट कंपनी के एजेंट बने । हद तो तब हुई जब पटना कलेक्टर ने उनसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने का प्रमाण पत्र मांगा । सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त का जन्म 18 नवम्बर 1910 को बंगाल के वर्धमान जिले में हुआ । बचपन से उनमें राष्ट्र और संस्कृति के लिये प्रेम था यह भाव उनको पारिवारिक विरासत में मिला । उन के कई नाम थे । बटुकेश्वर दत्त के अतिरिक्त मोहन और बट्टू उनके बचपन का नाम थे । पिता बिहारी दत्त समाज सेवा से जुड़े थे और माता कामिनी देवी अपनी परंपराओं से जुड़ीं घरेलू महिला थीं । जब बटुकेश्वर बहुत छोटे थे तब परिवार कानपुर आ गया था । इसीलिए इनका बचपन कानपुर में बीता । वे जब हाई स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे तभी इनका संपर्क क्राँतिकारी गतिविधियों से जुड़े सुरेंद्रनाथ पांडे और विजय कुमार सिन्हा से हुआ । और वे क्राँतिकारी गतिविधियों से जुड़ गये । एक तो परिवार की पृष्ठभूमि भारतीय समाज और परंपराओ से जुड़ी थी दूसरे बचपन की एक घटना ने उन्हें अंग्रेजों के विरुद्ध कर दिया था। यह घटना कानपुर के मॉल रोड की थी । इस रोड पर अंग्रेज सिपाही ने एक मासूम बच्चे को इसलिए बुरी तरह पीटा कि वह उस सड़क पर चला गया था जहां भारतीयों को चलने की मनाही थी । इस घटना ने बटुकेश्वर दत्त को बुरी तरह झकझोर दिया और जब क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़ने का अवसर आया तो उत्साह से सक्रिय हो गये । उन दिनों कानपुर क्रान्ति का एक प्रमुख केन्द्र था और समाचार पत्र प्रताप इन क्रांतिकारियों का संपर्क केन्द्र था । समय के साथ बटुकेश्वर दत्त का संपर्क प्रताप के संपादक सुरेशचंद्र भट्टाचार्य से बना और उनके माध्यम से वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन से जुड़े और यहीं उनकी मित्रता सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी भगत सिंह से हुई । और 1924 में चंद्रशेखर आजाद से मिले । काकोरी कांड के बाद हुई गिरफ्तारियों के चलते क्राँतिकारी कानपुर से यहाँ वहाँ गये । बटुकेश्वर दत्त पहले बिहार गए और फिर कलकत्ता गये । 1927 में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का नाम बदलकर हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोशिएशन रखा गया । एसोसिएशन ने बटुकेश्वर दत्त को बम बनाने का प्रशिक्षण दिया । और बटुकेश्वर दत्त बहुत उत्कर्ष्ट बन बनाना सीख गये । उस दौर के क्राँतिकारी आँदोलन में अधिकांश बम या तो बटुकेश्वर दत्त के बनाये होते थे अथवा उनके द्वारा प्रशिक्षित युवाओं द्वारा । 1929 में हुये असेम्बली बम कांड में वे सरदार भगतसिंह के साथ बंदी बनाये गये । भगतसिंह को फाँसी की सजा हुई और बटुकेश्वर को उम्रकैद । उम्रकैद की सजा केलिये उन्हें पहले कालापानी भेजा गया । फिर हजारीबाग, दिल्ली और बांकीपुर जेल । जेल में उन्हें क्रूरतम प्रताड़ना मिली जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा । इस कारण 1938 में रिहा कर दिये गये । इस शर्त पर कि वो किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेंगे । बटुकेश्वर दत्त ने यह लिखकर तो दिया पर जेल से रिहा होकर गांधीजी के अहिसंक आँदोलन से जुड़ गये और 1942 बंदी बनाये गये । आँदोलन समाप्त होने के बाद सभी आँदोलन कारी रिहा हुये पर बटुकेश्वर दत्त को रिहाई नहीं मिली वे 1945 में रिहा हुये । स्वतंत्रता के बाद उन्होंने विवाह किया और पटना आ गये । यहाँ उन्होंने आजीविका के लिये कठोर संघर्ष किया । कभी गाइड बने और कभी सिगरेट कंपनी के एजेंट। यही नहीं कलेक्टर ने उनसे स्वाधीनता संग्राम सेनानी होने का प्रमाणपत्र भी माँगा । 1958 में पहली बार उन्हें सम्मान मिला और वे विधान परिषद के सदस्य मनोनीत किये पर जल्दी ही बीमारी ने उन्हे जकड़ लिया । इलाज के लिये बिहार से दिल्ली लाया गया ।

# अपराधियों को नहीं मिलेगी कोई रियायत : एसपी

## ललितपुर के नवागत पुलिस अधीक्षक ने संभाला कार्यभार

### सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर होगा काम



**समय जगत, ललितपुर।** नवागत पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद रविवार को पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में पत्रकारों से पहली औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर प्रभावी ढंग से कार्य किया जाएगा। अपराध और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने बताया कि वह 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

उन्होंने अपने सेवाकाल में मेरठ, अलीगढ़ और आगरा में क्षेत्राधिकारी (सीओ) के रूप में कार्य किया है। इसके बाद मुजफ्फरनगर, फिरोजाबाद, सहारनपुर और बिजनौर में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई। वह 33वीं वाहिनी पीएसी में कमांडेंट स्तर की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। वर्तमान में एटा से स्थानांतरित होकर उन्हें ललितपुर का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उनका गृह जनपद फतेहगढ़ है। एसपी ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र, विशेषकर ललितपुर में सामने आ रही आत्महत्या की घटनाएं चिंता का विषय हैं। पुलिस इस दिशा में सामाजिक संस्थाओं, प्रशासन और आमजन के सहयोग से प्रभावी रणनीति बनाकर कार्य करेगी, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले में अवैध शराब के कारोबार, जुआ, सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं होगा।

एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने कहा कि महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। महिलाओं से जुड़े अपराधों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पुलिस और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित कर लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। नवागत एसपी ने भरोसा दिलाया कि जनपद में निष्पक्ष, पारदर्शी और कानूनसम्मत पुलिस व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

# जीवन दायिनी नदी जो निवाड़ी नगर को तीन ओर से अपने आगोश में लिये , देखिए उसका हाल ....



**समय जगत , निवाड़ी।** चौंकिए मत साहब ये निवाड़ी के विकास की कहानी कहती हुई जीवन दायिनी नदी है जो नगर को तीन ओर से संरक्षित करती है जो निवाड़ी रेलवे स्टेशन के पास से निकलती हुई कहीं कंचना घाट कहीं ऊमर घाट कहीं पट्ठा घाट कहीं कुंडी घाट कहीं महुआ घाट कहीं भुजरिया घाट कही पुतनिया घाट तो कहीं सागर घाट के नामों से जानी जाती थी कितनी सुंदर व्यवस्था हमारे पूर्वजों ने बनाई थी कि जब बारिश अधिक हो तो तालाब के ओवर फ्लो से नदी बन कर बहती हुई निवाड़ी नगर के लगभग 15 किलोमीटर निवाड़ी नगर के 75 प्रतिशत भू भाग को अपनी सेवाएँ देती हुई कहीं पितरों के तर्पण हेतु पानी में बैठ कर 16 दिन तक पित्रों को जल देना कभी होली के रंगों को इसी नदी में धो कर बहा देना कभी गठरी बांध कर कपड़े ले जा कर धो लाने कभी खेतों को पानी की कमी महसूस ना होने देना निवाड़ी के और बरुआ सागर के तालाब में विलीन हो जाना निवाड़ी नगर की आधी आबादी के घरों में लगे बोर बेलों को जिन्दा रखने हेतु जमीन के अंदर वाटर लेबल मेंटेन रखना आदि आदि बहुत सारे उपयोगी रूपों आवश्यक नदी की दुर्दशा आपके सामने है ये चित्र मुक्तिधाम से लगी हुई इसी नदी जो कभी सागर घाट कहलाती थी का सीन है जहां एक या दो फुट पानी है और बरसात का सीजन चल रहा है पहले इसी में नहाने जाते थे तो डूबने का डर सताता था और आपने लगभग कई जगह देखा होगा ।

कि जहां मुक्तिधाम के पास नदी है तो उसका संरक्षण सुंदरीकरण होता है घाट बनाया जाते हैं अंतिम संस्कार में मृत व्यक्ति के परिजन के अलावा दूर दूर से रिश्तेदार भी आते हैं जो देखते हैं और वापसी में जरूर चर्चा करते जाते हैं कि क्या दुर्दशा है मुक्तिधाम की एवं बगल में बह रही नदी की नगर परिषद, सिंचाई विभाग अपनी ओर बिल्कुल आंख बंद किए हुए है प्रशाशन जब तय करता है कि माननीय मंत्री जी माननीय विधायक माननीय जिलाधिकारी एस पी साहब सहित प्रत्येक जिम्मेदार लोग कृपया जागिये नहीं तो आगे आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी ।

# लायंस क्लब ललितपुर यूनाइटेड का हुआ गठन, हेमंत जैन रौड़ा बने अध्यक्ष




**समय जगत, ललितपुर।** जनपद ललितपुर में आज लायंस क्लब ललितपुर यूनाइटेड का भव्य गठन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।गठन समारोह में सर्वसम्मति से श्री हेमंत जैन रौड़ा को लायंस क्लब ललितपुर यूनाइटेड का अध्यक्ष चुना गया। क्लब के संरक्षक के रूप में श्री हरीश कपूरश् रूप नारायण विश्वकर्मा जी श्टीटूश् कार्यक्रम में सदस्य मनोज चतुर्वेदी जी, अजय सोनी, जो नवीन भाई पटेल जी बृजेश पाराशर आनंदमोहन दुबे जी परवेश पठान, , हरीकिशन सोनी सहित अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान संरक्षक हरीश कपूर श्टीटूश् एवं सन्मति सराब द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों किये।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 2 में हुआ पौधारोपण



**समय जगत, निवाड़ी।** कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के निर्देशानुसार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद निवाड़ी श्री अभय राज सिंह के मार्गदर्शन में आज नगर परिषद निवाड़ी में वार्ड क्रमांक 02 स्थित कब्रिस्तान परिसर में ÷एक पेड़ माँ के नाम अभियान÷ के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष, नगर परिषद निवाड़ी श्री गुलाब अहिरवार, उपस्थित रहे। इस अवसर पर परिसर में लगभग 150 विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुख्य नगर पलिका अधिकारी श्री अभयराज सिंह, उपयंत्री श्री कपिल मोर, सिटी मिशन मैनेजर श्री अनिल झा, लेखापाल श्री कृष्णकांत वंशकार, समस्त कर्मचारी नगर परिषद निवाड़ी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र में वृद्धि तथा नागरिकों में पौधरोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# अटल आवासीय विद्यालय के बच्चों से फिर मिले डीएम

### 33 बच्चे स्वस्थ होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज

**समय जगत, ललितपुर।** अटल आवासीय विद्यालय के बीमार बच्चों का हालचाल जानने के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एक बार फिर राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने भर्ती बच्चों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका स्वास्थ्य जाना, अभिभावकों से बातचीत की तथा चिकित्सकों से उपचार की विस्तृत जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने जिलाधिकारी को बताया कि भर्ती सभी बच्चों की स्थिति अब सामान्य है और अधिकांश बच्चे पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। इसके बाद जिलाधिकारी की मौजूदगी में 50 में से 33 बच्चों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि 17 बच्चों को हल्के लक्षणों के चलते विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में मेडिकल कॉलेज में ही रखा गया है। चिकित्सकों के अनुसार शेष बच्चों की हालत भी लगातार बेहतर हो रही है और उन्हें भी जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी। बच्चों से बातचीत के दौरान जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार की चिंता न करें और पूरी लगन के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखें। जिलाधिकारी ने बच्चों के अभिभावकों को भी आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ बच्चों की देखभाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी लगातार बच्चों के संपर्क में हैं और 24 घंटे उनके स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अटल आवासीय विद्यालय में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए। विद्यालय की पाकशाला में उपयोग होने वाली खाद्य सामग्री की समय-समय पर गुणवत्ता जांच कराई जाए, बच्चों का नियमित मेडिकल चेकअप कराया जाए।

# मैनवार में सहखातेदार की जमीन पर कब्जे का प्रयास, चार पर रिपोर्ट

**समय जगत, ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैनवार में सहखातेदार की जमीन और ग्राम सभा की भूमि पर कथित अवैध कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। विरोध करने पर गाली-गलौज, गला दबाने का प्रयास और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम मैनवार निवासी वृषभान सिंह पुत्र प्यारेजू बताया कि वह ग्राम स्थित आराजी संख्या 862 (रकबा 0.2430 हेक्टेयर) में कुसुम दुलैया और भगवान सिंह के साथ सहखातेदार हैं। उनका आरोप है कि गांव में चकबंदी प्रक्रिया के दौरान उनकी भूमि तथा ग्राम सभा की भूमि पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप लगाया गया है कि 10 जुलाई 2026 की सुबह करीब नौ बजे बीर पुत्र हरपाल सिंह, हरपाल पुत्र हिम्मत सिंह ठाकुर, दिनेश पुत्र फुल्लू झां और विनोद पुत्र फुल्लू झां, सभी निवासी ग्राम मैनवार, बिना अनुमति जमीन पर टीनशेड और गुम्मा की दीवार बनवा रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और कथित रूप से वृषभान सिंह का गला दबाने का प्रयास किया। शोर सुनकर खेतों में काम कर रहे गनेश और हरीराम यादव (पुत्रगण गोकुल प्रसाद) मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि चकबंदी अधिकारी एवं लेखपाल ने 13, 14 और 16 जुलाई को मौके पर पहुंचकर पैमाइश की और नोटिस चस्पा किए थे। पुलिस और चकबंदी विभाग ने निर्माण रुकवाने का प्रयास भी किया, लेकिन इसके बावजूद आरोपियों ने कथित रूप से निर्माण कार्य जारी रखा। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफबीएनएस की धारा 329(3), 131, 352, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

# अंजान कॉल से युवती के खाते से 17 हजार की साइबर ठगी, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**समय जगत, ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम बिलाटा निवासी एक युवती से अनजान कॉल के माध्यम से करीब 17 हजार रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने से रकम होल्ड करा दी गई थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर मुकदमा दर्ज न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर बानपुर थाना पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बिलाटा निवासी रोशनी पुत्री सोबरन ने न्यायालय के माध्यम से दर्ज कराई गई शिकायत में बताया कि उनका स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की चिगलौआ शाखा में बैंक खाता संचालित है। कुछ समय पहले उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉल करने वाले ने बातचीत के दौरान उन्हें झांसे में लेकर उनके बैंक खाते से करीब 17 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर खाते से रकम कटने का संदेश मिलते ही पीड़िता ने तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर साइबर पोर्टल पर प्रकरण दर्ज हुआ और संबंधित राशि को होल्ड (फ्रीज) करा दिया गया। आरोप है कि साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने और स्थानीय पुलिस व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश के बाद बानपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफएफआईआर दर्ज की।

# काम से लौट रहे दलित युवक से मारपीट, एससी/एसटी एक्ट सहित केस दर्ज

**समय जगत, ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम दिदौरा में काम से घर लौट रहे एक दलित युवक के साथ कथित मारपीट, जातिसूचक टिप्पणी और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी के खिलाफबीएनएस एवं एससी/एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी (सीओ) महरौनी को सौंपी गई है। ग्राम दिदौरा निवासी विकाश पुत्र कैलाश अहिरवार ने तहरीर देकर बताया कि 16 जुलाई 2026 की रात करीब आठ बजे वह गांव में ताहिर सिंह यादव के यहां काम करने के बाद घर लौट रहा था। जब वह कल्लू यादव की दुकान के सामने पहुंचा, तभी गांव के प्रहलाद पुत्र ऊदल सिंह यादव, निवासी ग्राम दिदौरा, ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि आरोपी ने बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की गई ।

# मकान बेचने के नाम पर दो लाख रुपये की ठगी, दूसरे को बेच दी संपत्ति

**समय जगत, ललितपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र मेंमकान बेचने के नाम पर दो लाख रुपये की ब्याना राशि लेकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी ने मकान का सौदा तय करने और एडवांस लेने के बाद वही मकान किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी और उसके साथी ने रुपये लौटाने से इनकार कर दिया। तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आजाद चौक के पास, लक्ष्मीपुरा निवासी पृथ्वी बाल्मीकि पुत्र राकेश बाल्मीकि ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तालाबपुरा निवासी अभिषेक सिंह तोमर उर्फधीरू राजा पुत्र अतवल सिंह तोमर ने बीमारी और इलाज का हवाला देकर अपनी मां किरन देवी के नाम दर्ज मकान को बेचने की बात कही। तहरीर के अनुसार दोनों के बीच करीब छह वर्ष से परिचय था। आरोपी ने आर्थिक जरूरत बताते हुए मकान बेचने की इच्छा जताई। मकान देखने के बाद 30 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। आरोप है कि 12 जनवरी 2026 को आरोपी ने ब्याने के रूप में दो लाख रुपये मांगे। उसने गवाह नीलू कुशवाहा और आकाश वाल्मीकि की मौजूदगी में 1.90 लाख रुपये नकद दिए, जबकि 10 हजार रुपये फोनपे के माध्यम से आरोपी के सहयोगी निरपेन्द्र सिंह यादव के खाते में भेजे। आरोप है कि अप्रैल में रजिस्ट्री कराने की बात करने पर आरोपी ने कहा कि मकान पर नौ लाख रुपये का बैंक ऋण है, जिसे पहले जमा करना होगा। जब पीड़ित ने बिना रजिस्ट्री अतिरिक्त रकम देने से इनकार किया तो आरोपी ने किसी दूसरे को मकान बेचकर पैसे लौटाने की बात कही और 5 अप्रैल 2026 को दो लाख रुपये का भारतीय स्टेट बैंक का चेक भी दिया।

बाद में उसको जानकारी मिली कि आरोपी ने उक्त मकान दीपक साहू नामक व्यक्ति को बेच दिया है। जब उसने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपी ने देने से मना कर दिया। आरोप है कि रास्ते में मिले निरपेन्द्र सिंह यादव ने भी कहा कि हम लोग तुम्हारे पैसे खा गए हैं, अब पैसे नहीं मिलेंगे, जो करना हो कर लो। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 316(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# राधा–कृष्ण मंदिर मार्ग पर आवारा सूअरों का आतंक

## 14 जुलाई को आदेश जारी होने के बावजूद मोहल्ले में खुलेआम घूम रहे सूअर

### नगर पालिका के नोटिस के बाद भी नहीं मिली राहत



**समय जगत, ललितपुर।** गांधीनगर नई बस्ती वार्ड-4 स्थित श्रीश्री 1008 श्रीराधा कृष्ण मंदिर मार्ग पर आवारा सूअरों की समस्या लगातार बनी हुई है। मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, महिलाओं, बुजुर्गो और बच्चों को हो रही परेशानी के चलते मंदिर प्रबंधन समिति की शिकायत पर नगर पालिका परिषद ने तीन संविदा सफाई कर्मचारियों को नोटिस जारी कर तत्काल सूअर हटाने के निर्देश दिए थे।

हालांकि, नोटिस जारी होने के कई दिन बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। नगर पालिका परिषद द्वारा 14 जुलाई 2026 को जारी नोटिस में कमलेश बाल्मीकि, मनोज कुमार वाल्मीकि और तोता वाल्मीकि को निर्देशित किया गया था कि वे अपने सूअरों को तत्काल मोहल्ले से हटाना सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि आदेश की अवहेलना करने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्तियों की होगी। श्रीश्री 1008 श्रीराधा कृष्ण मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा अधिशासी अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि बिहारी राशन की दुकान से लेकर श्रीराधा कृष्ण मंदिर तक, आसपास की गलियों और खाली पड़े प्लॉटों में बड़ी संख्या में सूअर दिन-रात घूमते रहते हैं।

इससे मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार सूअर लोगों के पीछे दौड़ पड़ते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि खुले में घूमने वाले सूअर कूड़े के ढेर और नालियों को उखाड़कर पूरे क्षेत्र में गंदगी फैलाते हैं। इससे दुर्गंध के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है और मंदिर के आसपास का धार्मिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बावजूद आज भी मंदिर मार्ग और मोहल्ले की गलियों में सूअरों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं। लोगों का आरोप है कि नोटिस केवल औपचारिकता बनकर रह गया और संबंधित लोगों ने प्रशासनिक आदेश का पालन नहीं किया। मोहल्लेवासियों का कहना है कि नोटिस पाने वाले लोग प्रशासनिक कार्रवाई से बेखौफहैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि नगर पालिका ने नोटिस जारी करने के बाद अब तक आगे क्या कार्रवाई की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक ओर नगर पालिका शहर को स्वच्छ बनाने के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर कई मोहल्लों में आवारा सूअरों और गंदगी की समस्या बनी हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार खुले में घूमने वाले सूअर संक्रामक बीमारियों के फैलने का कारण बन सकते हैं,

इसलिए केवल नोटिस जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित निगरानी और प्रभावी कार्रवाई भी आवश्यक है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि नोटिस की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए और मंदिर मार्ग सहित पूरे क्षेत्र को आवारा सूअरों से मुक्त कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण मिल सके। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो गंदगी, संक्रमण और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहेगा।

# बलशालियों के समक्ष मौथला होता कानूनी हथियार

**समय जगत, झांसी।** भारतीय लोकतंत्र आज एक अत्यंत संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। स्वतंत्रता के अमृतकाल में जहां एक पारदर्शी, जवाबदेह और लोक-कल्याणकारी व्यवस्था की आशा है वहीं धरातल पर स्थितियां इसके विपरीत होती जा रही हैं। राजनीति जनसेवा का माध्यम न रहकर विशुद्ध रूप से सत्ता और स्वार्थ का खेल बन चुकी है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस गिरावट का सीधा असर देश के प्रशासनिक तंत्र यानी कार्यपालिका पर पड़ा है। जब राजनीति सिद्धांतविहीन हो जाती है, तो कार्यपालिका भी अपने संवैधानिक दायित्वों से विमुख होकर सत्ताधारियों और रसूखदारों के इशारों पर नाचने लगती है। ऐसे में अब आम नागरिक इस समूची व्यवस्था में सबसे लाचार, उपेक्षित और शोषित घटक बनकर रह गया है। शरीर के पांच तत्वों की तरह ही वर्तमान समाज भी पांच नये कारक स्थापित हो चुके हैं। बाहुबल, धनबल, भीड़बल, पहुंचबल और आतंकबल का परचम फहराने लगा है। चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली प्रतिष्ठित संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी एडीआर की रिपोर्ट्स में इस कड़वी सच्चाई को लगातार रेखांकित किया जाता रहा है। वर्तमान में संसद और राज्यों की विधानसभाओं में दागी और करोड़पति जनप्रतिनिधियों की संख्या 40 प्रतिशत से कहीं अधिक है। जब कानून बनाने वाली संस्थाओं में ही ऐसे तत्वों का वर्चस्व होगा तब कानून का पालन कराने वाला तंत्र तो स्वार्थसिद्धि के लिए स्वच्छन्द हो ही जायेगा। कद्दावर नेताओं के असंवैधानिक कार्यों को अनदेखा करने के बदले में राजसेवकों की निरंतर चांदी ही हो रही है। किसी बलशाली के विरुद्ध कार्रवाई करने की हिम्मत जुटाना आज के ईमानदार अधिकारी के लिए भी अपनी नौकरी, स्थानांतरण और सम्मान को दांव पर लगाने जैसा हो गया है। अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण पुलिस तंत्र अक्सर निष्पक्ष जांच करने में विफल रहता है। इससे आम जनता का कानून से भरोसा उठने लगा है, जो किसी भी लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। राजनीति के इस पतन का सबसे वीभत्स रूप हमें सरकारी विभागों में देखने को मिलता है, जहां भ्रष्टाचार अपनी चरमसीमा पर है। बिना सुविधा शुल्क के किसी भी आम नागरिक का वैध काम होना भी असंभव सा हो गया है। वैश्विक

**भविष्य की आहट**
**डॉ. रवीन्द्र अरजरिया**

भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई में भारत का स्थान दुनिया के 180 देशों में लगातार 85वें से 93वें स्थान के बीच झूल रहा है। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक भले ही भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा करें, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अधिकांश मामलों में तहसील कार्यालय, नगर निगम, विकास प्राधिकरण, बिजली विभाग और पुलिस थानों आदि शासकीय संस्थाओं में सुविधाशुल्क या बलशाली के फोन के बिना के पत्ता भी नहीं हिलता। यह राशि या फोन केवल प्रक्रिया को तेज करने के लिए नहीं होता बल्कि कई बार नागरिकों को उनके वैध अधिकारों से वंचित करने की धमकी देकर भी जबरन वसूला जाता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में आज भी लगभग आधे से अधिक नागरिकों को बुनियादी सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए कभी न कभी रिश्वत देने पर मजबूर होना पड़ता है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोग, जिनके पास न तो राजनीतिक पहुंच है और न ही देने के लिए भारी-भरकम रकम, वे इस व्यवस्था की चक्की में पीसने को मजबूर हैं। इस तरह की रिपोर्ट्स पर उत्तरदायी अधिकारी धृतराष्ट्र बनकर स्वार्थरूपी दुर्योधन को संरक्षित करने में लगे रहते हैं। सरकारी सेवकों द्वारा जानबूझकर की गई गलतियों का खामियाजा भी पीड़ित नागरिक को ही भुगतना पड़ता है। राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटिपूर्ण नाम से लेकर गलत बिजली बिल तक, पेंशन के रुकने से लेकर आधार-राशन कार्ड में गलतियां आदि के लिए पीडित को स्वयं ही दफ्तरों के अनगिनत चक्कर काटने पड़ते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का रवैया इतना असंवेदनहीन हो चुका है कि वे अपनी गलती मानने के बजाय पीड़ित को ही दोषी सिद्ध करने में अपनी पूरी ऊर्जा लगा देते हैं। वर्तमान समय में डिजिटलाइजेशन के नाम पर पोर्टल, वेबसाइट आदि के लिए बनाये गये विभागों में नियुक्त स्थाई कर्मचारियों, वहां के संसाधनों, उपकरणों, व्यवस्थाओं आदि पर करदाताओं की धनराशि का एक बडा भाग खर्च किया जा रहा है तिस पर बाह्य विशेषज्ञों से अनुबंध, सेवा प्रदाताओं की नियुक्तियां और संविदाकर्मियों का सहयोग भी लिया जा रहा है। विभागीय अधिकारी, कर्मचारी सक्षम नहीं हैं तो फिर उनकी नियुक्तियां की ही क्यों गई। संविदाकर्मियों को ही स्थाई नियुक्तियां क्यों नहीं दी गई। इतना सब कुछ होने के बाद भी अधिकांश विभागों की वेबसाइट तथा पोर्टल आदि अपूर्ण होते हैं, मेन्टीनेन्स में होते हैं या फिर अपडेट नहीं होते हैं। डिजिटल के नाम पर नित परिवर्तित प्रपत्र, परिवर्तित व्यवस्थायें, परिवर्तित तकनीक और परिवर्तित तंत्र समाने आते हैं जिनमें उलझकर आम आदमी के सामने कार्यपालिका के संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के सामने समर्पण करने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। राष्ट्रीय सतर्कता आयोग यानी सीवीसी के पास हर साल सरकारी तंत्र की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार की हजारों शिकायतें पहुंचती हैं लेकिन न्याय की कछुआ गति इस शोषण को और बढ़ाती है। सिटिजन चार्टर यानी नागरिक अधिकार पत्र जैसी व्यवस्थाएं केवल फाइलों और दीवारों पर शोभा बढ़ा रही हैं, धरातल पर उनकी जवाबदेही तय करने वाला कोई नहीं है। यदि समय रहते इस निरंकुश प्रशासनिक तंत्र पर लगाम नहीं कसी गई तो कार्यपालिका के ये भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारी समूची लोकतांत्रिक व्यवस्था को ही उदरस्थ कर लेंगे। ऐसी विकट परिस्थितयों में आम आवाम को स्वयं ही जागरूक होना होगा। जब तक देश का आम नागरिक मूकदर्शक बनकर जाति, धर्म, क्षेत्र या हरामखोरी के जाल में फंसकर अपना वोट बेचता रहेगा, तब तक यह व्यवस्था ऐसे ही शोषित करती रहेगी। वास्तविकता तो यह है कि लोकतंत्र में आम आवाम प्रजा नहीं बल्कि स्वामी है और अधिकारी हैं जनसेवक। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटने हेतु तहसील हमीरपुर में कंट्रोल रूम किया गया स्थापित

## दो पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित



**समय जगत हमीरपुर ।** यमुना एवं बेतवा नदियों में संभावित बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत तथा बाढ़ के दौरान प्राप्त होने वाली जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से तहसील हमीरपुर में प्रशासनिक कक्ष संख्या-8 से 24म7 बाढ़ कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का लैंडलाइन नंबर 05282-221081 है,जिस पर आमजन बाढ़ संबंधी सूचना एवं सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं। तहसीलदार द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी दो पालियों में अग्रिम आदेशों तक लगाई गई है। प्रथम पाली (प्रातः 7ः00 बजे से रात्रि 7ः00 बजे तक) में राजेश मिश्रा (संग्रह अमीन एवं अजय कुमार (संग्रह अमीन,मो. 9838901924) तैनात रहेंगे। द्वितीय पाली (रात्रि 7ः00 बजे से प्रातः 7ः00 बजे तक) में केशव नारायण (संग्रह अमीन, मो. 9452771070) तथा जगमोहन (संग्रह अमीन,मो. 9450997756) अपनी सेवाएं देंगे।

तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिघंटा नदी के जलस्तर का रजिस्टर में अंकन करें तथा प्राप्त होने वाली प्रत्येक सूचना एवं समस्या से तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनपदवासियों से अपील की गई है कि बाढ़ संबंधी किसी भी आपात स्थिति अथवा सूचना के लिए कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर 05282-221081 पर संपर्क करें।

# जसपुरा में डंप वाहनों से जबरन की जा रही है अवैध वसूली

## वीडियो वायरल होने के बाद भी जिम्मेदार मौन



**बांदा।** जिला पंचायत से खनिज तहबाजारी शुल्क का ठेका लेने वाली महोबा की श्पाण्डेय ग्रुपश् कंपनी लगातार विवादों के घेरे में है। पिछले एक सप्ताह से सोशल मीडिया पर अवैध वसूली के कई वीडियो वायरल होने और खबरों के प्रकाशन के बावजूद कंपनी के हौसले बुलंद हैं। सुधरने के बजाय कंपनी के दबंग कर्मचारियों ने वसूली का नया तरीका निकाल लिया है। अब जसपुरा क्षेत्र में बोलेरो और बाइकों से घूमकर खुलेआम वाहन चालकों से गुंडागर्दी के बल पर अवैध रूप से रुपए ऐंठे जा रहे हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि साक्ष्य सामने होने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी कहीं न कहीं इस खेल में सफेदपोशों और जिम्मेदारों की मिलीभगत की ओर साफ इशारा कर रही है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जसपुरा क्षेत्र में बालू के स्वीकृत डंपों से निकलने वाले ट्रकों और अन्य मालवाहकों को जबरन रोककर डराया-धमकाया जा रहा है। वसूली के लिए एक ब्लैक कलर की मोटरसाइकिल नंबर-यूपी62 सीजेड7982 और बोलेरो का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन वाहनों में सवार कंपनी के लठैत तहबाजारी शुल्क की आड़ में चालकों से जबरन मोटी रकम वसूल रहे हैं। अवैध वसूली का यह मकड़जाल सिर्फ जसपुरा तक ही सीमित नहीं है। नरैनी क्षेत्र के ग्राम पंचायत नहरी और अकेलवा के बीच, मध्य प्रदेश से आने वाले मौरंग व बालू के वाहनों को निशाना बनाया जा रहा है। दबंगई के बल पर प्रति चक्कर 800 से 900 रुपये की पीली पर्ची काटी जा रही है, जिससे ट्रक मालिकों और चालकों में भारी आक्रोश है। इस खुली लूट के खिलाफ ट्रक एसोसिएशन लामबंद हो गया है। ट्रक मालिक रोहित शिवहरे, ललित गुप्ता (लल्ला), और शिवम सहित एसोसिएशन के कई सदस्यों ने इस संबंध में मंडलायुक्त को एक शिकायती ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने पाण्डेय ग्रुप के गुर्गों पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार कहा कि मामला हमारे संज्ञान में आया है। यह पूरी तरह से अवैध है। कोतवाली प्रभारी को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने और अवैध वसूली करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।लगातार उठ रहे सवालों और पुलिस के दावों के बीच अब जनता और पीड़ित ट्रक मालिकों की नजरें जिला प्रशासन और जिला पंचायत पर टिकी हैं। देखना यह है कि क्या इस सिंडिकेट पर सचमुच कोई सख्त कार्रवाई होती है या फिर श्पाण्डेय ग्रुपश् इसी तरह नियमों को ताक पर रखकर अवैध वसूली की मलाई चाटता रहेगा।

# बुंदेलखंड की जीवनदायिनी संकट में नाली में तब्दील हुई ऐतिहासिक केन नदी

**बांदा।** बुंदेलखंड की जीवनदायिनी कही जाने वाली ऐतिहासिक केन नदी आज अपने अस्तित्व की सबसे कठिन लड़ाई लड़ रही है। कभी कल-कल बहने वाली और साफ-सुथरे पानी के लिए जानी जाने वाली यह नदी आज प्रशासनिक उपेक्षा और बढ़ते प्रदूषण के कारण महज एक संकरी नाली के रूप में सिमटती नजर आ रही है। प्रदूषण और अवैध खनन की दोहरी मारशहर के गंदे नालों का पानी बिना किसी ट्रीटमेंट के सीधे केन नदी में गिराया जा रहा है, जिससे इसका पानी न तो पीने लायक बचा है और न ही आचमन के योग्य। नदी के किनारों पर लगे कचरे के ढेर और जलकुंभी ने इसके प्रवाह को रोक दिया है। इसके साथ ही, लगातार होने वाले अवैध बालू खनन ने नदी के सीने को छलनी कर दिया है, जिससे जलस्तर लगातार पाताल में जा रहा है। सूखता जा रहा है जल का मुख्य स्रोत गर्मी और मानसून की शुरुआती बेरुखी के चलते नदी का अधिकांश हिस्सा सूखकर मैदान में तब्दील हो चुका है, जहां अब केवल सूखी रेत और कीचड़ ही नजर आता है। स्थानीय लोगों और पर्यावरणविदों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अगर समय रहते केन नदी के पुनरुद्धार के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो बांदा और आसपास के क्षेत्रों में जल संकट एक भयावह रूप ले लेगा। केन नदी हमारे बांदा की पहचान है। आज इसे देखकर रोना आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पंचायत कार्यालय की छत का गिरा प्लास्टर



**समय जगत सुमेरपुर (हमीरपुर)।** सोमवार सुबह हुई रुक-रुक कर रिमझिम बारिश के बीच नगर पंचायत कार्यालय की छत का प्लास्टर अचानक टूटकर नीचे गिर गया। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। प्लास्टर गिरने की आवाज सुनकर कार्यालय परिसर में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि घटना कार्यालय का कामकाज शुरू होने से पहले हुई, जिससे कोई कर्मचारी या आम नागरिक इसकी चपेट में नहीं आया। बारिश के कारण मौसम जहां सुहावना हो गया, वहीं नगर पंचायत कार्यालय की जर्जर छत ने कर्मचारियों की चिंता बढ़ा दी। घटना के बाद कर्मचारियों में भवन की सुरक्षा को लेकर दहशत का माहौल है। उनका कहना है कि यदि प्लास्टर कार्यालय के नियमित समय में गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलने पर नगर पंचायत के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। कर्मचारियों ने भवन की स्थिति की जांच कर आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश चंद्र ने बताया कि प्लास्टर कार्यालय खुलने से पहले गिरा था, इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित कर्मचारियों को भवन की स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कराई जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर भवन की तकनीकी जांच भी कराई जाएगी, ताकि कर्मचारियों और कार्यालय आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### आकस्मिक निरीक्षण में तीन उर्वरक विक्रेताओं के अनुज्ञा पत्र निलंबित



**धौलपुर, समय जगत ।** किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों के भंडारण एवं वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग की टीम द्वारा शनिवार को पंचायत समिति मनिया क्षेत्र में कृषि आदान विक्रेताओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार प्रभु दयाल शर्मा के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों ने मैसर्स बालाजी खाद बीज भंडार, दीनानाथ खाद बीज भंडार एवं आरजी खाद बीज भंडार का विक्रय केन्द्र एवं गोदाम का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, पीओएस मशीन में दर्ज विवरण तथा मौके पर उपलब्ध यूरिया उर्वरक के भौतिक सत्यापन का मिलान किया गया। जांच के दौरान तीनों प्रतिष्ठानों में अभिलेखों एवं वास्तविक स्टॉक के बीच भिन्नता पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण संबंधी प्रावधानों के तहत गंभीर अनियमितता मानते हुए मैसर्स बालाजी खाद बीज भंडार, दीनानाथ खाद बीज भंडार एवं आर.जी. खाद बीज भंडार के उर्वरक अनुज्ञा पत्रों को आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। संयुक्त निदेशक कृषि ने बताया कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उर्वरकों की कालाबाजारी, स्टॉक में अनियमितता तथा नियमों के उल्लंघन के मामलों में विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है तथा दोषी पाए जाने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण दल में कृषि अधिकारी गिरिराज माहुर, कैलाश चन्द शर्मा, सहायक कृषि अधिकारी शुभम एवं जगदीश रावत, कृषि पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार, सोनवीर तथा रघुनाथ उपस्थित रहे।

### धौलपुर पुलिस बनी परिवार की डोर, काउंसलिंग से सुलझा विवाद, बुजुर्ग की सम्मानपूर्वक हुई घर वापसी



**धौलपुर, राजस्थान ।** धौलपुर पुलिस ने एक बार फिर संवेदनशील पुलिसिंग का उदाहरण पेश करते हुए पारिवारिक विवाद के कारण परिवार से अलग रह रहे एक बुजुर्ग को उनके परिजनों से मिलाकर सम्मानपूर्वक घर वापसी कराई। पुलिस की काउंसलिंग और समझाइश के बाद परिवार में आपसी मतभेद खत्म हुए और बुजुर्ग को दोबारा अपने परिवार का साथ मिल गया ।सरमथुरा थाना प्रभारी कैलाश समरी ने बताया कि ग्राम कोनेसा निवासी नथुआ राम मीना, जो तीन पुत्रों के पिता हैं, पारिवारिक अनबन के चलते कुछ समय से परिवार से अलग रह रहे थे। हाल ही में उन्होंने अपनी पीड़ा पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के समक्ष रखी और न्याय की गुहार लगाई ।एसपी के निर्देश पर सरमथुरा थाना पुलिस ने बुजुर्ग के तीनों पुत्रों और अन्य परिजनों को थाने बुलाकर उनकी काउंसलिंग की। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने परिवार को बुजुर्गों के सम्मान, उनके अधिकारों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। समझाइश और आपसी संवाद के बाद परिवार के सभी सदस्य विवाद समाप्त करने पर सहमत हो गए।

# सदर विधायक और नपा अध्यक्ष ने करोड़ों की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**बांदा।** जनपद के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाया गया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी और नगर पालिका परिषद बांदा की अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता बासू ने संयुक्त रूप से करोड़ों रुपये की विभिन्न जनहितकारी विकास परियोजनाओं का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के शुरू होने से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। शिलान्यास कार्यक्रम की शुरुआत विकासखंड महुआ के ग्राम पंचायत अनथुवा से हुई, जहां लगभग 41 लाख की भारी-भरकम लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन/बारात घर का भूमि पूजन किया गया। यह भवन ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। अब स्थानीय निवासियों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसके बाद नगर पालिका परिषद बांदा के मोहल्ला खुटला स्थित ऐतिहासिक कालका देवी मंदिर परिसर के समग्र अवस्थापना विकास कार्य का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। लगभग 1.72 करोड़ की लागत से होने वाले इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत तालाब का सुंदरीकरण और भव्य कला मंच का निर्माण,श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक शौचालय एवं अतिथि गृह का निर्माण।,परिसर के आकर्षण को बढ़ाने के लिए एक भव्य मुख्य द्वार का निर्माण।इस परियोजना के पूरे होने से क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को एक नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में बांदा सदर विधानसभा में विकास कार्य निरंतर गति से आगे बढ़ रहे हैं। धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विकास कार्य पूरी गुणवत्ता और तय समय सीमा के भीतर पूरे कराए जाएंगे, ताकि जनता को इसका तत्काल लाभ मिल सके।ष नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता बासू ने कहा कि नगर के धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों का विकास व सौंदर्यीकरण नगर पालिका की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। इन आधुनिक सुविधाओं के विकसित होने से क्षेत्र का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। इस ऐतिहासिक शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ममता मिश्रा, राजभवन उपाध्याय, पंकज रैकवार, पुष्कर द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि (ग्रामीण) शैलेन्द्र सिंह शैलू, रामललन द्विवेदी, विनय कुशवाहा, महाराज नारायण द्विवेदी, द्वारिका सोनी, राजू मसुरहा, राकेश गुप्ता (दद्दू), रज्जन गुप्ता, अंकित बासू, शीलू लखेरा, चन्द्रभूषण सोनी, कुलदीप नामदेव, दिनेश शुक्ला, दुर्गा सोनी, इन्द्रजीत राजपूत, विष्णूदत्त पाठक, राहुल सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, रंजीत सिंह, विष्णू सिंह, मुन्ना सिंह, महेश द्विवेदी, विनोद गुप्ता और अनिल गुप्ता सहित नगर पालिका परिषद के समस्त सभासदगण एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कल राज्य महिला आयोग की सदस्य करेंगी महिला जनसुनवाई

**समय जगत हमीरपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अनीता गुप्ता 22 जुलाई 2026 (बुधवार) को जनपद का भ्रमण करेंगी। उनके द्वारा अपराह्न एक बजे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट में महिला जागरूकता शिविर, महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा तथा महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा ।जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों, महिला सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों, हेल्पलाइन सेवाओं तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न महिला कल्याणकारी एवं सशक्तिकरण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही महिला उत्पीड़न से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई कर पीड़ित महिलाओं की शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। उन्होंने जनपद की समस्त महिला उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं एवं आवेदिकाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित महिला जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें एवं समस्याएं राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अनीता गुप्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। इससे उनकी समस्याओं के प्रभावी समाधान के साथ-साथ उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी।

## राजस्थान में पंचायत व निकाय चुनाव का रास्ता साफ, हाईकोर्ट की मंजूरी के बाद सरकार ने जारी किया पूरा कार्यक्रम

**धौलपुर, समय जगत।** राजस्थान में लंबे समय से प्रतीक्षित स्थानीय निकाय एवं पंचायत चुनाव का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। राज्य सरकार ने राजस्थान हाईकोर्ट में चुनाव कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए निर्धारित समय-सीमा के अनुसार चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही राज्य में पहले स्थानीय निकाय चुनाव और उसके बाद पंचायत चुनाव कराए जाएंगे ।सरकार की ओर से पेश कार्यक्रम के अनुसार 17 अगस्त को स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा की जाएगी तथा 22 अगस्त को इसकी अधिसूचना जारी होगी। इसके बाद 23 सितंबर को पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। संपूर्ण पंचायत चुनाव प्रक्रिया 15 नवंबर 2026 तक पूरी कर ली जाएगी ।चुनाव कार्यक्रम से पहले सरकार आरक्षण संबंधी प्रक्रिया भी पूरी करेगी। राजस्थान ओबीसी आयोग अपनी अंतिम राजनीतिक आरक्षण रिपोर्ट 5 अगस्त तक सरकार को सौंपेगा, जबकि 15 अगस्त तक राज्य सरकार आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया पूरी करेगी।

**पंचायत चुनाव का संभावित कार्यक्रम :** 23 सितंबर- पंचायत चुनाव की घोषणा 28 सितंबर- निर्वाचन अधिसूचना जारी 1 अक्टूबर- नामांकन की अंतिम तिथि 3 अक्टूबर- नामांकन पत्रों की जांच 5 अक्टूबर- नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह आवंटन 13 अक्टूबर, 23 अक्टूबर, 29 अक्टूबर और 3 नवंबर- जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों के लिए चार चरणों में मतदान 14 अक्टूबर, 24 अक्टूबर, 30 अक्टूबर और 4 नवंबर- पंच एवं सरपंच पदों के लिए मतदान और मतगणना 12 नवंबर- जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना 14 नवंबर- प्रधान एवं प्रमुख का चुनाव 15 नवंबर- उपप्रधान एवं उपप्रमुख का चुनाव मतदान का समय सभी चरणों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। राज्य में चुनाव कार्यक्रम तय होने के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। पंचायतों और स्थानीय निकायों में चुनाव लड़ने के इच्छुक संभावित उम्मीदवारों ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनावी अधिसूचना जारी होने के साथ ही प्रदेशभर में आचार संहिता लागू होने की संभावना है।

# श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लिए मजदूर रजिस्ट्रेशन करा लाभ प्राप्त करें : एमएलसी जितेन्द्र सेंगर



**महोबा।** बैठक में बतौर समिति सदस्य एम एल सी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने प्रतिभाग कर समिति के माध्यम से अवगत कराया कि सरकार की श्रमिकों मजदूरों के लिए बहुत अच्छी योजनाएं हैं जिससे लोगों को लाभ भी प्राप्त हो रहा है, विभाग द्वारा संचालित श्रमिकों के लिए मातृत्व शिशु एवं बालिका प्रोत्साहन योजना, आवासीय विद्यालय योजना,चिकित्सा हेतु राशि, कन्या विवाह सहायता योजना, कामगार गंभीर बीमारी सहायता योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यंगिता सहायता योजना एवं अन्य योजनाओं से श्रमिकों को लाभान्वित किया जा रहा है लेकिन कई श्रमिकों को विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे तब बड़ी मुश्किल से लाभ प्राप्त होता है जबकि सरकार की मंशा स्पष्ट है कि कोई बिचौलिया दलाल की भूमिका ना हो प्रमुख सचिव श्री एम के सुंदरम जी द्वारा आश्वासन दिया कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हेतु समुचित प्रचार प्रसार किया जाएगा श्रमिकों की समस्याओं का तत्काल समाधान होगा संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि जो पात्र व्यक्ति हैं उन्हें श्रमिक योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत लाभ प्रदान हो एवं बीच में कोई दलाल की भूमिका न हो बैठक में श्रम सेवायोजन राज्य मंत्री श्री मनोहर लाल पंत मन्नू कोरी जी, हमीरपुर सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति जी सहित माननीय सदस्य गण एवं श्रम विभाग निदेशक सहित उच्च अधिकारियों की उपस्थिति रही द्य

# डी एम नें सभी पशुओं की ईयर टैगिंग कर भारत पशुधन पोर्टल पर डिजिटल डेटाबेस तैयार करने के दिए निर्देश



**महोबा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन (ष्ठ्रस्रू) के सुचारु संचालन और क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी नें बताया कि पशुधन का डिजिटलीकरण और यूनिक पहचान मिलेगी।

नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन की समीक्षा बैठक संपन्न । पशुओं को मिलेगा आधार की तर्ज पर यूनिक आईडी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की हुई अहम बैठक। जिलाधिकारी नें सभी पशुओं की ईयर टैगिंग कर भारत पशुधन पोर्टल पर डिजिटल डेटाबेस तैयार करने के निर्देश दिए । ग्राम स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और पंचायत सहायक बनेंगे पंचायत नोडल अधिकारी बैठक में जिलाधिकारी महोदया ने निर्देश दिया कि जनपद के भीतर पशुधन का शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण सुनिश्चित किया जाए। आधार कार्ड की तर्ज पर प्रत्येक पशु के लिए एक यूनिक आईडी जारी की जाएगी, जिससे हर पशु की अपनी एक अलग पहचान स्थापित हो सकेगी।

इसके लिए सभी पशुओं के कान में सुरक्षित ईयर टैग लगाना और उनका विस्तृत डिजिटल डेटाबेस तैयार करना अनिवार्य है। इस डेटाबेस में पशु की उम्र, नस्ल और उसके टीकाकरण का पूरा इतिहास दर्ज रहेगा।उन्होंने बताया कि

**भारत पशुधन पोर्टल से पारदर्शी प्रबंधनः** योजना के अंतर्गत डेटा प्रविष्टि, मॉनिटरिंग और चिकित्सा सेवाओं (जैसे कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण) के प्रबंधन के लिए भारत पशुधन पोर्टल ा अनिवार्य उपयोग किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से बिचौलियों का हस्तक्षेप खत्म होगा, व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी और समय पर उपचार मिलने से पशुओं की मृत्यु दर में कमी आएगी, जिससे अंततः पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी।

**अंतर-विभागीय समन्वय और नोडल अधिकारियों की भूमिकाः** पोर्टल पर डेटा एंट्री के कार्य को गति देने के लिए ग्राम्य विकास, पंचायती राज और नगर विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण स्तर पर इस योजना को प्रभावी बनाने के लिए ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और पंचायत सहायक को पंचायत नोडल अधिकारी नामित किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर पशुपालकों का आधार और मोबाइल नंबर के साथ पंजीकरण करेंगे, पशुओं के जन्म-मृत्यु या खरीद-बिक्री का डेटा अपडेट करेंगे और क्षेत्र में किसी भी संक्रामक बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करेंगे।

जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट नोडल अधिकारी और ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक नोडल अधिकारी पूरी प्रक्रिया की निरंतर निगरानी करेंगे।

जिलाधिकारी महोदया ने ब्लॉक स्तरीय क्रियान्वयन समिति (उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी आदि) को भी अपने-अपने विकास खंडों में कार्य को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा कराने की हिदायत दी है।

इस बैठक में जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति के सभी सदस्य, जिनमें मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सदस्य/सचिव) शामिल रहे।

# मैं वही बात दोहराता हूं भारत का रहने वाला हूं सिरसी कला मुख्य नहर की बात बताता हूं




**महोबा/कबरई।** कबरई विकासखंड के सिरसी कला क्षेत्र के किसानों ने कर्वी सिंचाई निर्माण खंड के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि वर्ष 2009 से शुरू की गई नहर परियोजना आज तक पूरी नहीं हो सकी, जिससे उन्हें सिंचाई के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। उनका यह भी कहना है कि उच्च अधिकारियों तक शिकायत पहुंचने के बाद भी धरातल पर कार्य की वास्तविक स्थिति की प्रभावी जांच नहीं हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि परियोजना में अनियमितताएं हुई हैं और सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है। किसानों का कहना है कि यदि नहर का निर्माण समय पर पूरा हो जाता, तो क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की पर्याप्त सुविधा मिलती और खेती को लाभ मिलता। उन्होंने परियोजना की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि वर्षों से लंबित इस नहर परियोजना को शीघ्र पूरा कराया जाए ताकि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सके।

इस खबर में लगाए गए आरोप किसानों के हैं।

# विकसित भारत - जी राम जीयोजना पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



**आगर मालवा।** जिला पंचायत आगर-मालवा के सभागार में सोमवार को ''विकसित भारत - जी राम जी'' योजना पर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पीओ मनोज कुमार शर्मा, अकाउंट ऑफिसर तंवर लाल परमार एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी तीर्थराज कटरे ने योजना के संबंध में विस्तृत निर्देश , वित्तीय प्रबंधन, मस्टर संधारण तथा 15 दिवस में भुगतान की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिले की चारों जनपद पंचायतों का तकनीकी एवं प्रशासनिक अमला उपस्थित था। गैर शासकीय संस्था डेवलपमेंट सपोर्ट सेंटर के सदस्य एवं अधिकारी भी प्रशिक्षण में शामिल हुए।

# 62 वर्षीय विधवा महिला का आरोप: रिश्वत दो, तभी होगा भुगतान

## न्याय की आस में दर-दर भटक रही महिला, आखिर कब होगी निष्पक्ष जांच?

**आनंद शर्मा -समय जगत, मनेंद्रगढ़।** एमसीबी जिले के स्वास्थ्य विभाग में एक बार फिर गंभीर आरोपों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनकपुर निवासी 62 वर्षीय विधवा महिला एवं स्वास्थ्य विभाग की पूर्व एएनएम श्रीमती ममता सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अविनाश खरे तथा उनके कार्यालय के एक कर्मचारी पर रिश्वत मांगने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने और मानसिक प्रताड़ना देने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए थाना जनकपुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

महिला का कहना है कि वर्ष 1988 से 2016 तक स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं देने के बाद भी उनकी जीपीएफ, जीआईएस एवं अन्य देय राशि का भुगतान आज तक नहीं हुआ। कई बार आवेदन देने और कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन मिलता रहा।

**50 हजार की रिश्वत मांगने का आरोप :** शिकायत में महिला ने आरोप लगाया है कि 2 जून 2026 को भुगतान संबंधी कार्य के लिए सीएमएचओ कार्यालय पहुंचने पर उनसे ?50,000 की रिश्वत मांगी गई। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उन्होंने राशि देने में असमर्थता जताई और अनुरोध किया कि भुगतान मिलने के बाद उसी राशि से पैसे दे दें। आरोप है कि इसके बाद भी भुगतान



नहीं हुआ और उन्हें लगातार टालमटोल किया जाता रहा।

**फोन पर अभद्र व्यवहार का आरोप :** महिला का आरोप है कि 16 जुलाई 2026 को जब उन्होंने भुगतान की जानकारी लेने के लिए फोन किया, तो पहले संबंधित बाबू ने कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद सीएमएचओ से बात होने पर उन्हें कथित तौर पर नीच औरत कहकर अपमानित किया गया तथा अशोभनीय एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया।

महिला का कहना है कि इस घटना से उनका आत्मसम्मान आहत हुआ है। उन्होंने शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि वह हृदय, किडनी, शुगर और उच्च रक्तचाप की मरीज हैं तथा इस मानसिक प्रताड़ना से बेहद व्यथित हैं।

**कई उच्च अधिकारियों को भेजी शिकायत :** महिला ने अपनी शिकायत की प्रतिलिपि स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य संचालक, महिला आयोग, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सहित कई अधिकारियों को भेजकर निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**अब उठ रहे हैं ये अहम सवाल :** क्या एक 62 वर्षीय विधवा महिला की शिकायत पर निष्पक्ष और समयबद्ध जांच होगी?

क्या रिश्वत मांगने और अभद्र व्यवहार के आरोपों की स्वतंत्र जांच कराई जाएगी?

यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो क्या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होगी?

या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा?

# सार संक्षिप्त

## लंदन आक्सफोर्ड युनिवर्सिटी से डिग्री प्राप्त कर अपने गृहनगर वापस आने पर डिप्टी कमिश्नर पुष्पेंद्र कुशवाहा का रेल्वे स्टेशन सतना में हुआ भव्य स्वागत



**सतना ।** सतना बिरसिंहपुर तिघरा वासियों के लिए अत्यंत प्रसन्नता और गौरव का पल है कि डिप्टी कमिश्नर पुष्पेंद्र कुशवाहा निवासी बिरसिंहपुर तिघरा ने फ़एम,एस,सी, इन रिसर्चिंग पब्लिक पालिसीफ़ ??( स्रूष्द्बद्व ऋद्वहृद्भद्धह्वद्बद्वद्द क्वड्डद्यद्बष्क्वद्यद्बष्4 ) में लंदन की ( क्वद्धद्यह्लह्वध्य ) ब्रिस्टल एवं ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से अपना ग्रेजुएशन पूर्ण कर और अपने देश अपने गृहनगर बिरसिंहपुर तिघरा का नाम रोशन किया द्य उपाधि ( डिग्री ) धारण करने के बाद लंदन से भारत आकर अपने गृहनगर बिरसिंहपुर तिघरा पहुंचने से पहले ही वंदे भारत ट्रेन से सतना रेलवे स्टेशन उतरने पर शुभचिंतकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी ।इस मौके पर एडवोकेट के,पी, पाल, उमाशंकर सिंह, डिप्टी कमिश्नर पुष्पेंद्र कुशवाहा के बड़े भाई कमलेश कुशवाहा, डी,के, प्रजापति, पुष्पराज कुशवाहा, आनंद कुमार महाजन, राहुल कुशवाहा, बृजलाल साहू, भारत कुशवाहा आदि ने स्वागत कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं ।

## सचिवों ने साथी की मौत पर दिया ज्ञापन



**नटेरन ।** विदिशा जिले की ग्राम पंचायत घोघरा ( जनपद पंचायत नटेरन ) के पंचायत सचिव स्वर्गीय रामसिंह विश्वकर्मा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत अब प्रशासनिक चर्चा का विषय बन गई है । मध्यप्रदेश पंचायत सचिव रोजगार सहायक संगठन और सरपंच संगठन ने मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण और जिले की रैंकिंग सुधारने के दबाव में सचिवों व रोजगार सहायकों से देर रात तक गांव-गांव जाकर काम कराया जाता है । संगठन का दावा है कि 18 जुलाई की रात शिकायतों के निराकरण से लौटते समय रामसिंह विश्वकर्मा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई। संगठन ने इसे प्रशासनिक दबाव का परिणाम बताते हुए ? उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच ? दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई ? रात्रिकालीन ड्यूटी पर रोक ? कर्मचारियों के लिए मानवीय कार्य व्यवस्था ? मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति एवं सभी शासकीय लाभ तत्काल देने की मांग की है । फिलहाल यह संगठन द्वारा लगाए गए आरोप और मांगें हैं । इन दावों की आधिकारिक पुष्टि या जांच के निष्कर्ष अभी सामने नहीं आए हैं ।

## आगर-मालवा में संस्कृति ज्ञान परीक्षा को मिली नई गति

**आगर मालवा ।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर श्रीराम अरण्यक, आमला में रविवार को जिले स्तरीय 'शिक्षक गरिमा शिविर' आयोजित हुआ । शिविर में जिले भर के शिक्षकों ने आगामी परीक्षा की कार्ययोजना बनाई और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इससे जोड़ने का संकल्प लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सह-संयोजक अशोक सालोकिया ने की । मुख्य अतिथि शैलेंद्र श्रीवास्तव, ट्रस्टी प्रदीप वैद्य, हरीश शर्मा और प्रकाश वैद्य ने शिक्षकों को संस्कार एवं राष्ट्रनिष्ठा से जोड़ने पर जोर दिया । चारों विकासखंडों के बीईओ मुकेश तिवारी, दिनेश त्रिवेदी, मनोहरलाल चौहान, मंगलेश सोनी सहित प्राचार्य डॉ. महेश बंसिया, एपीसी रजनीश स्वर्णकार भी उपस्थित रहे ।

# स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी गिरफ्तार, कन्नौद पुलिस ने भेजा जेल

## कन्नौद पुलिस की सख्त कार्रवाई से अपराधियों में मचा हड़कंप

**राकेश अजमेरा, कन्नौद, खातेगाँव ।** महिलाओं एवं स्कूली छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कन्नौद पुलिस ने छेड़छाड़ के एक मामले में त्वरित एवं सख्त कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों का जुलुस निकाला। थाना प्रभारी तहजीब काजी के अनुसार दो मनचले अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच भय का माहौल बना है तथा स्पष्ट संदेश गया है कि महिलाओं और बालिकाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशानुसार महिलाओं एवं नाबालिग बालिकाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन के मार्गदर्शन में ग्रामीण क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को ऐसे मामलों में



तत्काल एवं कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के तहत एसडीओपी आदित्य तिवारी के मार्गदर्शन मे कन्नौद पुलिस द्वारा नगर के कन्या विद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में जागरूकता चौपाल आयोजित की जा रही है। इसी दौरान जागरूक हुई एक छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई कि स्कूल से घर लौटते समय रास्ते में दो युवकों ने उसके साथ छेड़छाड़ की, जिसकी शिकायत मिलते ही कन्नौद पुलिस ने बिना विलंब प्रकरण दर्ज कर आरोपी सरफराज पिता शाकीर एवं सोहेल पिता एजाज निवासी टाकलीखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

कन्नौद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं, छात्राओं और नाबालिग बालिकाओं के विरुद्ध अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर आरोपियों को कानून के कठोर दायरे में लाया जाएगा। पुलिस की इस सख्ती का उद्देश्य अपराधियों में कानून का भय कायम करना और समाज में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है।

## खेल के मैदान से उठा नशामुक्ति का संदेश, धार में जागरूकता क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



**धार ।** नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत पुलिस लाइन धार के खेल परिसर स्थित पुलिस क्रिकेट ग्राउंड पर जन-जागरूकता क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस आयोजन का उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा । कार्यक्रम में कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़कर नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें । वहीं पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को नशे से दूरी है ज़रूरी की शपथ दिलाई और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए आगे आने का संदेश दिया । इस प्रतियोगिता में जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल, जिला प्रशासन, जिला चिकित्सालय, बैंक, पत्रकार, जिला अभिभाषक संघ और टैक्स प्रैक्टिशनर्स की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । सभी टीमों ने खेल भावना के साथ नशामुक्त समाज का संदेश दिया । कार्यक्रम में कलेक्टर राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर सहित अन्य अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे । इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक कर स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना है ।

# 20 दिन की मासूम पोती की गला घोंटकर हत्या, बेटियां पसंद नहीं होने की बात सामने आई



**टीकमगढ़।** सरकार बेटियों को बचाने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना जैसी योजनाएं चला रही है, लेकिन बुंदेलखंड के ग्रामीण अंचलों में बेटियों को लेकर समाज की सोच अब भी पूरी तरह नहीं बदल सकी है। पलेरा थाना क्षेत्र के बन्नेबुजुर्ग गांव में एक दादी पर अपनी 20 दिन की मासूम पोती की गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी दादी रेखा आदिवासी (45) को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 20 दिन की बच्ची मनीषा अपनी मां पुक्खन आदिवासी के साथ सो रही थी। रविवार तड़के करीब 3 बजे दादी रेखा वहां पहुंची और बच्ची को उठाकर ले गई। कुछ देर बाद वह बच्ची को वापस उसकी मां के पास लिटाकर चली गई। जब काफी देर तक बच्ची के शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो मां को संदेह हुआ। उसने बच्ची को हिलाकर देखा, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद मां रोने लगी और घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

**पहले पुलिस को गुमराह करने का प्रयास:** घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। पुलिस को बताया गया कि बच्ची की तबीयत खराब होने के बाद झाड़-फूंक कराई गई थी और इसके बाद उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस की जांच में मामला संदिग्ध लगा और पूछताछ के बाद सच्चाई सामने आ गई।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0अभियान को मिला नया आयाम - पुलिस अधीक्षक ने जन जागरूकता संदेश अंकित विशाल गुब्बारे को किया स्थापित

**आगर मालवा।** पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार संचालित प्रदेशव्यापी ''नशे से दूरी है जरूरी 2.0'' जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला पुलिस आगर मालवा द्वारा जनसहभागिता आधारित अभिनव जागरूकता गतिविधियाँ निरंतर आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में दिनांक 20 जुलाई 2026 को पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा पुरानी अनाज मंडी परिसर, आगर में ''नशे से दूरी है जरूरी 2.0'' अभियान का संदेश अंकित विशाल जन जागरूकता गुब्बारे को आकाश की ऊँचाइयों तक पहुँचाकर अभियान का शुभारंभ किया। यह गुब्बारा दूर-दूर तक दिखाई देते हुए आमजन का ध्यान आकर्षित करेगा तथा नशामुक्ति का संदेश व्यापक स्तर पर प्रसारित करेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, पत्रकार बंधुओं एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि ''नशा केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र के भविष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। एक व्यक्ति का नशे की गिरफ्त में आना पूरे परिवार की खुशियाँ, आर्थिक स्थिति, सामाजिक प्रतिष्ठा और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को प्रभावित करता है। इसलिए नशे के विरुद्ध यह अभियान केवल पुलिस का अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से चलने वाला सामाजिक जनआंदोलन है।'' उन्होंने कहा कि ''नशे से दूरी है जरूरी 2.0'' अभियान का उद्देश्य केवल लोगों को जागरूक करना नहीं, बल्कि



समाज में ऐसा सकारात्मक वातावरण तैयार करना है, जहाँ प्रत्येक नागरिक स्वयं नशे से दूर रहे, दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करे तथा नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध पुलिस का सहयोगी बने। जब समाज और पुलिस एक साथ खड़े होंगे, तभी हम नशामुक्त मध्यप्रदेश एवं नशामुक्त भारत के लक्ष्य को साकार कर पाएंगे।'' पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान करते हुए कहा कि ''युवा शक्ति ही देश का भविष्य है। अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और समय को शिक्षा, खेल, नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण में लगाएँ, न कि नशे जैसी विनाशकारी प्रवृत्तियों में। नशे से दूर रहना केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।'' उन्होंने नागरिकों से अपील की कि नशे से संबंधित किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

# नकुलनाथ चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आएंगे

## विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे सम्मिलित

**छिन्दवाड़ा।** जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी का चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत वे छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले में कांग्रेस संगठन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के साथ ही अन्य आयोजनों में भी शिरकत करेंगे। पूर्व सांसद कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार माननीय नकुलनाथ जी का दिनांक 21 जुलाई 2026 दिन मंगलवार को सांय 06 बजे नागपुर हवाई अड्डे पर आगमन होगा। आगमन उपरांत वे सड़क मार्ग द्वारा रात्रि 08 बजे रेमण्ड चौक पहुंचेंगे जहां वे रेमण्ड यूनियन के कर्मचारियों से भेंट करेंगे तदोपरांत पूनाजी देवतले के निवास पहुंचेंगे तत्पश्चात सौंसर में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित उपस्थित आमजन से भेंट करेंगे तदोरांत रात्रि 9.30 बजे श्री नाथ का कमलकुंज शिकारपुर आगमन होगा। दिनांक 22 जुलाई दिन बुधवार को माननीय नकुलनाथ जी का प्रातः 10.30 बजे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे के निज निवास गुरैया में आगमन होगा। आगमन उपरांत वे दिवंगत श्री राजाराम ओकटे जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर



शोकाकुल परिवारजनों से भेंट करेंगे। प्रातः 11.30 बजे चांद के ग्राम बतरी निवासी दिवंगत श्री राजेन्द्र पटेल जी के निवास पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार के सदस्यों से भेंट करेंगे, तदोपरांत श्री नाथ का दोपहर 12.30 बजे चौरई आगमन होगा। चौरई नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्री धीरज खंडेलवाल के निवास पहुंचकर शोक संवेदनाएं प्रगट कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। माननीय नकुलनाथ जी का दोपहर 2 बजे छिन्दवाड़ा आगमन होगा तदोपरांत वे राजीव भवन में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं प्रभारीगण की आयोजित बैठक में उपस्थित होंगे। दोपहर 2.30 बजे छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष एवं उप ब्लॉक अध्यक्षों की आयोजित बैठक में सम्मिलित होने के पश्चात दोपहर 3 बजे छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिले के नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस की कार्यकारिणी के अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे। अपराह्न 4.15 बजे नगर निगम छिन्दवाड़ा अध्यक्ष, उप ब्लॉक अध्यक्ष, समन्वयक, प्रभारी, कार्यकारी अध्यक्ष की आयोजित बैठक में सम्मिलित होने के उपरांत श्री नाथ का सांय 5.30 बजे कमलकुंज शिकारपुर आगमन होगा। दिनांक 23 जुलाई दिन गुरूवार को माननीय नकुलनाथ जी का पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम अनुसार प्रातः 11.30 बजे राजीव भवन आगमन होगा। आगमन उपरांत वे एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षों की आयोजित बैठक में उपस्थित होंगे। दोपहर 12.30 बजे कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ जिला कार्यकारिणी की बैठक में सम्मिलित होंगे तदोपरांत श्री नाथ का दोपहर 1 बजे शिकारपुर आगमन होगा। अपराह्न 3 बजे नकुलनाथ जी का छिन्दवाड़ा विधानसभा के ग्राम जमुनिया में आगमन होगा, यहां वे जमुनिया मंडलम कांग्रेस कमेटी की आयोजित बैठक में उपस्थित होंगे, तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दिनांक 24 जुलाई 2026 दिन शुक्रवार को माननीय नकुलनाथ जी दोपहर 11 बजे जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों की कमलकुंज में आयोजित बैठक में उपस्थित होंगे। सांय 6.45 बजे माननीय नकुलनाथ जी का नागपुर आगमन होगा यहां से वे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारी कर्मयोगी आईगोट पोर्टल पर अपना पंजीयन कर प्रशिक्षण कोर्स पूर्ण करें - श्रीमती यादव

**आगर मालवा।** जिले के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी कर्मयोगी आईगोट पोर्टल पर अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं और निर्धारित प्रशिक्षण कार्य ऑनलाइन पूर्ण करें। साथ ही पंजीयन संबंधी जानकारी तत्काल प्रस्तुत करें। यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष, आगर में जिला अधिकारियों की समय-सीमा पत्रों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ



बी.एस. सोलंकी, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती यादव ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी विभाग ''ए'' ग्रेड हासिल करें। ग्रेडिंग माह की शिकायत सोमवार शाम तक संतुष्टिपूर्वक बंद करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने श्नॉन-अटेंडेडश् शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि एक भी शिकायत ''नॉन-अटेंडेड'' न रहे। सभी विभागों के अधिकारी अपनी शिकायतें स्वयं देखें और उनका ऑनलाइन निराकरण दर्ज करें। कलेक्टर ने ''नॉन-अटेंडेड'' शिकायत वाले तथा निम्न गुणवत्ता का निराकरण दर्ज करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो। सभी राजस्व अधिकारी स्वयं सीमांकन प्रकरण देखें और सुनिश्चित करें कि सभी सीमांकन प्रकरणों का सकारात्मक निराकरण हो। निर्देश के बावजूद सीमांकन प्रकरणों का सकारात्मक निराकरण न करने वाले पटवारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।बैठक में कलेक्टर श्रीमती यादव ने सभी जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र के निर्माणाधीन सभी आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण कार्य एक माह में पूर्ण करवाकर कार्य पूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण-पत्र जारी करना सुनिश्चित करें।

# होटल इंद्रलोक पैलेस में इनर व्हील क्लब के नए सत्र का शपथ एवं पदग्रहण समारोह संपन्न

**मुरैना।** इनर व्हील क्लब के नए सत्र (2026-27) का शपथ एवं पदग्रहण समारोह होटल इंद्रलोक पैलेस में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) श्रीमती दीपाली चंदोलिया रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी श्रीमती अलका भार्गव तथा पास्ट डिस्ट्रिक्ट ट्रेज़रर डॉ. विमल गर्ग उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में क्लब की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती करुणा जैन, पूर्व अध्यक्षों एवं वरिष्ठ सदस्याओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के दौरान निवर्तमान अध्यक्षा श्रीमती श्वेता माहेश्वरी ने परंपरा के अनुसार नवनिर्वाचित अध्यक्षा श्रीमती प्रतीक्षा बांदिल को अध्यक्षीय कॉलर पहनाकर पदभार सौंपा तथा नए सत्र की कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी में अध्यक्षा श्रीमती प्रतीक्षा बांदिल, सचिव डॉ. मीनाक्षी माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना मित्तल, आईएसओ डॉ. सुधा माहेश्वरी तथा सी.सी. श्रीमती रंजिता शिवहरे ने अपने-अपने पद एवं दायित्व ग्रहण किए।

इस अवसर पर क्लब में पाँच नए सदस्योंडॉ. मीरा बांदिल, डॉ. रुचि गुप्ता, श्रीमती भावना मंगल, श्रीमती अलका बंसल एवं श्रीमती शिल्पा गर्ग का विधिवत स्वागत किया गया। सभी नवसदस्यों ने सेवा, मित्रता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ क्लब की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।




उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी क्लब की सेवा गतिविधियों को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। समारोह में उपस्थित सदस्यों ने नवपदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन के साथ समारोह का समापन हुआ।

## उत्कृष्ट विद्यालय मुरैना को दी मिनी साइंस सेंटर की सौगात

**समय जगत, मुरैना।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1, मुरैना में सोमवार को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ गई। एमपी ऑनलाइन लिमिटेड, भोपाल के सहयोग से स्थापित मिनी साइंस सेंटर का विधिवत लोकार्पण किया गया। इसी अवसर पर विद्यालय में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर लैब का भी शुभारंभ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी बी. एस. इंदोलिया थे, जबकि एमपी ऑनलाइन की डीईजी हेड श्रीमती आरती श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य मुकेश कुमार शांडिल्य ने की। इस अवसर पर जिला व्यावसायिक शिक्षा समन्वयक आलोक कुमार वर्मा सहित एमपी ऑनलाइन के लक्ष्मण साहू, नितेश ढाटे, शैलेंद्र डंडोतिया, रघुराज तोमर एवं विवेक शर्मा उपस्थित रहे। प्राचार्य मुकेश कुमार शांडिल्य ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विद्यालय में आधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक एवं कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सार-समाचार

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं समय-सीमा में कार्य पूरे करने के निर्देश



**समय जगत, सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सोमवार को जिले के विभिन्न निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य केवल समय पर पूरा होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का पालन भी अनिवार्य है। बैठक में छात्रावास, स्कूल भवन, आश्रम, सड़क, पुल और पुलिया सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पूर्ण हो चुके भवनों को शीघ्र संबंधित विभागों को हस्तांतरित करने तथा धीमी गति से चल रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण स्थलों पर सुरक्षित डायवर्जन, सूचना पटल और चेतावनी संकेतक लगाने पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। लापरवाही या मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजली शाह सहित विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### शांति शिखर में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान पारिवारिक मूल्यों पर दिया गया जोर




**सिवनी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल की पहल एवं पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शांति शिखर, सिवनी में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय आधुनिक समय में पारिवारिक मूल्यों के संवर्धन में समाज, संस्कृति एवं पुलिस की भूमिका रहा। प्रभारी पुलिस नियंत्रण कक्ष निरीक्षक ओमेश्वर ढाकरे ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार और समाज की सकारात्मक भूमिका से युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने नशा मुक्ति के लिए सामूहिक सहभागिता का आव्हान करते हुए हेल्पलाइन 14446, साइबर हेल्पलाइन 1930 और आपातकालीन नंबर 1933 की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में प्रभारी साइबर सेल एएसआई देवेंद्र जायसवाल ने सोशल मीडिया व मोबाइल की लत, ऑनलाइन गेमिंग, वित्तीय साइबर धोखाधड़ी तथा साइबर सुरक्षा पर जागरूक किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की ज्योति दीदी, गीता दीदी, नीतू दीदी सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से आए 1000 से अधिक लोगों ने सहभागिता की।

### मोहन गुर्जर ने हरदा जिले का नाम किया रोशन



**समय जगत, हरदा।** जिले की टिमरनी तहसील के ग्राम छोटी छीपानेर के गुर्जर (पुआर) परिवार का नाम फिर चमक उठा। मनमोहन पिता दुर्गाप्रसाद गुर्जर ने दुनिया की कठिन परीक्षाओ मे से एक आल इंडिया बार परीक्षा उत्तीर्ण करके माता पिता और परिवार का मान तो बढ़ाया साथ ही ग्राम छोटी छीपानेर के साथ ही हरदा जिले का नाम भी रोशन किया। मनमोहन गुर्जर के परिवार ने खुशी का माहौल है। मनमोहन के पिता दुर्गाप्रसाद गुर्जर ने बताया की बिना चिंता किये कर्म व अपने लक्ष्य की और बढ़ते रहोगे तो निश्चित ही सफलता आपके कदम चूमेगी और मेरे बेटे ने वो कर दिखाया। साथ ही ग्राम के बड़े बुजुर्गो ने बधाईया व अपना आशीष देकर गर्व महसूस किया।

## समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के दिए निर्देश

# नगरीय प्रशासन दल ने सिवनी मालवा नगर के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**समय जगत, सिवनी मालवा।** आयुक्त नगरी प्रशासन के निर्देश पर भोपाल से कार्यपालन यंत्री सचिन कडू, सहायक यंत्री विनोद त्रिपाठी, उपयंत्री द्वारा नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा में चल रहे अंडर ग्राउंड मल्टी पार्किंग, 228 प्रधानमंत्री आवास मल्टी, लौवंशी धर्मशाला से शिवपुर रोड तक एक किलोमीटर लंबा नाला, नगर पालिका नवीन भवन, नगर पालिका डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्पोर्ट्स कंपलेक्स, कायाकल्प, अमृत योजना, मुख्यमंत्री यादव संरचना, नगर पालिका निधि अंतर्गत सभी निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। दल ने नगर पालिका द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए जो नवाचार नगर पालिका में किए हैं, उन सबसे आयुक्त को अवगत कराकर उनका एक प्रवास कार्यक्रम सिवनी मालवा में हो इस हेतु तैयारी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। वही नगर में बने सभी नए, पुराने बगीचों को देखकर प्रशंसा व्यक्त करते हुए पर्यावरण के संरक्षण पौधारोपण, व्यायाम शाला, पाथवे, शक्ति घाट पर स्टॉप डैम, तालाब सहित अन्य सभी कार्यो के संबंध में ठेकेदारों को निर्देश दिए। अमृत योजना के ठेकेदार को अंतिम नोटिस व चेतावनी देते हुए 8 दिन के अंदर दोनों पानी की टंकी एवं नल जल की लाइन शीघ्र व्यवस्थित कर कार्यपूर्ण करने को कहा। अन्यथा टेंडर निरस्त कर आवश्यक वसूली कर पुनः निविदा आमंत्रण के लिए निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास मल्टी का शेष कार्य 15 अगस्त तक पूर्ण कराकर संबंधित हितग्राहियों को आवंटन करने की बात कही। अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष रितेश जैन, सीएमओं अमर सिंह उइके, निर्माणाधीन कार्यो के ठेकेदार उपस्थित रहे।



## 'राम जी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी' गीत से भक्तिमय हुआ माहौल

**समय जगत, सिवनी मालवा।** नगर के श्री सीताराम मंदिर ट्रस्ट ने रविवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान जी को रथ में विराजित कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रथ में विराजमान होकर प्रभु ने पूरे नगर का भ्रमण किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला, पुरुष, युवा, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। भक्तों ने अपने हाथों से रस्सी खींचकर भगवान को नगर भ्रमण कराया। इस दौरान हरदा से आए प्रसिद्ध भजन गायक मुरली मूंदड़ा व साथियों ने रामजी की निकली सवारी, रक़मजी की लीला हैं न्यारी न्यारी। निकुंज में बिराजे श्याम राधे राधे। जब खिड़की खोलू तो तेरा दर्शन हो जाए। जगन्नाथ, जगन्नाथ चका नैना, नीलांचल वाले, तू न संभाले तो कौन संभाले। लूटकर ले गया दिल जिगर, सांवरा जादूगर।



## नशा मुक्ति भारत अभियान 2.0 के तहत शासकीय महाविद्यालय रिठौराकलां में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**समय जगत, मुरैना।** भारत सरकार के नशा मुक्ति भारत अभियान 2.0 के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय रिठौरा कलां, जिला मुरैना में विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरुकता बढ़ाना, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनसहभागिता सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. विवेकानंद झा के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ-साथ परिवार, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा सकारात्मक सोच को अपने जीवन का आधार बनाएं। डॉ. झा ने कहा कि युवा वर्ग देश की सबसे बड़ी शक्ति है और यदि युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करें, तो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। कार्यक्रम का मुख्य व्याख्यान सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) श्रीमती दीप्ति जादौन ने प्रस्तुत किया। उन्होंने नशा मुक्ति भारत अभियान 2.0 के उद्देश्यों एवं इसकी आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य युवाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा स्वस्थ जीवनशैली का विकास करना है। उन्होंने तंबाकू, शराब एवं अन्य मादक पदार्थो के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी।



# 'काबिलियत को सलाम' मीडिया परिवार के 100 से अधिक बच्चों का सम्मान



**समय जगत, इंदौर।** इंदौर प्रेस क्लब द्वारा काबिलियत को सलाम प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मीडिया परिवार के कक्षा 5वीं से 12वीं तक के 100 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पत्रकार परिवार की समृद्धि जोशी को 92 प्रतिशत अंक लाने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा हमेशा संघर्ष जारी रखें, सफलता निश्चित मिलेगी। माता पिता के संघर्ष को याद रखें। संभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े बोले सफलता लक्ष्य नहीं, यह एक यात्रा है। हमेशा तैयार रहें। वरिष्ठ शिक्षाविद शोभा पेठनकर ने कहा संस्कार परिवार से और निर्माण शिक्षा से होता है। शिक्षाविद श्रीद्धांत जोशी ने कहा पहले अच्छा इंसान बनें और मेधावियों को प्रतिशत के बराबर कोचिंग में डिस्काउंट की घोषणा की। अध्यक्ष दीपक कर्दम ने कहा माता-पिता के सपनों को पूरा करना आपका दायित्व है। अतिथियों का स्वागत इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी कार्यक्रम में लकी ड्रा और नशामुक्ति की शपथ भी हुई।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम, उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, प्रियंका पांडेय, महासचिव प्रदीप जोशी, सचिव अभिषेक चेंडके, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य अभय तिवारी, प्रमोद दीक्षित, मनीष मक्खर, अंशुल मुकाती, श्याम कामले, विजय भट्ट, नितिन जैन, अभिषेक रघुवंशी और लक्ष्मीकांत पंडित ने किया। इस अवसर पर सहित बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी और उनके परिजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप जोशी ने किया और आभार अभिषेक चेंडके ने माना।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को एल्डरमैन नियुक्त किए जाने पर हर्ष, शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार



**लटेरी।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नगर परिषद लटेरी में श्री आनंदी लाल जी नामदेव, श्री पवन जी कुशवाह, श्री मनोज जी रैकवार और श्री परमानंद जी वास्त्री को एल्डरमैन नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर है। यह भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता हितैषी नीति का ही परिणाम है कि चारों नव नियुक्त एल्डरमैन पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता, पोलिंग एजेंट एवं बूथ समिति के पदाधिकारी रहे हैं। पार्टी ने जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मान देकर यह संदेश दिया है कि भाजपा में संगठन और सेवा को सर्वोपरि रखा जाता है। इस अवसर पर आज नगर परिषद लटेरी में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा सभी नव नियुक्त एल्डरमैनों का शाल, श्रीफल, पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में लटेरी मंडल अध्यक्ष श्री रामगुलाम राजोरिया जी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शैलेष अत्तु भंडारी जी सहित भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगर परिषद के पार्षद गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं ने नव नियुक्त एल्डरमैनों को बधाई देते हुए कहा कि आपके अनुभव और समर्पण से लटेरी नगर के विकास को नई गति मिलेगी। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि आप सभी नगर की जनता की सेवा और नगर के चहुंमुखी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, प्रदेश अध्यक्ष जी, नगरीय प्रशासन मंत्री जी, विधायक श्री उमाकांत शर्मा जी एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया गया जिन्होंने कार्यकर्ताओं के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

# भगवान नेमिनाथ का 22 किलो का लड्डू समर्पित कर मनाया मोक्ष कल्याणक महोत्सव



**समय जगत, मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान श्री नेमिनाथ का पावन मोक्ष कल्याणक महोत्सव नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मंदिर समिति के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप एवं सचिव आशु जैन ने बताया कि महावीर नगर स्थित श्री दिगम्बर जैन नेमिनाथ मंदिर में ब्रह्मचारी अमित भैया के निर्देशन में प्रातःकाल मांगलिक क्रियाओं के साथ भगवान नेमिनाथ का महामस्तकाभिषेक प्रासुक जल से विनोद जैन तमोट परिवार, सौरव जैन परिवार, भैयालाल जैन सत्येंद्र जैन परिवार तथा अजीत जैन (भोपाल) परिवार द्वारा सम्पन्न कराया गया। इसके पश्चात विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना के साथ पारुल जैन परिवार तथा कमल कुमार जयंत कुमार जैन परिवार द्वारा विधिवत शांतिधारा सम्पन्न कर भगवान को चंवर ढुलाए गए। अभिषेक एवं शांतिधारा के उपरांत इन्द्र-इन्द्राणियों ने देव, शास्त्र एवं गुरु की पूजा करते हुए अष्टद्रव्यों से भगवान नेमिनाथ की श्रद्धा, भक्ति एवं समर्पण भाव से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर कमलेश कुमार जैन परिवार द्वारा भगवान को 22 किलो का निर्माण लड्डू समर्पित कर निर्माण महोत्सव मनाया गया।

पूजन के दौरान महिला श्रद्धालुओं ने एक से बढ़कर एक भक्ति-भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन पर श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर होकर झूम उठे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसी क्रम में सुमेरचंद जैन परिवार द्वारा श्री नेमिनाथ विधान का आयोजन किया गया, जिसमें महाअर्घ्य समर्पण, शांतिपाठ एवं विसर्जन विधि के साथ पूजन सम्पन्न हुआ।

## पीएम-उषा परियोजना के अंतर्गत हो रहा है पांच दिवसीय आयोजन

# ग्राफिक्स डिजाइनिंग कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**समय जगत, हरदा।** भाऊ साहेब भुस्कुटे शासकीय स्नातक महाविद्यालय टिमरनी में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान पीएम ऊषा परियोजना के अंतर्गत संस्था द्वारा आयोजित पांच दिवसीय ग्राफिक्स डिजाइनिंग कार्यशाला का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक ग्राफिक्स डिजाइनिंग के क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जे.के.जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर पीएम ऊषा प्रभारी डॉ.अरुण कुमार सिकरवार ने कार्यशाला के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्था से पधारे एचओडी (मल्टीमीडिया विभाग) मुकेश खरोनिया ने कार्यशाला की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पांच दिवसीय प्रशिक्षण की विषयवस्तु, प्रशिक्षण पद्धति तथा विद्यार्थियों को मिलने वाले व्यावहारिक अनुभव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक ग्राफिक्स डिजाइनिंग टूल्स एवं तकनीकों का प्रायोगिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला के ट्रेनर एक्सपर्ट जयंत मालवीय ने ग्राफिक्स डिजाइनिंग के विविध आयामों, डिजाइन के मूल सिद्धांतों, रंग संयोजन, टाइपोग्राफी, पोस्टर एवं सोशल मीडिया क्रिएटिव निर्माण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण की विषयवस्तु से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर अनय कुमार चौबे ने प्रशिक्षण के संचालन एवं गतिविधियों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकज खैरनार ने प्रभावी रूप से किया। इस कार्यशाला के माध्यम से महाविद्यालय के लगभग साठ विद्यार्थी लाभान्वित होंगे, जिन्हें पांच दिनों तक सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर एचओडी कॉमर्स विभाग डॉ.जया कैथवास, डॉ.शीतल श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ दीपक मालाकार ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने कार्यशाला के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए इसे अपने करियर एवं कौशल विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।




स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रींटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादकः** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# पटेरा के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे कलेक्टर
# स्कूल, आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य संस्थानों का लिया जायजा

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव शनिवार को अपने आकस्मिक भ्रमण अभियान के तहत पटेरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आकस्मिक रूप से पहुँचकर स्कूल आंगनवाड़ी आयुष्मान आरोग्य मंदिर ओर बेलखेड़ी गौशाला पहुँचकर जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गयें। इस दौरान पटेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 7 अनुपस्थित कर्मचारियों तथा महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक तथा पटेरा के कृषि विभाग के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने तथा बमनपुरा स्व.सहायता समूह के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गये। कलेक्टर श्री यादव प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बमनपुरा पहुँचे। उन्होंने यहां छात्रों से चर्चा की, प्रश्न किए जिसका कि छात्रों ने तत्काल जबाव दिए। कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसी तरह अच्छी पढ़ाई करने के लिए



प्रोत्साहित किया। बमनपुरा में ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचे। यहां पर सीएचओ एवं एएनएम उपस्थित पाए गए। मरीजों आदि की जानकारी ली गई। साफ सफाई के सबंध में दिशा निर्देश दिए गए। ग्राम बमनपुरा में किसानों से चर्चा की गई यहां पर बीज वितरण के सबंध में किसानों ने अपनी समस्या एवं बात रखी। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को बीज वितरण सभी पात्र किसानों को करने के निर्देश देते हुए लापरवाही के सबंध में क्षेत्रीय कृषि अधिकारी के विरूद्ध कारण बताओ के नोटिस देने के निर्देश दिए।

**ग्राम पालार्जुनी पहुंचे कलेक्टर:** यहां पर कलेक्टर श्री यादव ने आगनबांड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान 27 में से 2 बच्चे मौजूद मिले। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सुपरवाईजर के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। कुछ बच्चे पढ़ नहीं पाए शिक्षक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान कलेक्टर ग्राम बिलगुवा पहुंचे। प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया गया। साथ ही बन रहे मध्यान्ह भोजन का जायजा लिया, समूह की अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें उचित मूल्य दूकान से पर्याप्त मात्रा में राशन नहीं मिल रहा हैं,जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देश जाँच कर प्रतिवेदन दे। यहां पर आगंनबाड़ी केन्द्र में निरीक्षण के दौरान 12 बच्चे उपस्थित थे बच्चों ने भोजन किया था परंतु भोजन का सैम्पल नहीं रखा गया। इस सबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए।

### पटेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाएं सुधारने श्री यादव ने दिये निर्देश
# स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्ण गंभीरता के साथ समयबद्ध उपलब्धता हो सुनिश्चितःकलेक्टर

**समय जगत, दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटेरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में कई कमिया सामने आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा निरीक्षण में कई कर्मचारी विलंब से ड्यूटी पर पहुंचे जबकि कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन कटौती की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान बताया गया पिछले एक वर्ष से बेडशीट उपलब्ध नहीं कराई गई है। वार्डो में कई मरीज बिना बेडशीट के ही भर्ती मिले। इस स्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए आवश्यक सामग्री की तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं



मिली। कलेक्टर ने स्वच्छता व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंजीयन काउंटर का भी निरीक्षण किया, जहां ओपीडी पर्ची का निर्धारित 10 रूपये शुल्क प्रदर्शित नहीं था। उन्होंने निर्देश दिए कि शुल्क सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए। दवाइयों की उपलब्धता की समीक्षा में पाया गया कि अस्पताल में शासन के मानकों के अनुसार लगभग 350 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध होना आवश्यक है जबकि वर्तमान में केवल करीब 250 प्रकार की दवाइयां ही उपलब्ध हैं। लगभग 100 प्रकार की आवश्यक दवाइयों के अभाव में मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएमडीसी कंपनी को मिला बहुमूल्य बड़ा हीरा, अनुमानित कीमत है 80 लाख रुपये




**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले में स्थित हीरा खनन परियोजना मझगवां में 13 पॉइंट 16 कैरेट का जेम्स क्वालिटी का हीरा मिला है। उक्त हीरा की कीमत बाजार में 80 लाख रुपए बताई जा रही है। ज्ञात हो कि मार्च 2024 में फिर से एनएमडीसी कंपनी को हीरा खनन करने की अनुमति मिली थी तथा मशीनों के माध्यम से हीरा खुदाई प्रारंभ हुई थी शुरुआती दौर में छोटे-छोटे हीरे मिल रहे थे लगभग दो वर्ष बाद बड़ा हीरा मिलने से कंपनी में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। इसके पूर्व 10 कैरेट का हीरा कंपनी को मिला था। जिले की उथली खदानों में भी लगातार बड़े हीरे मिल रहे हैं। एनएमडीसी कंपनी को काफी समय बाद बड़ा हीरा मिला है। बड़ा हीरा मिलने से कंपनी में खुशी का माहौल व्याप्त है तथा आगे भी उम्मीद जताई जा रही है कि इसी प्रकार हीरे मिलेंगे तो कंपनी लगातार अपना काम जारी रखेगी।

### बरसात में रहें सतर्क, संक्रामक और मच्छरजनित बीमारियों से बचाव जरूरी

**समय जगत, श्योपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिलीप सिकरवार ने जिलेवासियों के लिए बरसात के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में जलजनित एवं मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में थोड़ी सी सावधानी अपनाकर दस्त, उल्टी, डायरिया, पेचिश, पीलिया, टायफाइड, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और फायलेरिया जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। सीएमएचओ ने लोगों से स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने, ताजा भोजन खाने तथा बासी भोजन, सड़ी-गली सब्जियां और फल खाने से बचने की अपील की है। भोजन बनाने और खाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि उल्टी-दस्त जैसी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लें। गांवों में आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से ओआरएस, जिंक सहित आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां उपलब्ध हैं। मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए घर और आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर और पानी की टंकियों को सप्ताह में एक बार खाली करें, पुराने टायर एवं कबाड़ को ढंक्कर रखें तथा मच्छरदानी, रिपेलेंट और पूरी बांह के कपड़ों का उपयोग करें। तेज बुखार आने पर तुरंत रक्त जांच कराकर उपचार शुरू कराएं। सीएमएचओ ने कहा कि बरसात के दौरान शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। पानी और गंदगी के कारण दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा एवं आंखों के रोग तथा मच्छरों और मक्खियों से फैलने वाली बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सभी नागरिक स्वच्छता अपनाएं और बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर बिना देर किए स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

### वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में हुई महत्वपूर्ण पहल
# जाकिर हुसैन वार्ड में 1 करोड़ 33 लाख के विकास कार्यों का मेयर ने किया भूमिपूजन

**समय जगत, कटनी।** वर्षों की जन अपेक्षाओं को साकार करते हुए नगर निगम कटनी द्वारा जाकिर हुसैन वार्ड क्रमांक 38 में लगभग 1 करोड़ 33 लाख की लागत से विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेखा संजय तिवारी सहित जनप्रतिनिधियों ने विधिवत भूमि पूजन कर विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इन विकास कार्यों के शुभारंभ से क्षेत्र में सड़क, नाली, आंगनबाड़ी भवन एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा तथा वर्षों से लंबित विकास कार्य अब धरातल पर आकार लेते दिखाई देंगे। भूमिपूजन कार्यक्रम के अंतर्गत अधोसंरचना मद से लगभग 93.85 लाख की लागत से गौरीशंकर मंदिर के



समीप सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा 13 लाख की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण, संजय नगर में 5.25 लाख की लागत से रंगमंच निर्माण, संजय नगर मुक्तिधाम में 4.03 लाख की लागत से गेट एवं बाउंड्रीवाल निर्माण, संजय नगर सामुदायिक भवन के पीछे 4.03 लाख की लागत से बाउंड्रीवाल निर्माण, सरस्वती स्कूल के समीप पानी की टंकी के पास 4.03 लाख की लागत से बाउंड्रीवाल निर्माण तथा खंपरिया मोहल्ला में खूब सिंह के घर से नारायण खंपरिया एवं बंटू सोनी से आगे मथुरा तिवारी तक 8.52 लाख की लागत से सीसी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को सड़क, नाली, जल निकासी, आवागमन एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी वर्षों पुरानी समस्याओं से राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होने से विकास को नई गति मिलेगी और नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि नगर निगम का संकल्प शहर के प्रत्येक वार्ड तक समान रूप से विकास पहुँचाना है। नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए अधोसंरचना,सड़क, नाली, आंगनबाड़ी एवं सामुदायिक सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

# पन्ना टाइगर रिजर्व में एक और बाघ की हुई मौत

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व में एक बार फिर बाघ की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। विगत शनिवार को किशनगढ़ कोर रेंज की बृजपुरा बीट में एक वयस्क नर बाघ मृत अवस्था में मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। पिछले लगभग तीन महीनों में पीटीआर में बाघ की मौत




की यह तीसरी घटना है। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने टाइगर रिजर्व की सुरक्षा, सतत निगरानी और वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह नियमित गश्त पर निकली पेट्रोलिंग पार्टी ने बृजपुरा बीट के एक दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में एक वयस्क बाघ को जमीन पर लेटा देखा। शुरुआत में वनकर्मियों को लगा कि बाघ आराम कर रहा है, लेकिन काफी देर तक कोई हलचल नहीं होने पर वे सतर्क हुए। सुरक्षित दूरी से निगरानी करने के बाद जब टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि बाघ की मौत हो चुकी है। घटना की सूचना मिलते ही पन्ना टाइगर रिजर्व के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। फिलहाल मृत बाघ की पहचान संख्या नहीं चल सकी। पन्ना टाइगर रिजर्व के उप संचालक बीरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि उन्हें शनिवार दोपहर करीब दो बजे घटना की सूचना मिली, जिसके बाद वे स्वयं घटनास्थल पहुंचे। उनके अनुसार घटनास्थल अत्यंत दुर्गम है, जहां पहुंचने के लिए तीन से चार किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। प्रारंभिक निरीक्षण में बाघ के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं। शरीर पर किसी प्रकार के बाहरी घाव या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं।

### वैष्णव समाज की बैठक में प्रस्तुत किया गया वार्षिक आय-व्यय
# समाज विकास में सभी लोगों का सहयोग है जरूरी : राधेश्याम

**समय जगत, श्योपुर।** वैष्णव समाज विकास समिति की बैठक रविवार को छात्रावास भवन पर समाज अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। दोपहर 1 बजे से शुरू बैठक शाम 4 बजे तक चली। इस बैठक में वार्षिक आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। इसके आलवा समाज विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान कोषाध्यक्ष योगेंद्र वैष्णव ने आय-व्यव का ब्योरा पढ़कर सुनाया। जिसमें उन्होंने बताया कि समिति को सालभर में 14 लाख 37 हजार 708 रुपए की आय प्राप्त हुई है, जबकी 13 लाख 84 हजार 447 रुपए खर्च हुए हैं। इसके बाद समिति के पास 53261 रुपए शेष बचे हैं। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव ने कहा कि समाज विकास में सभी लोगों का सहयोग बहुत जरूरी है। वैष्णव समाज के बच्चे पढ़ाई लिखाई में अच्छें अंक से पास होकर समाज का नाम रोशन कर रहे हैं, वहीं सामाजिकबंधु शासकीय नौकरी, राजनीतिक क्षेत्र में



होकर समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। बैठक के दौरान महामंत्री दीपक वैष्णव, सह महामंत्री कैलाश वैष्णव, रामकरण वैष्णव, संयोजक रघुवीर वैष्णव दांतरदा, भवानीशंकर वैष्णव कुड़ायता, संरक्षक शंभूदयाल वैष्णव राजपुरा, निर्माण समिति अध्यक्ष सीताराम वैष्णव, उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश बैरागी, कार्यक्रम प्रभारी रघुवीर शर्मा जैनी, रामभरोस वैष्णव, पूर्व अध्यक्ष रामस्वरूप वैष्णव, मीडिया प्रभारी सुरेश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

**छात्रावास में रहकर पढ़ने वाले बच्चों को लेकर हुआ निर्णय:** बैठक में छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को रखने को लेकर भी निर्णय लिया गया। इस छात्रावास भवन में 20 बच्चे रखे जाएंगे। 20 किमी दूर गांव से आने वाले और अच्छे अंकों से पास होने वाले बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा छात्रावास में रहने वाले बच्चों से बिजली बिल शुक्ल के रूप में 500 रुपए प्रति छात्र से लिए जाने का निर्णय लिया गया है।

# जिले में ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण, किसानों के लिए डिजिटल सुविधा
### बगैर फार्मर आईडी वाले किसान भी प्राप्त कर सकते है ई-टोकन

**श्योपुर।** कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार जिले में किसानों को उर्वरक वितरण की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए ई-विकास प्रणाली के माध्यम से शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि जीके पचौरिया ने इस संबंध में बताया कि ई-विकास प्रणाली के माध्यम से किसान घर बैठे डिजिटल टोकन जनरेट कर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। आधार एवं मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण कर किसान ई-टोकन बुक कर सकते हैं तथा उन्हें एसएमएस और मोबाइल एप के जरिए जानकारी भी प्राप्त होती है। पोर्टल पर पंजीकृत किसान से संबंधित प्रकरणों का सत्यापन राजस्व अधिकारियों द्वारा किया जाता है, जिसके बाद किसान ई-टोकन प्राप्त कर उर्वरक ले सकते हैं। ई-टोकन की वैधता 72 घंटे निर्धारित की गई है। इस अवधि में उर्वरक प्राप्त नही करने पर ई-टोकन स्वतः ही निरस्त हो जाता है, इसके बाद नया टोकन बनाना होगा। जिन किसानों के पास ई-टोकन नही है, और फार्मर आईडी नही बनी है, वे वन अधिकार पट्टा, राजस्व पट्टा, सिकमी किसान, मृत किसान की भूमि, वृद्ध, दिव्यांग किसान, मंदिर, धार्मिक संस्था की भूमि विशेष प्रयोजन आदि में किसान संबंधित एसडीएम के सत्यापन उपरांत ई-टोकन प्राप्त कर उर्वरक का उठाव कर सकते है। किसान स्वयं, एमपी ऑनलाइन अथवा कियोस्क सेंटर के माध्यम से भी टोकन जनरेट करा सकते हैं। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे सही समिति अथवा विक्रय केंद्र का चयन कर डिजिटल सुविधा का लाभ उठाएं।

### विधायक ग्रेवाल के प्रयासों से चुनार बांध के सुधार व कायाकल्प के लिए 81.49 लाख की राशि हुई स्वीकृत

**अमझेरा।** चुनार बांध क्षेत्र में किसानों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। विधायक प्रताप ग्रेवाल के निरंतर प्रयासों से चुनार बांध के लिए के सुधार कार्य के लिए विशेष मरम्मत अंतर्गत 81.49 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुई है। विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा विगत 2 वर्ष से चुनार बांध की मरम्मत के लिए जिला कलेक्टर से लेकर उच्च स्तर पर पत्राचार किया था। जिसके परिणामस्वरूप मरम्मत के लिए 81.49 लाख की राशि की प्रशासकीय स्वीकृती शासन स्तर से जारी हुई है जिससे ग्राम पिपल्याभान, माछलिया, झाई, भमती, दुधीकांच, कुशलपुरा, लालपुरा, बर्डीपाडा, अम्बेडी, टिकमाझिरी, सुहाना, काकडपाडा, सरोदा के ग्रामीणो एवं किसानो मे हर्ष का माहौल व्याप्त है। इस स्वीकृत राशि से चुनार बांध के क्षतिग्रस्त हिस्सो एवं बांध के गेट की विशेष मरम्मत की जाएगी, जिससे पानी का रिसाव रोका जा सकेगा। बांध की मरम्मत होने से किसानो को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा जिस पर ग्राम पिपल्याभान, माछलिया, झाई, भमती, दुधीकांच, कुशलपुरा, लालपुरा, बर्डीपाडा, अम्बेडी, टिकमाझिरी, सुहाना, काकडपाडा, सरोदा के ग्रामीणो एवं किसानो ने विधायक प्रताप ग्रेवाल का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी विधायक कार्यालय से विष्णु चौधरी द्वारा दी गई।

### फसल बीमा प्रीमियम की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय

**श्योपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ 2026 हेतु किसानों की अधिसूचित फसलों का बीमा किया जा रहा है, कृषको का प्रीमियम नामे किये जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि फसल ऋण लेने वाले ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर कृषकों का बीमा बैंको द्वारा किया जाता है तथा ऋणी, अऋणी एवं डिफाल्टर कृषको का फसल बीमा सीएससी अर्थात नागरिक सुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा रहा है।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत पुलिस ने चलाया जनजागरुकता अभियान

**समय जगत, कटनी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत झुग्गी-झोपड़ियों, चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों, स्कूलों और महाविद्यालयों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान आमजन, विशेषकर नशे के आदी लोगों और उनके परिजनों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। साथ ही नशामुक्ति पुनर्वास केंद्रों की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर उपचार एवं पुनर्वास सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। नशे



की लत से पीड़ित व्यक्तियों को परामर्श और चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करने संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया गया। पुलिस द्वारा सावरकर वार्ड एवं वेंकट वार्ड, नयागांव, सरलानगर झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र, गुरु हरिकिशन स्कूल, ग्राम जिर्री, राजा सलैया, थाना बाकल एवं बहोरीबंद क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ियों, ग्राम डुंगरिया, झिंझरी, पिपरोध, परेवागार और जुनवानी सहित कई स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा शासकीय स्कूल एनकेजे, बरही महाविद्यालय, मदारी टोला शासकीय प्राथमिक विद्यालय बड़वारा तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कटनी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे नशे के खिलाफ इस अभियान में सहयोग करें तथा समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

# नशे से दूरी है जरूरी नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक




**अमझेरा।** पुलिस विभाग के द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मनावर चोराहे पर चलित वाहन से वीडियो सन्देश एवं नशे के दुष्प्रभाव को बताया गया एवं कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। थाना प्रभारी राजू मकवाना ने बताया कि नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत आयोजन करके लोगो को जागरूक किया जा रहा है अधिकांश अपराध नशे की हालत में होते है समाज मे नशा मुक्ति से बदलाव आएगा जिससे अपराध की संख्या भी कम होगी। इस दौरान पुलिस थाने के प्रधान आरक्षक दिनेश भाभर, आरक्षक नीरज जाट, लाल सिंह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई।

# 18 दिनों से रिक्त है बीईओ का पद , बैगा अंचल की शिक्षा व्यवस्था हो रही प्रभावित




**समय जगत, मण्डला।** मण्डला जिले के बैगा अंचल मवई की शिक्षा व्यवस्था इन दिनों गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। विकासखंड में लगभग 18 दिनों से विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) का पद रिक्त होने के कारण शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं कई शासकीय विद्यालय शिक्षकविहीन अथवा एकल शिक्षक के भरोसे संचालित होने से आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, मवई में पदस्थ बीईओ 30 जून को सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन अब तक नए अधिकारी की पदस्थापना नहीं की गई है। इसके चलते सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़े लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पा रहा है। इसी बीच नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है, लेकिन शिक्षकों की पदस्थापना, विद्यालयों की व्यवस्थाएं तथा अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी प्रभावित बताई जा रही है। क्षेत्र के कई विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। अनेक स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं, जबकि कुछ विद्यालय पूरी तरह शिक्षकविहीन हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है। बीईओ का पद रिक्त होने से आवश्यक प्रशासनिक निर्णय समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विकासखंड शिक्षा कार्यालय से जुड़े विभिन्न वित्तीय एवं विभागीय कार्य भी लंबित बताए जा रहे हैं। इसका असर कार्यालयीन गतिविधियों के साथ-साथ विद्यालयों के संचालन पर भी पड़ रहा है। शिक्षा व्यवस्था में आई इस सुस्ती को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में चिंता बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जब नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है, तब भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त रहना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का संकेत है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो इसका सीधा नुकसान बैगा अंचल के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा। साथ ही यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि किन परिस्थितियों में ऐसे स्थानांतरण किए गए, जिनसे कई विद्यालय शिक्षकविहीन अथवा एकल शिक्षक के भरोसे रह गए। जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही बीईओ की नियुक्ति नहीं की गई, शिक्षकविहीन विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना नहीं हुई तथा स्थानांतरण प्रक्रिया की निष्पक्ष समीक्षा नहीं की गई, तो आदिवासी अंचल की शिक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावित होगी।

### इनका कहना है–

मवई आदिवासी एवं बैगा बाहुल्य क्षेत्र है, जहां अधिकांश परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ऐसे क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सहायक आयुक्त, जनजाति कार्य विभाग द्वारा मवई में बीईओ की पदस्थापना एवं शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे।

**कमलेश तेकाम**
**उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष जिला शिक्षा समिति**
**जिला पंचायत मण्डला**

विकासखंड मवई में रिक्त चल रहे विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के पद पर जल्द ही पदस्थापना की जाएगी। बीईओ की पदस्थापना की प्रक्रिया जारी है और आगामी दो-तीन दिनों के भीतर नियुक्ति आदेश जारी हो जावेगें।

**डॉ. अरूण शुक्ला**
**सहायक आयुक्त**
**जनजाति कार्य विभाग, मण्डला**

# जिला अस्पताल डिंडौरी में फायर फाइटिंग डेमो का सफल आयोजन

## आपदा प्रबंधन की तैयारियों का लिया जायजा



**समय जगत, डिंडौरी।** शासकीय जिला चिकित्सालय डिंडौरी में रविवार को अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर फायर फाइटिंग डेमो (डेमोंस्ट्रेशन) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया,नगर परिषद डिंडौरी की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस,सिविल सर्जन डॉ. रमेश मरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन तथा ओम अश्विनी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि गौरव सिंह बघेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम का इंस्टॉलेशन ओम अश्विनी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। डेमो के दौरान फायर ब्रिगेड दल एवं विशेषज्ञों द्वारा आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, अग्निशमन यंत्रों के प्रभावी उपयोग, मरीजों एवं कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया तथा आपातकालीन परिस्थितियों में समन्वित कार्यवाही का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूरे प्रशिक्षण को गंभीरता से देखा तथा अग्नि सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थानों में अग्नि सुरक्षा के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच, रखरखाव एवं कर्मचारियों का समय-समय पर प्रशिक्षण कराया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में पूर्व तैयारी और नियमित अभ्यास सबसे महत्वपूर्ण है। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करते हुए किसी भी आपात स्थिति में समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर ने जिला अस्पताल परिसर में स्थापित अग्नि सुरक्षा उपकरणों, फायर अलार्म सिस्टम, हाइड्रेंट एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उनकी कार्यशीलता का जायजा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पार्थ को चित्रकारी में मिला प्रथम पुरस्कार, लोगों द्वारा दी गई बधाई



**समय जगत, भोपाल।** राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ निवासी रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी एसपी व्यास के पोते पार्थ ने कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के बच्चों की चित्रकारी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी श्री व्यास ने अपने पोते की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है, वहीं लोगों ने पार्थ, रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी श्री व्यास एवं उनके परिवार को बधाई दी है।

### सुंदरकांड पाठ के साथ पौधारोपण एवं महाप्रसादी का आज होगा आयोजन



**समय जगत, भोपाल।** परम कृपालु बाल स्वरूप हनुमान जी की असीम कृपा से बाल स्वरूप हनुमान मंदिर ओरा मॉल के पास, भोपाल में आज 21 जुलाई को प्रात: 11 बजे से श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। इसके पश्चात पौधारोपण एवं महाप्रसादी का कार्यक्रम संपन्न होगा। धार्मिक- आध्यात्मिक एवं पर्यावरण हितैषी इस कार्यक्रम के आयोजक ममता श्रीवास्तव एवं ब्रजेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में लोगों से शामिल होने एवं पौधारोपण करके प्रकृति सेवा का संकल्प लेने का आग्रह किया है।

### एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव में हुआ पौधारोपण

**समय जगत, डिंडौरी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम यूनिट-4 एमपी सीटीआर एनसीसी, जबलपुर (मध्यप्रदेश) के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सिद्धार्थ सूर्वे के संरक्षण, एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अमृता सिंह के मार्गदर्शन, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अलका विश्वकर्मा के नेतृत्व तथा एसोसिएट एनसीसी चीफ ऑफिसर श्रीमती अनुपमा पी. सुंदरम की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एनसीसी के लगभग 50 कैडेटों, जिनमें 23 छात्र एवं 27 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पौधरोपण किया।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा ग्राम धोलका के 24 घरों में किया गया गायत्री महायज्ञ



**समय जगत, रतलाम।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की रतलाम शाखा द्वारा ग्राम धोलका के 24 घरों में एक साथ एक समय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया गया। गायत्री परिजनों ने मिलकर त्रिवेणी रोपण किया और सभी यजमानों को एक एक पौधा भेंट किया। उल्लेखनीय है कि गायत्री परिवार की अधिष्ठात्री माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी अनुयाज कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में गायत्री परिवार द्वारा विभिन्न आयोजन किये जा रहें है। संस्कार परम्परा पुनर्जीवन अभियान के उद्देश्य के साथ यजमान परिवार के सदस्यों में व्यसनमुक्ति एवं कुरुति उन्मूलन के संकल्प, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरण के सद्प्रयास किये जाते है। जन्मदिवस, विवाह दिवस, पुंसवन, अन्नप्राशन, नामकरण, विद्यारम्भ इत्यादि संस्कार भी सम्पन्न करवाए जाते है। देवदक्षिणा के क्रम में धनराशि की जगह एक बुराई के त्याग और एक अच्छाई को ग्रहण करने का संकल्प दिलवाया जाता है। आयोजन को सफल बनाने के लिए गायत्री परिवार रतलाम मुख्य ट्रस्टी पातीराम शर्मा, जिला समन्वयक दामोदर प्रसाद शर्मा, लालाशंकर पाटीदार, मदनमोहन साहू, सहित गायत्री परिवार के अनेक यज्ञाचार्य एवं महिला पुरोहित उपस्थित थे। ग्राम धोलका से मुकेश पाटीदार, आत्माराम पाटीदार, दिलीप सिंह राणावत, बालमुकन्द पाटीदार, बिहारीलाल पाटीदार, शंकरलाल चौधरी और कचरु लाल खारीवाल की सहभागिता रही।

## जैविक हाट बाजार में 49 हजार 210 रुपये से अधिक के जैविक उत्पादों का हुआ विक्रय

**रतलाम।** जिले में रविवार को आयोजित जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार में किसानों द्वारा लाए गए जैविक उत्पादों को उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक खरीदा। हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए पांच जैविक किसानों ने अपने उत्पादों का विक्रय किया, जिससे कुल 49 हजार 210 रुपये से अधिक का कारोबार हुआ। धामनोद से आए किसान श्री चंद्रभानु ने जैविक अनाज, दालें, सब्जियां, फल, एवं मूंगफली का 20 हजार 800 रुपये का विक्रय किया। वहीं सादाखेड़ी के श्री दिलीप धाकड़ ने शहद का 6 हजार 370 रुपये, करिया के श्री दिलीप पाटीदार ने देसी घी का 20 हजार रुपये, रतलाम के श्री प्रवीण पटेल ने 1 हजार 240 रुपये तथा श्री तेजराम सांकला ने जैविक सब्जियों का 8 सौ रुपये का विक्रय किया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार का उद्देश्य किसानों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना तथा उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण एवं रसायनमुक्त खाद्य सामग्री पहुंचाना है।

# औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज

**समय जगत, औबेदुल्लागंज।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब स्थानीय नागरिकों ने इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं राजकोट एक्सप्रेस के ठहराव की मांग तेज कर दी है। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पहुंचते हैं, लेकिन इन महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों को मजबूरी में भोपाल या इटारसी जैसे बड़े स्टेशनों तक अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है, जिससे समय के साथ-साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि औबेदुल्लागंज क्षेत्र तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और यहां से भोपाल, इंदौर, गुजरात सहित विभिन्न शहरों के लिए आवागमन करने वाले यात्रियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके बावजूद प्रमुख ट्रेनों का ठहराव नहीं होना क्षेत्रवासियों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों एवं यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं राजकोट एक्सप्रेस का औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पर शीघ्र ठहराव सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी इस मांग को गंभीरता से उठाने की अपील की गई है, जिससे समस्या का जल्द समाधान हो सके।रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब स्थानीय नागरिकों ने इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं राजकोट एक्सप्रेस के ठहराव की मांग तेज कर दी है। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन पहुंचते हैं, लेकिन इन महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों को मजबूरी में भोपाल या इटारसी जैसे बड़े स्टेशनों तक अतिरिक्त सफर तय करना पड़ता है, जिससे समय के साथ-साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि औबेदुल्लागंज क्षेत्र तेजी से विकास की ओर अग्रसर है।

# अवैध शराब के खिलाफ जनआंदोलन की जरूरत लोग जागरुकतापूर्वक करें पहल: विधायक

**युवाओं का भविष्य बचाने और नशामुक्त निवास बनाने के लिए जनता से एकजुट होकर विरोध करने की अपील**



**समय जगत, मंडला।** निवास क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अवैध शराब के कारोबार को लेकर विधायक प्रतिनिधि इलियास खान ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि पुलिस और आबकारी विभाग समय-समय पर कार्रवाई कर अवैध शराब जब्त करते हैं, आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण भी दर्ज किए जाते हैं, लेकिन कुछ ही दिनों बाद वही कारोबार दोबारा शुरू हो जाता है। इससे स्पष्ट है कि समस्या की जड़ तक पहुंचकर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता है। इलियास खान ने कहा कि अवैध शराब का कारोबार केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। इससे अपराध बढ़ने की आशंका रहती है, अनेक परिवार बर्बाद हो रहे हैं और जहरीली शराब जैसी घटनाओं का जोखिम भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि यदि बार-बार कार्रवाई के बावजूद स्थिति नहीं बदल रही है तो पूरे नेटवर्क की पहचान कर उसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि कहीं विभागीय लापरवाही, मिलीभगत या निगरानी में कमी है तो उसकी निष्पक्ष जांच भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा लगातार नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध शराब का गोरखधंधा नहीं रुक पा रहा है। ऐसे में पुलिस, आबकारी विभाग और जिला प्रशासन को समन्वित एवं दीर्घकालिक रणनीति बनाकर इस कारोबार को जड़ से समाप्त करना होगा। विधायक प्रतिनिधि इलियास खान ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि अवैध शराब के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाया जाए और गांव-गांव इस कारोबार का विरोध किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि जनता दृढ़ संकल्प के साथ इस मुहिम से जुड़ती है तो किसी भी माफिया का प्रभाव टिक नहीं पाएगा। उनका विश्वास है कि सामूहिक प्रयासों से निवास क्षेत्र को अवैध शराब मुक्त बनाकर पूरे जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेश के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है।

# पत्रकार सलमान की हत्या के आरोपी सरफराज शाहनवाज, एवं शफीक को आजीवन कारावास

**समय जगत, सारंगपुर।** न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश महोदय पीठासीन अधिकारी श्री अतुल राज भलावी ने न्यायालय में प्रचलित प्रकरण क्रमांक 86/2025 अंतर्गत धारा 103(1), 61(2)3 (5) भारतीय न्याय संहिता एवं आयुध अधिनियम 25एवं 27 से उद्धुत प्रकरण में अभियुक्त सरफराज, शाहनवाज, एवं शफीक निवासी सारंगपुर थाना सारंगपुर जिला राजगढ़ को धारा 103(1)बी एन एस में आजीवन कारावास एवं 3000-3000 हजार रुपए के अर्थ दंड एवं धारा 61(2) भारतीय न्याय संहिता में पांच - पांच वर्ष के कठोर कारावास एवं ?1000-1000 के अर्थ दंड से दंडित किया एवं 25(1)( क) एवं 27 आयुध अधिनियम में सरफराज को 7वर्ष एवं 5 का कारावास एवं 2000 एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। घटना की जानकारी देते हुए शासन की ओर से पैरवी कर रहे अतिरिक्त लोक अभियोजक शिव प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना दिनांक 17/ 9/ 2024 को रात को 9 बजे सलमान नेहरू पार्क के सामने अपने लड़के के साथ खड़ा था तभी तीन युवकों ने मोटर साइकिल पर आ कर सलमान अली के सिर पर गोली मार दी मृतक के भाई अजीम की सूचना पर से पुलिस थाना सारंगपुर ने अपराध पंजीकृत कर प्रथम सूचना लेख बद्ध की उक्त प्रकरण पुलिस अधीक्षक जिला राजगढ़ के द्वारा चिन्हित प्रकरण की सूची में लिया गया था अभियोजन द्वारा उक्त प्रकरण में 24 गवाह माननीय न्यायालय में कराए गए । माननीय न्यायालय द्वारा मृतक सलमान के पुत्र सुफियान जो की घटना स्थल पर मौजूद था एवं घटना का साक्षी था की गवाही को सही मानते हुए एवं वैज्ञानिक परीक्षण की रिपोर्ट एवं अन्य साक्षी गण के कथन से अभियुक्त सरफराज द्वारा सह अभियुक्त शफीक एवं शाहनवाज से मिलकर आपराधिक षड्यंत्र कर देसी कट्टे से सलमान अली के सिर में गोली मार कर उसकी हत्या की इस कारण माननीय न्यायालय ने अभियुक्त गण को आजीवन कारावास एवं अर्थ दण्ड से दंडित किया। प्रकरण में शेष अभियुक्त सलामत एवं नासिर को साक्षय के अभाव में न्यायालय ने दोष मुक्त किया।

# इंद्रदेव की बेरुखी से सूखे हालात, धान की रोपाई पर संकट-रायसेन के किसान परेशान

**समय जगत,औबेदुल्लागंज ।** जिले में इस वर्ष मानसून की धीमी रफ्तार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इंद्रदेव की नाराजगी के चलते पर्याप्त बारिश नहीं होने से धान की रोपाई पूरी तरह प्रभावित हो रही है। खेतों में पानी की कमी के कारण किसान अपने धान के गढ़ों में रोपाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। किसानों का कहना है कि यदि अगले 8-10 दिनों के भीतर अच्छी बारिश नहीं हुई तो इस सीजन की धान की फसल पूरी तरह खराब हो सकती है। रायसेन जिले में हर साल लगभग 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती होती है, लेकिन इस बार बारिश की कमी के चलते अब तक अधिकांश किसान रोपाई शुरू नहीं कर पाए हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति चिंताजनक है। पिछले वर्ष 1 जून से 15 जुलाई तक जिले में 569.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी, जबकि इस वर्ष इसी अवधि में मात्र 224.2 मिमी बारिश हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1197 मिमी मानी जाती है, जिससे साफ है कि इस बार बारिश काफी कम हुई है। बारिश की कमी का असर किसानों के चेहरों पर साफ दिखाई दे रहा है। खेत सूखे पड़े हैं और किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है अगर जल्द बारिश नहीं हुई तो धान की रोपाई संभव नहीं होगी और हमारी पूरी फसल चौपट हो जाएगी।

# सांसद निधि से साहू समाज धर्मशाला के लिए पांच लाख स्वीकृत, समाज ने जताया आभार



**समय जगत, सिलवानी।** साहू समाज साईखेड़ा ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान द्वारा सांसद निधि से साहू समाज धर्मशाला के निर्माण एवं विकास कार्य के लिए 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए आभार जताया है। समाजजनों ने कहा कि समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। धर्मशाला के निर्माण से सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा समाज के अनेक परिवारों को इसका लाभ प्राप्त होगा। समाज ने अपने आभार संदेश में कहा कि सांसद शिवराज सिंह चौहान का यह सहयोग समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता, सेवा भावना और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साहू समाज ने पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह का भी विशेष आभार व्यक्त किया। समाज का कहना है कि उनके मार्गदर्शन, सहयोग और सतत प्रयासों से ही धर्मशाला के लिए यह महत्वपूर्ण स्वीकृति प्राप्त हो सकी।

# नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने सीएमओ ने सफाई कार्य का किया औचक निरीक्षण



**समय जगत, सारंगपुर।** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आमजन को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) दीपक कुमार रानवे के द्वारा दोपहर कालीन सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्डो और मुख्य मार्गों पर चल रहे सफाई कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सफाई व्यवस्था में पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों व सफाई कर्मियों को सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ने सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ द्वारा निर्देशित किया गया कि, सड़कों के किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा जमा न होने दिया जाए, उसे तुरंत कचरा वाहनों के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड भिजवाया जाए। सीएमओ ने नगर वासियों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में नगरपालिका का सहयोग करें और कचरा हमेशा डस्टबिन या कचरा गाड़ी में ही डालें। कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# विंध्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पतालों की बदहाल व्यवस्था, शासन की मंशा पर फिरा पानी

**रीवा।** विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े सरकारी चिकित्सा संस्थानों में शामिल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय लाखों लोगों के लिए बेहतर इलाज की उम्मीद का केंद्र माने जाते हैं। रीवा सहित सीधी, सिंगरौली, सतना, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर तथा आसपास के जिलों से प्रतिदिन हजारों मरीज यहां इलाज के लिए पहुंचते हैं। लेकिन इन अस्पतालों की वर्तमान स्थिति मरीजों और उनके परिजनों के लिए लगातार चिंता का विषय बनती जा रही है। अस्पतालों में दवाओं की कमी, आवश्यक जांचों का समय पर न होना, डॉक्टरों की अनियमित उपस्थिति, ऑपरेशन संबंधी संसाधनों का अभाव तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही सुपर स्पेशलिटी में अत्याधिक भीड़ होने के कारण बेड की कमी से जूझ रहा है। वेड की कमी के कारण मरीजों को वापस लौटना पड़ रहा है। सोमवार को ओपीडी की भीड़ ने यह साबित कर दिया कि लोगों का भरोसा सरकारी अस्पताल में जरूर बढ़ा है। लेकिन खून की जांच, पंजीयन, टोकन नंबर और पर्ची प्राप्त करना इतना कठिन है कि मरीज के परिजन खुद यहां आकार या तो खुद बीमार हो जाते है या फिर निजी अस्पताल का रूख करते है। चूंकि यहां पहले आभा केयर से टोकन प्राप्त करें इसके बाद दूसरी लाइन में लगकर पर्ची प्राप्त करे, इसके बाद तीसरी लाइन में लगकर डाक्टर के पास पहुंचे, किसी तरह डाक्टर के पास पहुंचे तो चौथी लाइन में लगकर खून, जांच, पेशाव



जांच की लाइन में लगे, इसके बाद दवाईयों की लाइन में लगे। दूर दराज से आया हुआ मारीज सुबह 6 बजे अस्पताल पहुंच तो जाता है लेकिन उसके मरीज को इलाज दूसरे या तीसरे दिन ही मिलता है।

हालांकि पर्चा 15 दिनों के वैध होता है लेकिन सरकारी तो सरकारी ही है।

सरकारी अस्पतालों में मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण इलाज की उम्मीद लेकर आने वाले गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को यहां पहुंचने के बाद कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल में पंजीयन कराने से लेकर डॉक्टर को दिखाने, जांच कराने और दवा प्राप्त करने तक हर चरण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई मरीजों को अस्पताल में उपलब्ध न होने वाली दवाइयां निजी मेडिकल स्टोर से खरीदनी पड़ रही हैं, जबकि कई जांचों के लिए निजी पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर का सहारा लेना पड़ रहा है।मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि डॉक्टर द्वारा लिखी गई कई दवाइयां अस्पताल के मेडिकल स्टोर में उपलब्ध नहीं होतीं। दवा काउंटर पर पहुंचने के बाद मरीजों को बताया जाता है कि संबंधित दवा स्टॉक में नहीं है। इसके बाद उन्हें अस्पताल परिसर के बाहर स्थित निजी मेडिकल स्टोरों से दवा खरीदनी पड़ती है। गरीब परिवारों के लिए यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन जाता है। कई मरीज ऐसे हैं जो पहले ही गांव से किराया खर्च कर अस्पताल तक पहुंचे होते हैं। ऊपर से दवा खरीदने और जांच कराने में हजारों रुपये खर्च होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो जाती है। कई बार मरीज पैसे की कमी के कारण डॉक्टर द्वारा लिखी गई पूरी दवा भी नहीं खरीद पाते, जिससे उपचार प्रभावित होता है।

# हर दिन सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए 30 मिनट देंगे तो सुधरेगी ग्रेडिंग : श्री सूर्यवंशी

## ई आफिस और जनसुनवाई में लापरवाही बरतने वालों का कटेगा वेतनः कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए यदि 30 मिनट का समय दे दें तो कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रहेगा। विभाग की ग्रेडिंग में भी सुधार होगा। हर महीने की 5 तारीख तक 75 प्रतिशत तथा 10 तारीख तक 80 प्रतिशत ग्रेडिंग अनिवार्य रूप से प्राप्त करें।




अपने अधीनस्थ अधिकारियों से सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की प्रतिदिन जानकारी लें। शिकायतों का बोझ अपने सर पर रखकर न बैठें। इनका समुचित निराकरण करें। जनसुनवाई के आवेदन पत्रों के निराकरण की भी स्थिति संतोषजनक नहीं है। जनसुनवाई में जिन अधिकारियों ने लापरवाही बरती है उन पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने तहसीलदार त्योंथर, सेमरिया, सिरमौर, मनगवां, जवा तथा गुढ़ द्वारा जनसुनवाई के आवेदनों का निराकरण न करने पर उनका वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिदिन एक अथवा दो तहसील के एसडीएम, तहसीलदार तथा शिकायत के प्रभारी कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई के आवेदनों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा प्रश्नों का सभी अधिकारी तत्काल उत्तर दें। प्रश्नों के उत्तर ऑनलाइन दर्ज कराने के साथ उसकी एक प्रति कलेक्टर कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। विधानसभा के ध्यानाकर्षण प्रश्नों का उत्तर 24 घंटे की समय सीमा में दें। प्रश्न के संबंध में समुचित कार्यवाही करके तथ्यपरक प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। टीएल पत्रों का निराकरण करके तय समय सीमा में प्रतिवेदन दें। त्योंथर, जवा तथा रायपुर कर्चुलियान के एसडीएम तथा तहसीलदार जवा के पास समय सीमा में निराकरण न होने वाले पत्र बड़ी संख्या में लंबित हैं। इन पर कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। ई आफिस के माध्यम से ही समस्त फाइलें और पत्र भेजें। इसकी प्रगति भी संतोषजनक नहीं है।

ई आफिस से फाइल न भेजने पर कलेक्टर ने प्राचार्य आईटीआई, सचिव कृषि उपज मंडी, जिला खेल अधिकारी तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि न्यायालय में दर्ज प्रकरणों में समय पर जवाब और दावा प्रस्तुत करें। अवमानना प्रकरणों में तत्काल न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए जवाब-दावा कोर्ट में प्रस्तुत करें। अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष के भ्रमण के दौरान दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। स्वरोजगार योजनाओं में निर्धारित वार्षिक लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक प्रकरण 15 अगस्त तक बैंकों में दर्ज करा दें। इन प्रकरणों को 31 अगस्त तक बैंकों से स्वीकृत कराकर 15 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत वितरण करा दें। रोजगार प्रकरणों के निराकरण की 21 जुलाई को शाम 5 बजे से आयोजित बैठक में समीक्षा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने कहा कि सभी अधिकारी 31 जुलाई से पूर्व आईगॉट पोर्टल के माध्यम से कम से कम एक प्रशिक्षण अवश्य ले लें।

## केन्द्र सरकार की तानाशाही के विरुद्ध राष्ट्रपति को भेजा गया ज्ञापन

**रीवा।** देश की शिक्षा प्रणाली में व्याप्त संस्थागत भ्रष्टाचार व नीट पेपर लीक मामले की जांच कराने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वापस लेने, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बरखास्त करने, प्रख्यात जलवायु कार्यकर्ता सोनम बांगचुक की दमनकारी व जवरन गिरफ्तारी के विरोध व लोकतांत्रिक प्रतिरोध के खिलाफ केन्द्र सरकार की तानाशाही नीतियों के विरोध में रीवा जिले के सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ताओं, बुद्धजीवियों एवं छात्रों नौजवानों द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय विवेकानन्द पार्क से कमिश्नर कार्यालय तक मार्च निकाल कर राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन संभागीय आयुक्त के माध्यम से सौपा। विभिन्न संगठनों द्वारा सामूहिक रूप से सौपे गये इस ज्ञापन में कहा गया कि देश के करोड़ो छात्रों, युवाओ और मेहनतकश आवाम गंभीर संकट मे हैं। देश की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था, लोकतांत्रिक अधिकारों और शांति पूर्ण जन आंदोलनों पर लगातार हमले हो रहे हैं। प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता, शिक्षाविद् सोनम बांगचुक पिछले 21 दिनों से नई दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूखहड़ताल पर बैठे थे उन्हे सरकार द्वारा जबरन दमनकारी तरीके से हिरासत में ले लिया गया जो उनके मौलिक अधिकार का हनन है। सरकार की संवेदनहीन कार्यवाही से देश के लोकतंत्र पर आस्था रखने वाले समस्त नागरिकों को इससे गहरा आघात लगा है।

# आधे घंटे की बारिश ने खोली नगर परिषद की पोल, दुकानों और घरों में घुसा पानी

## वार्ड क्रमांक 10 सहित कई वार्डों में जलभराव, जाम नालियों से लोगों का जनजीवन प्रभावित

**समय जगत, रीवा।** बैकुण्ठपुर नगर में सोमवार सुबह करीबन 8 बजे हुई लगभग आधे घंटे की झमाझम बारिश ने नगर परिषद की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। वार्ड क्रमांक 10 सहित नगर के कई वार्डों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई। नालियों की समुचित सफाई नहीं होने और जगह-जगह कचरा जमा रहने से बारिश का पानी सड़कों पर बहता हुआ दुकानों और घरों में घुस गया।केपी तिराहा के समीप स्थित ज्वेलर्स, बर्तन, जनरल स्टोर, रेडीमेड कपड़ा सहित करीब एक दर्जन से अधिक दुकानों में पानी भर जाने से व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानदारों ने सामान को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाकर नुकसान से बचाने का प्रयास किया।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि पिछले कई वर्षों से हर बरसात में यही हालात बनते हैं। नगर परिषद द्वारा नियमित रूप से नालियों की सफाई नहीं



कराए जाने और कई स्थानों पर नालियां जाम होने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो जाती है। परिणामस्वरूप बारिश का पानी सड़कों से होते हुए दुकानों और मकानों में प्रवेश कर जाता है।वार्डवासियों ने बताया कि अभी बारिश का मौसम शुरू ही हुआ है और पहली तेज बारिश में ही नगर के कई हिस्सों में जलभराव जैसी स्थिति बन गई है। यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो आगामी दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद से तत्काल जाम नालियों की सफाई कराने, जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से लोगों को राहत दिलाने की मांग की है।

## सार-समाचार

### अनुकंपा नियुक्ति मिलने पर आई चेहरे पर खुशी



**विदिशा।** सोमवार को कलेक्टोरेट कार्यालय में कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा अनुकंपा नियुक्ति पत्र भेंट किया गया। गंजबासौदा निवासी आर्या दुबे के पिता बाल कृष्ण दुबे सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला ग्राम पचमा ब्लाक गंज बासौदा का स्वर्गवास होने के उपरांत महिला बाल विकास के द्वारा बालकृष्ण दुबे की पुत्री आर्या दुबे को सहायक ग्रेड 3 से डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर अनुकंपा नियुक्ति विधिवत कार्यवाही कर की गई है। शिक्षक बालकृष्ण दुबे की चार बेटियां थीं, जिसमें उनकी माता ज्योति दुबे द्वारा आर्या दुबे को अनुकंपा नियुक्ति हेतु लिखित सहमति व्यक्त की गई थी। जिसमें संपूर्ण जानकारी को जुटाने के उपरांत कलेक्टर द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसवा एवं स्थापना शाखा महिला बाल विकास विदिशा के द्वारा रुचि लेकर रिक्त पद महिला एवं बाल विकास परियोजना बासौदा 2 जिला विदिशा में सहायक ग्रेड 3 के पद पर नियुक्ति की गई। कलेक्टर द्वारा समय सीमा में लिपिक वर्ग हेतु पात्रता परीक्षा पास करने हेतु निर्देश दिये और उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### ट्रैक्टर के नीचे दबने से युवक की संदिग्ध मौत

**विदिशा।** ग्यारसपुर तहसील अंतर्गत हैदरगढ़ थाने के ग्राम कोलुआ धामनोद में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवक की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। रविवार को लगभग रात के 12 बजे नितेश यादव पिता रूप सिंह यादव उम्र 35 वर्ष की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत होने की घटना की सूचना मिलते ही हैदरगढ़ थाना से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक नितेश यादव ट्रैक्टर किराए पर चलाता था। रविवार को ग्राम के ही व्यक्ति के खेत पर ट्रैक्टर चलाने के लिए गया हुआ था, लेकिन रात्रि में ट्रैक्टर के नीचे दब जाने के कारण उसकी मौत हो गई। इस दौरान परिजनों ने आरोप लगाया कि मृतक नितेश यादव को ग्राम के चार लोग अपने साथ डीजल लाने का बोलकर ले गए थे, लेकिन संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मौत होने की घटना से परिवार के लोग काफी दुखी है और परिवार के लोगों को समझ में नहीं आ रहा कि आगे इतनी बड़ी घटना के पीछे क्या सच्चाई है। उन्होंने कहा कि इस मामले की पूरी जांच होना चाहिए और जो लोग भी इस मामले में दोषी हैं उन पर कार्रवाई होना चाहिए। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच सामने आ सकेगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। इस दौरान परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

**समय जगत, विदिशा।** सोमवार को नटेरन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला कांग्रेस प्रभारी राजेश रघुवंशी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सिलाकारी, संगठन महामंत्री गोविंद भार्गव, विधानसभा प्रभारी निर्मल पुरोहित, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह यादव, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नागेंद्र सिंह बन्ना एवं नटेरन ब्लॉक के समस्त नेतागण समस्त पदाधिकारी समस्त मंडलम अध्यक्ष और जिला पदाधिकारी ने सहभागिता की। राजेश रघुवंशी ने संगठन को मजबूत करने समन्वय्यता वह एकता के साथ गांव-गांव जाकर कांग्रेस की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त कई सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से बंद

- रिकॉर्डिंग का बैकअप भी ठप, हजारों यात्रियों की सुरक्षा पर उठे सवाल
- फुट ओवर ब्रिज और प्लेटफॉर्म पर चल रहे निर्माण से कनेक्शन कटे, RPF की मॉनिटरिंग व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित

**रीवा।** पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख और सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले स्टेशनों में शामिल रीवा रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। स्टेशन परिसर में लगे कई सीसीटीवी कैमरे काफी समय से बंद पड़े हैं। जो कैमरे चालू भी हैं उनमें भी रिकॉर्डिंग का बैकअप नहीं हो पा रहा है। इस कारण रेलवे सुरक्षा बल RPF की मॉनिटरिंग व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है। स्टेशन पर रोजाना लगभग 30 ट्रेनों का संचालन होता है और हजारों यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे संवेदनशील स्थान पर सीसीटीवी का बंद होना यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**निर्माण कार्य से कटा कनेक्शन, ठप हुई निगरानी:** जानकारी के अनुसार फुट ओवर ब्रिज और प्लेटफॉर्म पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण कई सीसीटीवी कैमरों के कनेक्शन कट गए हैं। इसी वजह से कैमरे बंद हो गए और जो चालू हैं उनमें भी डेटा का बैकअप नहीं मिल पा रहा है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि रेलवे स्टेशन जैसे भीड़भाड़ वाले स्थान पर सीसीटीवी ही अपराध रोकथाम और जांच का सबसे बड़ा आधार होते हैं। कैमरों के बंद होने से चोरी, जेबकतरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर नजर रखना मुश्किल हो गया है।

**रोजाना हजारों यात्रियों की आवाजाही:** रीवा स्टेशन पश्चिम मध्य रेलवे को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले प्रमुख स्टेशनों में से एक है। यहां से प्रतिदिन करीब 30 ट्रेनें गुजरती हैं। सुबह-शाम के समय प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भारी भीड़ रहती है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था का चाक-चौबंद होना जरूरी है।

**सुरक्षा पर उठे सवाल:** रेलवे अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कैमरों को फिर से चालू कर दिया जाएगा। लेकिन तब तक हजारों यात्रियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी, यह बड़ा सवाल है। यात्रियों ने भी रेल प्रशासन से जल्द से जल्द वैकल्पिक सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। रेलवे प्रशासन से अपेक्षा है कि वह निर्माण कार्य के दौरान भी अस्थायी तौर पर सीसीटीवी और अतिरिक्त आरपीएफ जवानों की तैनाती कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# पाठ्य पुस्तक निगम के गोदाम से 450 से ज्यादा बंडल गायब, 35 लाख से अधिक की पुस्तकों का हिसाब नहीं

## सरकारी किताबों का बड़ा घोटाला हुआ उजागर

**रीवा।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को निशुल्क वितरित की जाने वाली किताबों के गायब होने का बड़ा मामला सामने आया है। पाठ्य पुस्तक निगम के गोदाम से 450 से अधिक बंडल किताबें लापता होने की आशंका जताई गई है। इनकी अनुमानित कीमत 35 से 36 लाख रुपये बताई जा रही है। मामले के सामने आते ही विभाग में हड़कंप मच गया है। शिकायत के आधार पर चोरहटा थाने में मामला दर्ज कराया गया है, जबकि भोपाल मुख्यालय से तीन सदस्यीय जांच टीम रीवा पहुंच गई है।

**गोदाम में रखी किताबों का रिकॉर्ड और स्टॉक बराबर नहीं:** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गोदाम में रखी बड़ी संख्या में सरकारी किताबों का रिकॉर्ड और भौतिक स्टॉक मेल नहीं खा रहा है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल करीब 450 से अधिक बंडल गायब होने की आशंका है। हालांकि, वास्तविक संख्या और नुकसान का आंकड़ा जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

**चोरहटा थाने में शिकायत दर्ज:** मामले की गंभीरता को देखते हुए पाठ्य पुस्तक निगम ने चोरहटा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं भोपाल स्थित मुख्यालय से भेजी गई तीन सदस्यीय टीम गोदाम में मौजूद किताबों का भौतिक सत्यापन कर रिकॉर्ड का मिलान कर रही है।

**कर्मचारियों समेत अन्य लोगों पर शकः** आशंका जताई जा रही है कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को मुफ्त में वितरित की जाने वाली इन किताबों को अवैध रूप से बाजार में बेच दिया गया हो। विभाग ने गोदाम में कार्यरत कुछ कर्मचारियों सहित अन्य लोगों की भूमिका पर भी संदेह जताया है।

**विभागीय जांच जारी:** पुलिस जल्द ही गोदाम से जुड़े कर्मचारियों और अन्य संदिग्धों से पूछताछ कर सकती है। वहीं विभागीय जांच भी समानांतर रूप से जारी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि किताबें कैसे गायब हुई और इस पूरे मामले में किन लोगों की भूमिका रही।

### नीट परीक्षा में 567 नंबर हासिल कर पलक ने विंध्य क्षेत्र को किया गौरवान्वित



**रीवा।** शहर के वरिष्ठ समाजसेवी रतहरा निवासी अयोध्या प्रसाद मिश्रा की पोती पलक मिश्रा ने नीट परीक्षा 2026 में 567 नंबर प्राप्त कर समूचे रीवा सहित विंध्य क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्रा विधायक नरेंद्र प्रजापति सहित रीवा जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक अजय मिश्रा सहित आमजनों ने पलक मिश्रा को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। ज्ञात हो कि पलक मिश्रा के पिता का निधन बहुत पहले हो चुका था, बाबा अयोध्या प्रसाद मिश्रा ने पलक मिश्रा की पढ़ाई में योगदान दिया जिसकी बदौलत पलक ने सफलता हासिल की।

## रथ यात्रा में भगवान राधा कृष्ण और राम सीता के स्वरूप की निकाली गई झांकी

# इस्कॉन मंदिर द्वारा आयोजित हुई भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा

**समय जगत, विदिशा।** सोमवार को नगर के इस्कॉन मंदिर द्वारा नगर में भव्य भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें नगर के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और अपने हाथों से भगवान जगदीश स्वामी का रथ खींचते हुए जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। रथ यात्रा में भगवान राधा कृष्ण और राम सीता के स्वरूप की झांकी निकाली गई।

देवी के बाग से प्रारंभ हुई भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा नगर का भ्रमण करते हुए अहमदपुर रोड स्थित स्कॉन मंदिर पर समापन हुआ। सोमवार को गुलाब वाटिका देवी का बाग से दोपहर 3.30 बजे से इस्कॉन मंदिर के सदस्यों द्वारा भगवान जगदीश स्वामी की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान रथ पर सवार भगवान जगदीश स्वामी बलभद्र और सुभद्रा की पूजा अर्चना की गई। वरिष्ठ समाज सेवी




मनोज कटारे रथ यात्रा में शामिल हुए और उनके द्वारा पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही लोगों ने रथ से बनी हुई रस्सी को अपने हाथों में थामा और भगवान जगदीश स्वामी के जयकारे लगाते हुए रथ को खींचना प्रारंभ किया। जैसे ही रथ को लोगों द्वारा खींचना प्रारंभ किया गया तो भगवान इंद्र द्वारा भी भगवान जगदीश स्वामी का जलाभिषेक करने के लिए बारिश प्रारंभ हो गई और देखते ही देखते बारिश तेज होने लगी, लेकिन भक्तों की आस्था के आगे बारिश भी फीकी पड़ गई और लोग अपने हाथों से भगवान जगदीश स्वामी का रथ खींचते हुए आगे बढ़ते



जा रहे थे। इस दौरान भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा गुलाब वाटिका, बड़ा बाजार, तिलक चौक, माधवगंज, खरीफाटक रोड, ओवर ब्रिज होते हुए पीतल मिल से अहमदपुर चौराहा और अहमदपुर रोड इस्कॉन मंदिर पहुंची। यहां पर पूजा अर्चना के साथ रथ यात्रा का समापन किया गया और यात्रा में शामिल लोगों के लिए प्रसादी का वितरण किया गया। साथ ही नगर में जैसे ही भगवान जगदीश स्वामी की रथ यात्रा पहुंची तो बड़ी संख्या में लोग भगवान जगदीश स्वामी के दर्शन करने के लिए लाइन लगाकर खड़े हुए थे और भगवान जगदीश स्वामी के जयकारे लगाते हुए रथ यात्रा में शामिल हुए। जगह-जगह रथ यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा और पूजा अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया। वहीं ढोल और डीजे पर भक्ति भजनों पर युवा नाचते गाते हुए भगवान जगदीश स्वामी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

# चयनित वालेंटियर्स को प्रशिक्षण के पश्चात दी जायेगी इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट

**टीकमगढ़।** मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित आपदा मित्र योजना के अंतर्गत जिले के इच्छुक युवाओं एवं नागरिकों से स्वयंसेवक (वालंटियर) के रूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का उद्देश्य प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का ऐसा नेटवर्क तैयार करना है, जो प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के समय राहत एवं बचाव कार्यों में प्रशासन की प्रभावी सहायता कर सके। इसी क्रम में आज डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट बीपी नामदेव ने अपने स्टाफ के साथ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को आपदा मित्र योजना अंतर्गत प्रदान की जाने वाली इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट में मिलने वाली सभी सामग्री दिखाई एवं योजना की संपूर्ण कार्ययोजना बताई। नोडल अधिकारी डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट बीपी नामदेव ने बताया कि



मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा संचालित आपदा मित्र योजना के अंतर्गत 7 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। वालेंटियर्स के लिये एनसीसी, स्काउट, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र के साथ ही तालाब/नदी किनारे बसे ग्रामीण क्षेत्रों के 18 से 40 वर्ष आयु के नागरिक आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को एसडीएमए भोपाल के द्वारा प्रशिक्षण किया जायेगा। प्रशिक्षण उपरांत उम्मीदवारों को आईडी कार्ड, प्रमाणपत्र के साथ ही इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट(जिसमें प्रिंटेड ट्रेनिंग मॉड्यूल, सर्टिफिकेट और पहचान पत्र शामिल हैं) प्रदान की जायेगी। साथ ही प्रशिक्षित स्वयंसेवकों का बीमा भी किया जाएगा। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, खोज एवं बचाव, राहत कार्य, टीम वर्क तथा आपदा के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया संबंधी व्यावहारिक एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण ऑडियो-वीडियो माध्यमों एवं मैदानी अभ्यास के जरिए आयोजित किया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट बीपी नामदेव ने बताया कि इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट में बैग, लाइफ जैकेट, टार्च, मच्छरदानी, रेनसूट, टीसर्ट, बाटर वाटल, हैंड ग्लब्ज, व्हिसिल, लाईटर, चाकू, चश्मा, रस्सी, रिफ्लेक्टेड जैकेट, फर्स्ट एण्ड किट, बैग कवर, सेफ्टी हेलमेट के साथ ही हार्ड टो लांग बूट प्रदान किया जायेगा।

# जीनियस प्लानेट स्कूल में हुआ स्पीक मैके द्वारा भरतनाट्यम का आयोजन



**इटारसी।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त जीनियस प्लानेट स्कूल में आज भरतनाट्यम नृत्य का आयोजन किया गया। पुणे में रहने वाली भरतनाट्यम नृत्यांगना वैष्णवी धोरे द्वारा दी गई प्रस्तुति बहुत ही मनमोहक रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजन और सरस्वती वंदना से किया गाया। इसके पश्चात् स्कूल संचालकद्व जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी तथा प्राचार्य ममता छिकारा द्वारा उपस्थित कलाकार एवं अथिति हेमंत कुमार शुक्ला मधु भैया का स्वागत किया गया । इसके बाद वैष्णवी धोरे ने बच्चों को भरतनाट्यम शब्द का मतलब समझाते हुए बताया की भरतनाट्यम में भ का मतलब भाव को दिनकर की कविता से समझया। र से तात्पर्य राग से है । राग को समझाने के लिए स्कूल की म्यूजिक शिक्षिका पूजा राजपूत ने सरस्वती वंदना का गायन किया जिस पर वैष्णवी धोरे दोहरे ने नृत्य अभिनय प्रस्तुत किया द्य त से तात्पर्य ताल से है । ताल को समझाने के लिए कुछ प्रसिद्ध तोड़ो तथा रिदम और 12 के टेबल के माध्यम से समझाया द्य नाट्यम से तात्पर्य नृत्य से है , इसे समझाने के लिए बच्चों को भरतनाट्यम की बेसिक मुद्राये अर्वमंडी, मुरुमंडी आदि सिखाई । साथ ही नौ रस और भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रकार को समझाया , इसके अलावा वैष्णवी धोरे ने मोर के नृत्य के हाव भाव और चाल ढाल को भी प्रस्तुत किया द्यअंत में तराना पर प्रस्तुति दी। संपूर्ण प्रस्तुति में विशेष यह रहा की नृत्यांगना वैष्णवी धोरे ने स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई रिदम तबला एवं ढोलक पर भी जुगलबंदी कर अपने नृत्य को प्रस्तुत किया । स्पीक मैके समन्वयक सुनील बाजपेयी ने भरतनाट्यम कलाकार के जीवन परिचय एवं स्पीक मैके के उद्देश्य को उपस्थित विद्यार्थियों को बताया इस अवसर पर गर्ल्स स्कूल सूरज गंज के प्रधान पाठक महेश रैकवार के साथ ही स्कूल का स्टाफ उपस्थित रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### शशांक सिंह गुर्जर ने संभाला सीएसपी का पदभार



**समय जगत, धार।** जिले के पुलिस विभाग में एक बड़ा प्रशासनिक बदलाव सामने आया है। बालाघाट की हॉक फोर्स में अपनी सेवाएं दे चुके अधिकारी शशांक सिंह गुर्जर ने अब धार में नगर पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। नवागत सीएसपी गुर्जर अपनी सख्त कार्यशैली और अनुशासन के लिए जाने जाते हैं। उनके अनुभव और कार्यकुशलता को देखते हुए जिले में कानून–व्यवस्था और मजबूत होने की उम्मीद जताई जा रही है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग में नई गति देखने को मिलेगी।

### बिना कोचिंग नीट में सफल हुईं, शासकीय सांदीपनी विद्यालय की पांच छात्राएं, कलेक्टर ने किया सम्मानित



**समय जगत, पांढुरना।** पांढुरना जिले के शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय ने इस वर्ष राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विद्यालय की पांच छात्राओं ने बिना किसी निजी कोचिंग के परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने विद्यालय पहुंचकर छात्राओं का सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सम्मानित छात्राओं में रितु राजकुमार धुर्वे, एकता महेश कोल्हे, राधा देवराव परिहार, पूनम चंद्रकिशोर ठवरे शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय, पांढुरना एवं श्रद्धा मोरेश्वर ढोबले शासकीय सांदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय, सौसर शामिल हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद इन छात्राओं ने कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास के दम पर यह सफलता हासिल की। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए, कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भी यदि लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से तैयारी करें तो राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने छात्राओं की उपलब्धि को जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उन्हें भविष्य में उत्कृष्ट चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सफल छात्राओं ने अपनी तैयारी की रणनीति भी साझा की। उन्होंने बताया कि उन्होंने किसी निजी कोचिंग का सहारा नहीं लिया। पढ़ाई के दौरान मोबाइल फोन से दूरी बनाई, अधिकतर समय विद्यालय और पुस्तकालय में अध्ययन किया तथा स्कूल की पुस्तकों के साथ विभिन्न संदर्भ पुस्तकों से स्वयं प्रश्न तैयार कर उनका नियमित अभ्यास किया। समय प्रबंधन, आत्ममूल्यांकन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को उन्होंने अपनी सफलता का प्रमुख आधार बताया।

विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि छात्राओं ने पूरे शैक्षणिक सत्र में नियमित अध्ययन, अनुशासित दिनचर्या और निरंतर अभ्यास को अपनी आदत बनाया। विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों, पुस्तकालय और शिक्षकों के मार्गदर्शन का भरपूर लाभ उठाते हुए उन्होंने अपनी तैयारी को मजबूत किया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है।

### लंबे इंतजार के बाद नप में हुई एल्डरमैन की नियुक्ति



**सुठालिया।** नगर परिषद के निर्वाचन हुए करीब 4 वर्ष का समय व्यतीत हो चुका है इतने लंबे इंतजार के बाद सोमवार को सुठालिया नगर परिषद सहित जिले भर की चार नगर पालिका एवम दस नगर परिषदों में राज्य सरकार द्वारा एल्डर मेंन की नियुक्ति की गई है । सुठालिया नगर परिषद में पहली बार चार एल्डर मेंन नियुक्त किए गए हैं । इनमें पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व नप उपाध्यक्ष महेश पालीवाल भाजपा जिला मंत्री माधवी परमार अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हुकुम चंद सिलावट एवं पूर्व मंडल महामंत्री अखिलेश सक्सेना को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है हालांकि अभी राज्य शासन के राजपत्र में उक्त नाम जारी होने के बाद ही इनको नगर परिषद में नियुक्त किया जाएगा सभी एल्डरमेंट का कार्यकाल फिलहाल एक वर्ष का रहेगा । उल्लेखनीय हे की राज्य शासन द्वारा करीब एक वर्ष पूर्व भाजपा संगठन से एल्डर मेन के नाम मांगे गए थे इसके बाद बीते फरवरी माह में कुछ नगर निगम एवम नगर पालिका में एल्डर मेन नियुक्त किए गए थे शासन द्वारा राजपत्र जारी नही होने के चलते उक्त सभी एल्डर मेन को मान्यता नहीं मिली थी लेकिन बीते दिनों राज्य सरकार द्वारा राजपत्र जारी किया गया वही शेष बचे निकायों में भी अब एल्डर मेन नियुक्त किए गए हे।

### मीणा समाज शक्ति संगठन की बैठक 26 को होगी शुजालपुर में

**समय जगत, भैरूंदा ।** मीणा समाज शक्ति संगठन की बहुप्रतीक्षित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तारीख का ऐलान हो गया है। आगामी 26 जुलाई को शुजालपुर में समाज का बड़ा महाजुटान होने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण बैठक में मध्य प्रदेश सहित संगठन के चारों प्रमुख प्रांतों के शीर्ष पदाधिकारी, कोर टोली और जिला अध्यक्ष विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, नगरीय निकाय चुनाव और विधानसभा चुनावों को लेकर समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर चक्रव्यूह जैसी रणनीति तैयार की जाएगी ।संगठन के प्रदेश कार्य समिति सदस्य हेमसिंह बारवाल ने भैरूंदा में पत्रकारों को बताया है कि यह बैठक केवल राजनीतिक एजेंडे तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें समाज के युवाओं और महिलाओं के आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाएगा ।युवाओं को खेती के साथ अब बिजनेस और उद्योगों से जोड़ने का प्लानपदाधिकारियों ने बताया कि समाज के युवाओं को पारंपरिक खेती–किसानी के दायरे से बाहर निकालकर स्वरोजगार, नए स्टार्टअप्स और बड़े उद्योगों की ओर मोड़ने के लिए एक विशेष रोड मैप तैयार किया जाएगा। इसके जरिए युवाओं को करियर और व्यवसाय की नई दिशा दिखाई जाएगी। सीहोर जिला अध्यक्ष मनोज मीणा ने अधिक ने अधिक युवाओं को संगठन से जुड़ने एवं बैठक में अपनी सहभागिता देने का आग्रह किया।

# नीट के मेधावी विद्यार्थियों का कलेक्टर ने किया सम्मान



**समय जगत, नरसिंहपुर।** जिले के शासकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने नीट-2026 में सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इन होनहार विद्यार्थियों के सम्मान में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ने सभी सफल विद्यार्थियों को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह सफलता उनके कठोर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में अपने जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया एवं शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी लगन और दृढ़ संकल्प से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल कर रहे हैं, सम्मानित विद्यार्थियों में सीएम राइज स्कूल करेली की वैष्णवी सोनी, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीचौका रोड के नीरज अहिरवार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धामना की काजल बरसैया एवं चंदा चौधरी, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली की दूर्वा तिवारी, संदीपनी विद्यालय साईखेड़ा की आर्या बारोलिया, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बस्ती की साक्षी साहू, एक्सीलेंस विद्यालय नरसिंहपुर की पारुल साहू एवं सुहानी विश्वकर्मा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी की शिवानी चौधरी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमगांव बड़ा की पिंकी जाटव, सीएम राइज स्कूल गोटेगांव के महेंद्र मेहरा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया की जिया लोधी एवं साक्षी लोधी शामिल रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा, डायट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, बीईओ बृजेश शर्मा, मुकेश साहू, तरुण मालवीय, मनीष शर्मा, श्रीमती सीमा दीक्षित, श्रीमती सुभावना पांडे सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षकगण एवं अभिभावकगण मौजूद थे।

# यूट्यूबर ने पत्रकारों को कहा कुत्ते जैसी शक्ल , 2 दिन बाद भी कार्यवाही नहीं



**गुना।** * शहर के एक यूट्यूबर द्वारा पत्रकारों के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। आरोपी यूट्यूबर ने सोशल मीडिया लाइव के दौरान पत्रकारों को *÷कुत्ते जैसी शक्ल÷* कहकर अपमानित किया। घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी संबंधित थाना प्रभारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायत देने के बावजूद कार्यवाही न होने से पत्रकारों में भारी रोष है। पत्रकारों का कहना है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का इस तरह अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की निष्क्रियता से पत्रकारों का मनोबल टूट रहा है। आक्रोशित पत्रकारों ने निर्णय लिया है कि वे सभी एकजुट होकर एसपी कार्यालय पहुंचकर मुलाकात कर आरोपी की शोसल मीडिया आईडी ब्लॉक कराने की मांग करेंगे । पत्रकार एफआईआर कराकर नवालिक का भबिष्य खराब कराने के पक्ष में नही है ।

# सिंधियत की गूंज: जब इटारसी में एक सिनेमाघर सांस्कृतिक पुनर्जागरण का साक्षी बना

**इटारसी।** जड़ें जितनी गहरी होती हैं, संस्कृति का वृक्ष उतना ही अमर होता है। भाषा केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि किसी भी समाज की आत्मा की धड़कन होती है। रविवार, 19 जुलाई 2026 का दिन इटारसी के इतिहास में सिंधी समाज के लिए केवल मनोरंजन का एक दिन नहीं था, बल्कि यह अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौटने और उस पर गर्व करने का एक ऐतिहासिक उत्सव था। सिनेमा स्टूडियो पार्क आज एक थियेटर मात्र नहीं रहा, बल्कि वह एक ऐसा संगम बन गया जहां सिंधी समाज की तीन पीढ़ियां–वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा और नन्हे बच्चे–एक साथ अपनी मातृभाषा के सत्कार में खड़े थे। अवसर था सुपरहिट सिंधी फिल्म %हा मां भी सिंधी अहियां% (हां, मैं भी सिंधी हूं) के विशेष प्रदर्शन का।

क्या है इस फिल्म का मर्म?भगवान मुक्ता चंदानी द्वारा निर्मित और आरके गिडवानी द्वारा निर्देशित यह फिल्म केवल पर्दे पर चलती कुछ दृश्यों की कहानी नहीं है, बल्कि यह हर उस सिंधी परिवार के अंतर्मन की आवाज है जो आधुनिकता के दौर में अपनी भाषा और जड़ों को पीछे छोड़ रहा है। फिल्म का मूल मर्म %मातृभाषा की अहमियत और सांस्कृतिक संरक्षण% है। यह एक भावनात्मक पारिवारिक ताना-बाना है जो दर्शक को अंदर तक झकझोरता है और यह सोचने पर मजबूर करता है कि यदि भाषा लुप्त हो गई, तो पहचान भी धुंधली हो जाएगी। फिल्म यह संदेश पुरजोर तरीके से देती है कि आधुनिक दुनिया में कितनी भी तरक्की कर ली जाए, पर अपनी पहचान पर गर्व से कहना कि–%हा मां भी सिंधी अहियां%–ही वास्तविक समृद्धि है।

**एकजुटता का वो अद्भुत सैलाब:** पूज्य पंचायत सिंधी समाज के इस बेहतरीन और अनुकरणीय प्रयास का असर यह हुआ कि सिनेमाघर में समाज के ढाई सौ से अधिक सदस्यों की मौजूदगी से शो पूरी तरह हाउसफुल रहा।

समाज के उपाध्यक्ष अनिल मिहानी ने बताया कि उत्साह का आलम यह था कि निर्धारित सीटों के बाद भी लोग आते रहे। कई लोगों के लिए अतिरिक्त कुर्सियों की व्यवस्था की गई, और जब तिल धरने की भी जगह नहीं बची, तब बेहद सम्मानजनक तरीके से कुछ लोगों को रोकना पड़ा। यह दृश्य दर्शाता है कि समाज अपनी संस्कृति के लिए कितना लालायित है।

अपनत्व का स्वाद ÷पूज्य पंचायत की ओर से सामूहिक रूप से आए सभी सदस्यों के लिए स्वल्पाहार और मिल्क शेक की व्यवस्था की गई थी, जिसने इस सिनेमाई अनुभव को एक पारिवारिक पिकनिक और उत्सव में बदल दिया।

वरिष्ठों और प्रबुद्ध जनों की दृष्टि में यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने, जगाने और सिंधी भाषा को नया जीवन देने वाली एक संजीवनी है।

**कैलाश नवलानी, अध्यक्ष पूज्य पंचायत सिंधी समाज:** समाज के प्रबुद्ध जन–मोहन चेलानी, विजय मनवानी, सोनू परियानी आदि ने इस आयोजन को एक ऐतिहासिक और मील का पत्थर प्रयास बताया। वक्त के थपेड़ों के बीच जब संस्कृतियां अपनी पहचान बचाने का संघर्ष कर रही हैं, तब इटारसी के सिंधी समाज ने आज यह साबित कर दिया कि वे अपनी विरासत को खोने नहीं देंगे। जब एक पूरा समाज अपनी भाषा के सिनेमा को देखने के लिए इस कदर उमड़ पड़ता है, तो वह केवल एक फिल्म नहीं देख रहा होता, बल्कि आने वाली पीढ़ी के सुनहरे भविष्य और अपनी संस्कृति की अमरता की पटकथा लिख रहा होता है। आज द पार्क सिनेमा से निकलने वाले हर चेहरे पर एक ही संतोष था–%भाषा बची रहेगी, तो हम बचे रहेंगे।%

# परम पूज्य निर्यापक मुनि 108 संभव सागर जी महाराज ससंघ की नगर में अगवानी



**समय जगत, मंडीदीप ।** नगर मे परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं आचार्य 108 समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य, परम पूज्य निर्यापक मुनि 108 संभवसागर महाराज ससंघ का मंडीदीप आगमन पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया गया। प्रथम ढाबा से मुनिश्री की मंगल अगवानी प्रारंभ हुई। इसके पश्चात मंगल विहार के साथ श्रद्धालु जयघोष करते हुए पटेल नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने बताया कि मंदिर में विराजमान होकर मुनिश्री ने गुरु भक्ति एवं आचार्य भक्ति का पावन संदेश प्रदान किया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, संयम एवं आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ विजय पहाड़िया, श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष अरविंद जैन, श्री नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष विमल जैन, श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष अर्पित जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा जैन, दिलीप पहाड़िया, अशोक जैन, नरेंद्र जैन,सौरभ जैन, अंकित जैन, रोहित जैन, अंशुल जैन,सत्येंद्र जैन, सहित अब्दुल्लागंज जैन समाज से राजीव जैन, एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# कार्यक्रमों का किया आयोजन

**बीनागंज।** विप्र सेनासंगठन के 6 वर्ष पूर्ण होने पर चाचौड़ा बीनागंज विप्र सेवा संगठन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम शाक्यवार समाज श्री राम मंदिर पर विप्र से ना के जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा द्वारा ब्राह्मणों का माला एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया इस अवसर पर जगदीश शर्मा द्वारा बताया गया कि आज संगठन को 6 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं इस उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें सभी विप्रो का सम्मान एवं गाय माता का सम्मान कर फल एवं हरे घास खिलाकर गौ माता की सेवा की गई विप्र सेवा संगठन के गोपाल पडा द्वारा कहां गया कि अब एक एकता सूत्र में बांधने का का समय आ गया है ब्राह्मण विरोधी तत्व सक्रिय हो गया है जिससे हमें लड़ना होगा अगर हम एक सूत्र में नहीं बनेंगे तो बिखर जाएंगे इसलिए मैं सभी ब्राह्मण भाइयों से कहना चाहता हूं की एक जुट में रहे स्वागत उपरांत सभी ब्राह्मण बंधु गौशाला पहुंचकर गौ माता को चारा खिलाया एवं माला पहनकर उनका सम्मान किया उपस्थित जनों में विष्णु प्रसाद शर्मा ओमप्रकाश शर्मा नगर परिषद उपाध्यक्ष रश्मि श्री कृष्णा शर्मा सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मुरारी शर्मा अमित शर्मा रोहित शर्मा सेवानिवृत्ति डिप्टी रेंजर मुरारी शर्मा पत्रकार अंकित शर्मा आदि वरिष्ठ कनिष्ठ ब्राह्मण समाज आयोजन में उपस्थित रहा

# लायंस क्लब को मिला नया नेतृत्व, डॉ. इंसाफ अहमद अंसारी ने अध्यक्ष पद की ली शपथ

## नई टीम ने सेवा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देने का लिया संकल्प

**पचोर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल पचौर का संस्थापन समारोह हमजा आयोजित हुआ। जिसमे वर्ष 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. इंसाफ अहमद अंसारी एवं उनकी टीम ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर सेवा कार्यों को नई गति देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन, ध्वज वंदना, मौन, अतिथि परिचय एवं स्वागत के साथ हुआ।

निवर्तमान सचिव गजेंद्र मंडलोई ने गत वर्ष की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र भदौरिया ने अपने कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने डॉ. इंसाफ अहमद अंसारी को क्लब की अध्यक्षीय पिन पहनाकर नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन महेश मालवीय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा लायंस क्लब के सेवा कार्यों और दायित्वों की जानकारी दी।

नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष डॉ. इंसाफ अहमद अंसारी, प्रथम उपाध्यक्ष मनीष , द्वितीय उपाध्यक्ष संजय सोनी, तृतीय उपाध्यक्ष प्रकाश जायसवाल, सचिव डॉ. राकेश कुमार वर्मा, सह सचिव इरशाद अहमद, कोषाध्यक्ष स्वप्निल गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष राकेश माथूरिया,

, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर दिलीप




सोनी, मेंबरशिप कमेटी के संयोजक जेपी उदावत एवं मुकेश शर्मा, एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर निलेश गुप्ता एवं सुरज प्रकाश गुप्ता, सर्विस चेयरपर्सन हर्षित गुप्ता, सीए कपिल गुप्ता, सीए राजेंद्र भंडारी एवं डॉ. कमल राठौर, क्लब मार्केटिंग चेयरपर्सन प्रो. राजेंद्र गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता (एपीसी) एवं दीपक जुलानिया, मीडिया प्रभारी शैलेंद्र शर्मा एवं सुरेश विरमाल, पीआरओ ललित सोनी एवं दीपक महेश्वरी, टेल ट्विस्टर आदर्श मंगल तथा टेमर तरुण गर्ग को दायित्व सौंपे गए।

क्लब की विभिन्न सेवा समितियों का भी गठन किया गया। संचालक समिति में आठ वरिष्ठ सदस्यों को शामिल किया गया, जबकि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति में 14 चिकित्सकों, पर्यावरण एवं हंगर समिति में 10 सदस्यों, रक्तदान एवं मेंटल हेल्थ प्रकोष्ठ तथा सांस्कृतिक एवं शिक्षा समिति के सदस्यों ने शपथ ली

समारोह में क्लब के नए सदस्य दीपक माहेश्वरी, डॉ. संजय नागर, डॉ. हेमंत पाटीदार, विवेक शर्मा, रोहित शर्मा, प्रीतेश विजयवर्गीय, अंकित विजयवर्गीय, मयंक सोनी, मनोज अहिरवार, योगेश कुंभकार, मुफीद खान, सोहेल मंसूरी, भगवान सिंह राजपूत, आशिक पटेल, डॉ. पवन आशेरी, गीतेश गोयल एवं डॉ. राजेश कुशवाहा को रीजन चेयरपर्सन सुषमा गोयल ने सदस्यता की शपथ दिलाई।

सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों तक ले जाना लक्ष्य ÷डॉ. अंसारी

अपने प्रथम अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. इंसाफ अहमद अंसारी ने कहा कि लायंस क्लब सेवा का पर्याय है। आगामी वर्ष में मधुमेह जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, भूखे लोगों को भोजन, मानसिक स्वास्थ्य, रक्तदान और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरी टीम समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य करेगी। मुख्य अतिथि सांसद रोडमल नागर ने कहा कि लायंस क्लब का सेवा संकल्प अनुकरणीय है। नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया ने क्लब की सामाजिक गतिविधियों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित ने सेवा को जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य बताया। मुख्य वक्ता पीएमजेएफ लायन मनीष शाह ने लायनवाद, सेवा भावना और समाज के प्रति उत्तरदायित्व पर प्रेरक उद्बोधन दिया।